सोमवार, 14 अक्टूबर 2024

वर्ष 34, अंक 255, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके 14

परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा 13


## मां से मिले योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को देहरादून में जौलीग्रांट के हिमालयन हॉस्पिटल पहुंचे। वहां भर्ती अपनी मां सावित्री देवी (80) से वह मिले और उनका हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों और परिजनों से अपनी मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से सावित्री देवी को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती किया गया है। योगी अपनी मां के साथ करीब 30 मिनट तक रहे।

# पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग

## सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- सलमान की मदद करने वाले हिसाब लगा ले

- हत्याकांड में शामिल 4 लोगों में दो बहराइच के रहने वाले
- छह साल पहले गए मुंबई, पंजाब जेल में की मुलाकात

एजेंसी/राज्य ब्यूरो, मुंबई/लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गैंग ने कहा है कि जो सलमान खान की मदद करेगा अपना हिसाब लगाकर रख लेना।

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) को मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात को गोली मार दी थी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि उस सोशल मीडिया पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े बहराइच के रहने वाले शिवा गौतम और धर्मराज कश्यप की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। इन दोनों के अलावा हरियाणा का गुरमेल भी पकड़ा गया है जबकि चौथा शूटर पंजाब के जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैसरगंज कोतवाली की टीम दोनों के परिजन से पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग सिर्फ इतना बता रहे हैं दोनों पुणे में कबाड़ का काम करने गए थे।

### बॉलीवुड के सितारों से थे करीबी संबंध

सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित बॉलीवुड के कई सितारों के करीबी के रूप में भी जाना जाता था। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।



मुंबई में पोस्टमार्टम के बाहर उपस्थित एनसीपी के नेता व परिवार के सदस्य।



"बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के दो शूटरों के नाम सामने आए। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। यूपी पुलिस से जो जानकारी मुंबई पुलिस मांगेगी, उपलब्ध कराई जाएगी। -**अमिताभ यश**, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

# मूर्ति विसर्जन यात्रा पर पथराव व फायरिंग, युवक की मौत

## मौत के बाद वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, क्षेत्र में तनाव

- बहराइच के महाराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर हुआ विवाद
- थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी निलंबित, 25 गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच में महसी तहसील के महाराजगंज में रविवार शाम मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान दूसरे समुदाय ने पथराव किया। इस दौरान हुई फायरिंग में गोली लगने से यात्रा में शामिल एक युवक की मौत हो गयी। इस मामले में 25 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी को निलंबित कर दिया गया। डीजीपी ने बहराइच की एसपी से रिपोर्ट तलब की है।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए रविवार शाम यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज बाजार स्थित धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकली तो दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। जुलूस में भगदड़ मच गई। अभी लोग संभल पाते कि अराजकतत्वों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा (22) की मौत हो गई। भड़के लोगों ने उसका शव मेडिकल कॉलेज के सामने रखकर प्रदर्शन किया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। एडीजी गोरखपुर एसकेएस प्रताप, देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। देर रात तक इस मामले में 25 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान की कोशिश की जा रही है। बहराइच की एसपी वृंदा शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहीं।



बहराइच में विवाद के बाद हुई आगजनी और क्षतिग्रस्त वाहन।

### शव रखकर प्रदर्शन

रामगोपाल का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला अस्पताल सामने रखकर लोगों ने दो घंटे तक प्रदर्शन किया। मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। महाराजगंज बाजार में फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया।

### महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय से प्रतिमा विसर्जन कराएं। जिसकी लापरवाही से घटना हुई उनको चिह्नित करें उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

"मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। -**एसकेएस प्रताप**, एडीजी जोन गोरखपुर

# उप चुनाव : 9 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

- एक सीट पर लड़ेगी रालोद, संजय निषाद को मनाएंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने रविवार को सभी प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगा दी। भाजपा 9 सीटों पर लड़ेगी। एक सीट रालोद को दी गई है। निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री को दी गई है। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा 20 अक्टूबर तक की जाएगी। नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर रविवार देर शाम हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि इसमें सिर्फ मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट की रालोद के खाते में गई, जहां वह अपने चुनाव निशान पर प्रत्याशी घोषित करेगें, लेकिन प्रत्याशी चयन में भाजपा की सर्वानुमति भी ली जाएगी। यह भी तय हुआ कि पिछली बार 2022 में जिन दो सीटों पर निषाद पार्टी के कोटे से प्रत्याशी उतारे गए थे, वहां इसबार भाजपा प्रत्याशी का ही प्रत्याशी लड़ेगा। इन प्रत्याशियों के नाम भी तय किए गए।

# नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

- मुख्यमंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं, कहा- कमजोरों को उजाड़ने वाले न बख्शे जाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्तता के बाद रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर मंदिर परिसर में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।

योगी ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए। भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इलाज के लिए आए लोगों को आश्वस्त किया कि मदद करेगी।



गोरखपुर में फरियादियों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक बने शाह

**नई दिल्ली।** भाजपा ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## किसानों ने सड़कें जाम कीं रेल पटरियों पर धरना दिया

**लुधियाना/अमृतसर।** पंजाब के किसानों ने चालू खरीफ विपणन सत्र में धान की कथित धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जहां दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी सड़क नाकेबंदी का आह्वान किया।

## जम्मु कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटा

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद रविवार को वहां पर लागू राष्टपति शासन हटाने की घोषणा की। इस निर्णय के साथ राज्य में नयी सरकार के गठन का मार्ग खुल गया है। जम्मू कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए हाल में सम्पन्न चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। नेशनल कांफ्रेंस 42 सीटों पर और कांग्रेस पार्टी 6 सीटों पर विजय हुयी है।


नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SMS LUCKNOW
School of Management Sciences Lucknow
ACCREDITED WITH GRADE A+ NAAC
AS PER NAAC ASSESSMENT & ACCREDITATION:
1. The only Institute with NAAC A+ Grade amongst 556 Colleges affiliated to the University of Lucknow.
2. Ranked 2nd amongst NAAC Accredited Engineering and Management 753 Institutions affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Technical University Lucknow.
3. Amongst Top 10 NAAC Accredited Colleges and Universities in Uttar Pradesh.
www.smslucknow.ac.in Admission Helpline : 9208000092
AKTU Code : 423 BTE Code: 2269





Programs Offered
B.Tech. CSE, CSE(IoT), CSE-AI(ML) AI(DS), ME, CE, EE
Diploma ME, CE, EE, CSE
MBA BBA BCA
B.Com. B.Com.(H) B.Voc.(SD)
Academic Tie-ups CISCO NETWORKING ACADEMY Microsoft
600+ MULTIPLE JOB OFFERS
₹16 LPA HIGHEST PACKAGE
1500 COMPANIES VISITED
₹4.5 LPA AVERAGE PACKAGE
Our Major Recruiters
HCL Berger HDB Financial Services Infosys Godrej tcs Hexaware ITC Limited wipro PEPSICO zomato Bandhan Bank Piramal ICICI Bank Tech Mahindra Panasonic
City Office : 2nd Floor, Sky-Hi-Chambers, 5-Park Road, Hazratganj, Lucknow Ph : 0522-4341777
Campus : Sultanpur Road, Lucknow-226501 Ph : 9792633331, 09506033170
www.facebook.com/smstc https://www.youtube.com/user/smsgilko https://twitter.com/smstc https://in.linkedin.com/in/smslucknow

Career Institute of Medical- Dental Sciences & Hospital Lucknow
Recognized by : National Medical Commission and Ministry of Health & Family Welfare Govt. of India- New Delhi
Affiliated to : Atal Bihari Vajpayee Medical University Uttar Pradesh





COURSE OFFERED



MBBS
MD/MS
BDS
MDS
Nursing & Paramedical
I.I.M. ROAD, GHAILA, LUCKNOW
Ph. No.: 0522-6672600 & 0522-6672617,
TOLL FREE No. 1800 3099 804, Web: www.careermedical.in

## एक नजर

### अगले दो दिन मौसम साफ रहने के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अगले दो दिन मौसम साफ रहने वाला है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। शनिवार को बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, नजीबाबाद जैसे इलाकों में रात का तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया।

### बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक : प्रमोद तिवारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक है। मुंबई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पर कहा कि भाजपा के शासनकाल में विधायक तक सुरक्षित नहीं रह गए हैं। खस्ताहाल हो रही अर्थव्यवस्था पर उन्होंने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन से औद्योगिक उत्पादन में गिरावट हो रही है। कहा कि भाजपा स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है। यह बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस शालीनता के साथ भाजपा को सड़कों पर बेनकाब करेगी।

### बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेगा कंबोडियाई दल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कंबोडिया से बौद्ध भिक्षु, टूर ट्रैवल ऑपरेटर्स, मीडिया कर्मियों और ब्लॉगर्स-इन्फ्लुएंसर्स का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से 19 अक्टूबर तक राज्य के बौद्ध स्थलों का दौरा करेगा। दल ने रविवार को आगरा में भ्रमण में किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में 12 टूरिस्ट सर्किट बनाए गए हैं, जिनमें बौद्ध सर्किट में छह तीर्थ स्थल शामिल हैं। कहा कि यात्रा से उप्र. और कंबोडिया के बीच सांस्कृतिक संबंध प्रगाढ होंगे।

### झूठी पोस्ट वायरल कर किया जा रहा बदनाम : उदित राज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद उदित राज ने कहा कि उनके खिलाफ झूठी पोस्ट वायरल कर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर विवादित पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी झूठी पोस्ट वायरल की जा रही है। इसकी शिकायत पुलिस को की जा रही है। इसमें कोई सत्यता नहीं है और उनके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का कुकृत्य प्रयास है।

# कबाड़ में रोजगार तलाश रहे दो युवक बन गए शूटर

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

## सुर्खियों में आया बहराइच का गंडारा गांव, परिजन से पुलिस टीम कर रही पूछताछ

संवाददाता, लखनऊ/ बहराइच

**अमृत विचार:** मुंबई में पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के दो युवकों का नाम सामने आया। मुख्यालय से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित यह गांव पूरे देश की सुर्खियों में आ गया। मुंबई पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका कनेक्शन लारेंस विश्नोई गिरोह से बताया जा रहा है। रविवार सुबह से बहराइच पुलिस और एसटीएफ की टीम पूछताछ और ब्योरा जुटाने में लगी हुई है।

मुंबई में एनसीपी नेता और बॉलीवुड के बेहद करीबी बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के धर्मराज और शिवा गौतम को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी होते ही बहराइच पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कैसरगंज कोतवाली की पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर पूछताछ की है। माता पिता से उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह समेत अन्य ने जानकारी हासिल की। लेकिन यहां से ज्यादा कुछ लोगों को पता नहीं चल सका है। परिजन के मुताबिक दोनों पुणे में कबाड़ बीनने और उसे बेचने के नाम पर यहां से गए थे। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिवा के पिता बाल किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



बहराइच में कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव में आरोपी धर्मराज के घर के सामने जुटी भीड़। अमृत विचार

▶▶ **लारेंस विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की बात सामने आई**

### शिवा और धर्मराज का नहीं है आपराधिक इतिहास

कैसरगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार धर्मराज और शिवा कुमार के विरुद्ध कोई अपराधिक इतिहास नहीं है न ही उन दोनों के विरुद्ध कोई केस थाने में दर्ज है। दोनों सामान्य परिवार के युवा हैं। धर्मराज पांच भाइयों में सबसे छोटा है। जबकि शिवा सबसे बड़ा भाई है। दोनों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है।

### दो माह पहले गया था धर्मराज

आरोपी धर्मराज की मां ने बताया कि बेटा दो माह पहले ही कबाड़ का काम करने गया था। लेकिन उसे यह नहीं पता कि उसका बेटा वहां कौन काम कर रहा है। सुबह पुलिस के आने पर जानकारी हुई। बेटा ज्यादा फोन नहीं करता था।



कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव निवासी शिवा गौतम का परिवार। अमृत विचार

### शिवा पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

मुंबई के बाबा सिद्दीकी के हत्यारोपी शिवा गौतम छह भाई बहनों में सबसे दूसरे नंबर पर था। उससे बड़ी उसकी बहन पूजा है, जिसका विवाह हो चुका है। इसके बाद सभी भाई बहनों से शिवा बड़ा है और पिता बाल किशुन उर्फ ननकुन्ने के बाद परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसकी थी। बालकिशुन मजदूरी करते हैं। पूजा और शिवा के बाद उसके घर में पार्वती, सत्यम , सुंदरम व दुर्गा हैं।

### मजदूरी से मिलती है दो वक्त की रोटी

पूर्व मंत्री के हत्या में दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप भी आर्थिक रुप से काफी कमजोर है। पिता राधेश्याम मछली बेंचकर परिवार चलाते थे, लेकिन आंखों से कम दिखने के चलते वह भी बंद है। धर्मराज के बड़े भाई शिवाजीन, सुखराम व गोली की शादी हो चुकी है और तीनों मां बाप से अलग रहते हैं। वहीं अनुराग व धर्मराज की अभी शादी नहीं हुई है और दोनो मां बाप के साथ रहते हैं। परिवार मुख्य रुप से मजदूरी करता है।

# 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर लगेगा ब्रेक

## बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर लागू होगी ओटीपी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए चल रहे टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर 'ब्रेक' लग सकेगा। इस नंबर पर ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

इस सेवा पर दर्ज हो रही शिकायतों के निस्तारण पर सवाल उठते रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग ने शिकायत दर्ज कराई थी, साथ ही, इस सेवा में ओटीपी की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। उपभोक्ता परिषद का कहना था है कि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी किए जाएं। साथ ही शिकायत दूर होने के बाद ओटीपी का नंबर बताने पर शिकायत की निस्तारण प्रक्रिया बंद की जाए।

**03** माह में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश

### शिकायत निस्तारण न होने पर मुआवजा मिलना होगा आसान

आयोग के निर्देश के तहत अब बिजली बिल के पीछे उपभोक्ताओं को मुआवजा का दावा करने संबंधी जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, बिजली दुर्घटनाओं पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने का समय व प्राप्त धनराशि की जानकारी को वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य कर दिया है। इससे शिकायत निस्तारण न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना आसान हो सकेगा।

### दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 33 हजार करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसके एवज में दरों में कमी नहीं की गई है। उपभोक्ता परिषद की ओर से नियामक आयोग में जल्द याचिका दाखिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1912 पर ओटीपी व्यवस्था लागू होने पर उपभोक्ताओं को राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व्यवस्था न होने से न तो उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण सही ढंग से हो रहा था जबकि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा देने का प्रावधान पहले से है। उन्होंने कहा कि आयोग ने सिंगल पॉइंट कनेक्शन लेकर बिल्डरों के स्तर से अब उपभोक्ताओं के उत्पीडन पर भी रोक लगेगी। आयोग के निर्देश के तहत उन्हें उपभोक्ताओं को दिए जाने वाला बिजली बिल सार्वजनिक करना होगा। सार्वजनिक न करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा।

## जमीन खरीदने पर अशोक लीलैंड को मिलेगी सब्सिडी

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य सरकार हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड कंपनी को फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के तहत 75 प्रतिशत सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी जमीन खरीदने के बदले मिलेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिमंडल की मुहर लगना संभव है। यह धनराशि लगभग 106 करोड़ के लगभग होगी। दरअसल, यह कंपनी लखनऊ में स्कूटर इंडिया की जमीन पर इलेक्ट्रिक बसों की चेसिस, असेंबल, बस बाडी निर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रही है।

उज्जवला योजना के 1.85 लाभार्थियों के लिए आदेश जारी

# दीपावली बाद होली में भी मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली के बाद होली में भी एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह शासनादेश जारी हो गया है। इसी के साथ वितरण कंपनियां आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुट गई हैं।

इस संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय का सीधा लाभ प्रदेश के 1.85 करोड़ उज्जवला लाभार्थियों को होगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना पूरे देश में चलाई जा रही है। पिछले साल साल दो सिलेंडर निशुल्क उज्जवला लाभार्थियों को दिए गए थे। इस वर्ष लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई है। पिछले साल करीब 85 लाख महिला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला था। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है, शेष छूट राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। योजना के तहत लाभार्थी को पहले एलपीजी सिलेंडर लेना होगा, इसके पांच दिन बाद उनके आधार प्रमाणित बैंक खाते में सब्सिडी की राशि भेजी जाएगी।

# महाकुंभ में लगेगा नेत्र कुंभ, खर्च होंगे 9.15 करोड़

## आंख के मरीजों को मिलेगा मुफ्त सुविधा, मोतियाबिंद की सर्जरी, जांच-इलाज के साथ चश्मों का निशुल्क वितरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आंख की बीमारी से पीड़ित श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। प्रयागराज महाकुंभ में राज्य सरकार 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके 'नेत्र कुंभ' शिविर लगाएगी। इसमें मोतियाबिंद की सर्जरी के साथ-साथ सामान्य जांच और उपचार के साथ चश्मों का वितरण भी मुफ्त किया जाएगा।

### सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डिजिटल डाटा

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। मेला में पर्याप्त संख्या में नेत्र विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाएगा और आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं को आंख से जुड़ी से परेशानियों के इलाज को लेकर 'नेत्र कुंभ' का शिविर लगाकर सरकार और मेला प्रशासन इलाज की विशेष व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए 9.15 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है।

इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं, नेत्र जांच के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# मदरसों को राज्य से मिलने वाला फंड बंद किया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **बाल आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिख कर की सिफारिश**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने मदरसों को राज्य सरकारों द्वारा मिलने वाले फंड को बंद करने की सिफारिश की है। इस संबध में उन्होंने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भी लिखा है।

सभी राज्यों सहित केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को संबोधित पत्र में एनसीपीसीआर की रिपोर्ट 'आस्था के संरक्षक या अधिकारों के उत्पीड़क : बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे' का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया है कि बच्चों के मौलिक अधिकार और अल्पसंख्यक समुदाय के हक के बीच एक विरोधाभास दिख रहा है। मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

प्रियांक कानूनगो ने प्रस्ताव रखा है कि राज्य सरकारों द्वारा मदरसों को दिए जाने वाले आर्थिक मदद पर रोक लगाई जाए। इसी के साथ राज्य में चल रहे मदरसा बोर्डों को भी बंद किया जाए। प्रियांक कानूनगो ने उम्मीद जताई है कि उनकी सिफारिशें देश को और बेहतर बनाने की दिशा में कारगर साबित होंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित करने को कहा है। वे जल्द ही एनसीपीसीआर की रिपोर्ट सार्वजनिक कर सकते हैं।

### गैर मुस्लिम छात्रों को सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने पर भी दिया जोर

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरमैन ने गैर मुस्लिम छात्रों को मदरसों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। उनके मुताबिक ऐसा रोडमैप बनाया जाए जो देश के सभी बच्चों के भविष्य के लिए अनुकूल माहौल बनाए।

## लखनऊ के दंपति की वाराणसी में जल पुलिस ने बचाई जान

**अमृत विचार , लखनऊः** जल पुलिस ने वाराणसी में तुलसी घाट के सामने रविवार सुबह गंगा में स्नान करते समय डूब रहे लखनऊ के मोहनलालगंज निवासी मोहित तिवारी (47) और उनकी पत्नी नेहा तिवारी (44) को बचा लिया।

बताया जा रहा है कि लखनऊ से काशी भ्रमण पर आए मोहित तिवारी और नेहा रविवार की सुबह तुलसी घाट पर गंगा में स्नान कर रहे थे। दंपति पानी की गहराई का जायजा नहीं लगा सके। नतीजतन, वह गहरे पानी मे चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख ड्यूटी पर मौजूद जल पुलिस के जवान रामजी साहनी, मनोज साहू, मनीष कुमार, रामधारी सिंह गंगा में कूद गए और दंपति को तेज धारा से बाहर निकाला। पुलिस कर्मियों को धन्यवाद देते हुए दंपति वापस लौट गया।

# नीट यूजी : तीसरी कांउसिलिंग में दो हजार 223 अभ्थर्थी बाहर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ **धरोहर राशि न जमा करने से 1975 को, 248 के दस्तावेजों में गड़बड़ी से किया बाहर**

**अमृत विचार :** नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने वाले 28 हजार 844 अभ्यर्थियों में 248 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों में गड़बड़ी मिली है, साथ ही 1975 अभ्यर्थियों ने धरोहर राशि ही नहीं जमा की, जिसके बाद इन सभी को दो हजार 223 अभ्थर्थियों को काउंसिलिंग से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। उक्त सूचियां चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

राज्य के मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की रिक्त 890 सीटों के लिए होने वाली तीसरी काउंसिलिंग में अथ्यर्थियों से कॉलेज की प्राथमिकताएं मांगी गयी हैं, 15 अक्टूबर तक प्राथमिकताएं देने के बाद 18 अक्टूबर को सीट आवंटन के परिणाम किए जाएंगे। इसके लिए 23 अक्टूबर तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

### आयुष यूजी काउंसिलिंग में 628 अभ्यर्थियों की अपग्रेड सूची जारी

**अमृत विचार ,लखनऊ :** आयुष यूजी की पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटन अपग्रेड सूची में शामिल 628 अभ्यर्थियों के दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी। निर्धारित समय में नए आवंटित कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया न पूरी करने पर सीट स्वत: निरस्त हो जाएगी। आयुष काउंसिलिंग की जानकारी देते हुए होम्योपैथी निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पहली सूची में 6583 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी थी, दाखिले भी हो चुके हैं। बावजूद, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी सरकारी कॉलेजों की सीटे रिक्त रह गयी हैं, उक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अपग्रेड सूची जारी कर दी गयी है।

## मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी ढेर, एसओ और सिपाही घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार तड़के बुलंदशहर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने डेढ़ लाख के इनामी राजेश जाटव को ढेर कर दिया। इस दौरान फायरिंग में एसओ अहार और सिपाही घायल हो गए। वहीं सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बाल-बाल बचे।

मुठभेड़ में ढेर बदमाश राजेश अहार थानाक्षेत्र का सोरिया उर्फ सिहाली नगर का रहने वाला था। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने एक लाख व अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार सुबह मामन चुंगी चौराहे पर रोकने पर बाइक सवार दो व्यक्ति फायरिंग करते हुए भागे। एसओ अहार यंग बहादुर और हेड कांस्टेबल आरिफ गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, सीओ और स्वाट प्रभारी को गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रुफ जैकेट के कारण दोनों बच गए। राजेश घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसका साथी भाग निकला।

## सार-संक्षेप

### कुश्ती लड़ने को सपा उपलब्ध कराएगी मैट : अखिलेश यादव

**अमृत विचार ,लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि ओलंपिक और एशियाड की कुश्ती की तर्ज पर यहां भी मैट पर कुश्ती की जरूरत है। इसके लिए सपा मैट उपलब्ध कराएगी। सपा प्रमुख रविवार को सदर बाजार कैंट स्थित हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज के खेल मैदान में 139वें अखिल भारतीय मस्ता पहलवान (गुरूजी) लखनऊ केसरी बउवा पहलवान, स्मारक विराट इनामी दंगल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पहलवान के शरीर पर जो पसीना आता है वह जब मिट्टी से मिलता है तो कुश्ती होती है। हल्दी, चंदन, कडवा तेल आदि सामग्री से बनी मिट्टी में जब पहलवान लड़ते थे तो उनका शरीर अच्छा होता था। इस मौके पर अखिलेश यादव ने गाजियाबाद के पहलवान शक्ति यादव और हरियाणा के सुमित को बराबर पर छूटी कुश्ती के लिए 51 हजार रूपये की धनराशि दी गई। 41 हजार की कुश्ती आशीष यादव सदर (अखाड़ा) और गोलू (इटावा) के बीच हुई। कई अन्य पहलवानों को भी ईनाम बांटे।

### जोड़ स्वस्थ्य रखने को नियमित योग जरूरी : डॉ.संदीप कपूर

**अमृत विचार,लखनऊ :** कोई भी एक्सरसाइज एकदम से ज्यादा करने से जोड़ों को नुकसान होता है। एशुरुआत में क्सरसाइज ट्रेनर की मदद से करनी चाहिए। यह बात शनिवार को विश्व आर्थराइटिस दिवस (12 अक्टूबर) के अवसर पर आयोजित साइकिलथॉन एवं जागरूकता कार्यक्रम में डॉ .संदीप कपूर ने कही। हेल्थसिटी विस्तार और अर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न जागरूकता कार्यक्रम में डॉ .संदीप गर्ग ने बताया कि जहां तक अर्थराइटिस की बात है तो इसके लिए मसल्स को मजबूत करने वाली अलग प्रकार की एक्सरसाइजेस होती हैं, जिन्हें कर के आप अपने हाथ–पैर सहित सभी जोड़ों को दुरुस्त रख सकते हैं। हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल से शुरू होने वाली साइकिलथॉन को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही इस मौके पर विंटेज कार रैली, जुम्बा एवं योग कार्यक्रम संपन्न हुए।

### विभिन्न बीमारियों के इलाज को मंच मिलेगा : प्रो.सोनिया

**अमृत विचार,लखनऊ :** साउथ एशियाई अंतरराष्ट्रीय जर्नल से निश्चित रूप से चिकित्सक, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने और दक्षिण एशिया में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों की देखभाल में सुधार के लिए मंच मिलेगा। यह बात केजीएमयू की कुलपति प्रो . सोनिया नित्यानंद ने साउथ एशियाई जर्नल ऑफ जेरिएट्रिक मेडिसिन, सर्जरी, पैलिएटिव केयर और होस्पिस का अनावरण करते हुए कही। राजधानी के आस्था सेंटर फॉर जेरियाट्रिक मेडिसिन, पैलिएटिव केयर हास्पिटल में संपन्न द साउथ एशियन जर्नल ऑफ जेरिएट्रिक मेडिसिन, सर्जरी, पैलिएटिव केयर एंड हॉस्पिस अनावरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ .अभिषेक शुक्ल ने बताया कि बुजुर्ग के पैलिएटिव केयर पर ध्यान केंद्रित करने और मरीजों की संतुष्टि प्रदान करने की दिशा में अनुसंधान और शिक्षा की आवश्यकता है। जिसके लिए वर्ल्ड होस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डे के अवसर पर शनिवार को इस जर्नल की शुरूआत की गयी है। कार्यक्रम में एम्स भोपाल के पूर्व संस्थापक निदेशक एवं जर्नल के प्रधान संपादक डॉ . संदीप कुमार, प्रो .राजेंद्र प्रसाद ,डॉ . आर .के . शर्मा,डॉ . वी .के .पुरी मौजूद रहे।

### बाढ़ प्रभावित 312866 किसानों को मिले 163.15 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक 312866 किसानों को 163 .151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ से 371370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163 .151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 110105 किसानों को 70 .88 करोड़ का भुगतान हुआ है। इसी तरह ललितपुर के प्रभावित 81,839 किसानों में से 54462 किसानों को 21 .9 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष 29,261 किसानों को 15 .41 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है। प्रभारी राहत आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर बाढ़ ग्रस्त इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराया गया तो पता लगा कि नेपाल और पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े नदियों में पानी से कुल 34 जिलों की 110989 .26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी। इसमें लखीमपुर खीरी, ललितपुर, अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, वाराणसी शामिल हैं।

सुधार | सेवा की बेहतरी के लिए बदली जाएंगी पुरानी और खटारा एंबुलेंस

# 108 सेवा के लिए खरीदी जाएंगी 1205 नई एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने वाली '108' सेवा में चलने वाली पुरानी और खटारा हो चुकीं एंबुलेंस बदली जाएंगी। प्रथम चरण में 1205 वाहन खरीदे जाएंगे। इनमें 1087 बेसिक लाइफ सपोर्ट वाले और 118 एडवांस लाइफ सपोर्ट वाले होंगे। नए वाहनों के आने से गोल्डेन ऑवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सहजता रहेगी।

स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव अर्चना वर्मा द्वारा नई एंबुलेंस वाहन खरीदने के लिए दो अरब 31 करोड़ 66 लाख 72 हजार रुपये स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी किए गए हैं। मालूम हो कि मार्ग दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है। इसके लिए निजी संस्था को एंबुलेंस संचालन का जिम्मा दिया गया है।

सेवा प्रदाता संस्था जीवीके ईएमआरआई के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि किसी भी फोन से 108 डायल करने पर अधिकतम 15 मिनट में निर्धारित स्थल तक पहुंचती है और एंबुलेंस में उपलब्ध प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा न केवल प्राथमिक उपचार बल्कि नजरीकी सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया जाता है। उक्त सेवा से रोजाना सैकड़ों मरीजों को समय से इलाज उपलब्ध हो रहा है।

**2.32** अरब रुपये किए गए स्वीकृत

▶▶ **1087 एंबुलेंस में बेसिक और 118 में होगा एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम**

**15** मिनट है वर्तमान में एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम



> कोई भी एंबुलेंस वाहन 10 साल तक या 2 .5 लाख किमी चल सकता हैं। राज्य में 2200 एंबुलेंस( बेसिक लाइफ सपोर्ट) वाहन '108 एंबुलेंस' चल रहें हैं। इसके अलावा गंभीर मरीजों के लिए 250 एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस संचालित हो रही हैं। इनमें तमाम एंबुलेंस अपनी स्वस्थ्ता आयु पूरी करने के बाद खराब हालत में संचालित हो रही हैं। जिससे रोजाना मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नई एंबुलेंस आने से समस्या का समाधान होगा।
>
> –डॉ .ब्रजेश राठौर, स्वास्थ्य महानिदेशक उप्र .

# चकबंदी मामलों के तेजी से निस्तारण को मुख्यमंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **जिलाधिकारियों को हर महीने समीक्षा करने का आदेश, फार्मेट भेजकर मांगा ब्योरा, होगी वीसी**

**अमृत विचार :** चकबंदी मामलों के निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाया है। अब सभी जिलाधिकारियों को हर महीने लंबित चकबंदी मामलों की समीक्षा करना अनिवार्य होगा। उहें मामलों के निस्तारण की प्रगति और किसी कोर्ट से स्थगन है तो उसकी पैरवी करके खारिज कराने की रिपोर्ट भी चकबंदी आयुक्त को भेजनी होगी।

चकबंदी का मामलों की बढ़ती संख्या और पुराने मामलों के निस्तारण की प्रगति खराब होने पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई थी। इसी के आधार पर चकबंदी आयुक्त ने मामलों की गहन समीक्षा की है। उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारी अपनी देखरेख में चकबंदी मामलों की समीक्षा करें। इसके लिए उन्होंने एक फार्मेट तैयार किया है, जिसमें विवादित मामलों की सुनवाई का पूरा ब्योरा भरना होगा। साथ ही, जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक महीने इसकी समीक्षा करेंगे। चकबंदी आयुक्त सभी मामलों की 22, 23 और 24 अक्तूबर को प्रदेश के सभी जिलों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग करेंगे। इसमें प्रतिदिन 25-25 जिलों की समीक्षा की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि विशेष निगरानी के लिए एडीएम स्तर के अधिकारी को लगाया जाए। लंबित मामलों में गहनता से समीक्षा कर कोर्ट में प्रभावी पैरवी कराई जाए।

# हिरासत में मौत, सड़क जाम, घंटों हंगामा, पुलिस ने फटकारीं लाठियां

## दरोगा समेत चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जुआ खेले जाने की सूचना पर शुक्रवार देर रात विकास नगर पहुंची पुलिस एक युवक को उठा ले गई। कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजन ने शनिवार शाम करीब 4 बजे खुर्रम नगर चौराहे के पास सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन की तहरीर के आधार पर सिपाही शैलेंद्र सिंह व दरोगा समेत चार पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। तब परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए।

घटना विकास नगर के सेक्टर-8 में शुक्रवार देर रात हुई। जुआ खेले जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस पार्क के पास मौजूद अमन गौतम (24) व उनके दोस्त सोनू को उठा ले गई। कुछ देर बाद अमन की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस पर पीटकर मारने का आरोप लगाया। तहरीर भी दी गई। शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, परिजन व सैकड़ों क्षेत्रीय लोग शनिवार शाम करीब 4 बजे खुर्रम नगर चौराहे के पास जुटे और सड़क जाम कर दी। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे।

परिजन के मुताबिक, अमन कभी भी जुआ नहीं खेलता था। जो लोग जुआ खेलते थे, उनको पुलिस नहीं पकड़ पाई। अमन घर के बाहर अपने दोस्त के साथ खड़ा था तो पुलिस उसको उठा ले गई थी। पीटकर मार दिया। देर रात तक प्रदर्शन चलता रहा। इस बीच पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ा भी, लेकिन परिजन किसी भी हालत में शव लेने को राजी नहीं थे। अमन के परिजन की शिकायत के आधार पर सिपाही, दरोगा समेत चार पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। तब परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए।


खुर्रम नगर चौराहे के पास सड़क जाम कर हंगामा कर रहे लोगों को रोकती पुलिस। अमृत विचार

### सीसीटीवी फुटेज में पुलिसकर्मी के साथ दिखा अमन

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज रविवार को सामने आया जिसमें एक पुलिसकर्मी अमन को पकड़कर ले जा रहा है। तीन अन्य साथ में है। यह फुटेज शुक्रवार रात सवा दस बजे का है।

**▶▶ विकासनगर में जुएबाजी की सूचना पर पहुंची पुलिस पर युवक को हिरासत में लेकर पीटने का आरोप**

### पोस्टमार्टम में कार्डियोजेनिक शॉक से मौत होने की पुष्टि

पुलिस ने मामले में अमन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी है। दावा किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई भी जाहिरा चोट नहीं आई है। कार्डियोजेनिक शॉक से मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई की वजह से अमन बेहोश हुआ और उसकी मौत हो गई।

## मृतक के परिजन से मिले सपा सांसद आरके चौधरी व आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर, कार्रवाई-मुआवजे की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस हिरासत में मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। रविवार को आजाद समाज पार्टी के प्रमुख सांसद चन्द्रशेखर व सपा सांसद आरके चौधरी ने मृतक अमन गौतम के परिजनों से मुलाकात की। नेताओं ने युवक की मौत पर सवाल उठाए और परिजनों को मुआवजा देने व दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर और सपा सांसद आरके चौधरी रविवार को मृतक के घर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। चंद्रशेखर ने परिवार के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे और उसकी मौत के दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, जबकि सपा सांसद आरके चौधरी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व परिजन को मुआवजा देने की मांग की।


मृतक के परिजन से बातचीत करते सपा सांसद आरके चौधरी व अन्य। अमृत विचार

### अजय राय आज मिलेंगे अमन के परिजन से

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 14 अक्टूबर को अमन गौतम के परिजनों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुबह दस बजे अमन गौतम के परिजनों से उनके आवास पर जाकर मुलाकात करेंगे।

### सरकार करे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई : मायावती

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार दोषी पुलिस



कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि अनुसूचित वर्ग के युवक की मौत की घटना अति दुखद है। पुलिस बर्बरता से युवक की मौत हुई। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।।

## निष्पक्ष जांच कराकर परिजन को दिलाएंगे न्याय : डॉ. नीरज बोरा


पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ उत्तर सीट से भाजपा विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि अमन गौतम के मौत प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराकर परिजनों को न्याय दिलाएंगे। बोरा रविवार को विकासनगर स्थित अंबेडकर पार्क में पुलिस दबिश के दौरान अमन गौतम की मौत की सूचना पर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने परिजनों की बात सुनी और संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि सरकार परिजनों के साथ है। मामले की निष्पक्ष जांच होगी और परिवार को न्याय मिलेगा। विधायक के साथ भाजपा के स्थानीय पार्षद उमेश सनवाल, राकेश मिश्रा, राघवराम तिवारी आदि नेता मौजूद रहे।

### प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त : स्वामी प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा



कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महिलाओं के साथ ही, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ घटनाएं बढ़ गई हैं। गुंडे, माफिया, अपराधी और अराजकतत्व बेखौफ होकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# आधुनिक रिकॉर्ड रूम से फाइलें खोने का नहीं चलेगा बहाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ प्राधिकरण की पुरानी बिल्डिंग में रिकॉर्ड रूम बनाने का ले-आउट तैयार**

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर स्थित कार्यालय में जो आधुनिक रिकॉर्ड रूम का निर्माण करेगा, वहां से फाइलें खोने या न मिलने जैसे बहाने अब नहीं चलेंगे। कम जगह में ज्यादा फाइलें स्टोर होंगी, जो आसानी से मिलेंगी।

गोमती नगर स्थित प्राधिकरण की पुरानी बिल्डिंग की चौथी, पांचवीं व छठवीं मंजिल पर 1,200 वर्गमीटर में आधुनिक रिकॉर्ड रूम का ले-आउट तैयार हो गया है। यहां, लालबाग और गोमती नगर स्थित कार्यालय के रिकॉर्ड एक जगह रखे जाएंगे।

इससे अधिकारी और कर्मचारियों से फाइलें मांगने पर यहां और वहां रखी होना, गुम होना आदि बहाने अब नहीं चलेंगे। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बंद अलमारियां मोबाइल कॉम्पैक्टर स्टोरेज सिस्टम के तहत अत्याधुनिक तकनीकी से डिजाइन करके बनाई जाएंगी। इससे कम जगह में ज्यादा फाइलें रखी जाएंगी और सीलन व दीमक से सुरक्षित रहेंगी।






**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

धूप निकलने के साथ बादल भी छाए रहेंगे।

| 31.0° | 23.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज



- इकाना स्टेडियम में रणजी मुकाबले का चौथा दिन, यूपी बनाम पं. बंगाल : 9:30 बजे से।
- टैगोर मार्ग स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के वास्तुकला व योजना संकाय में 'शैल उत्सव' का आयोजन : 10:00 बजे से।
- गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मुकाबले : 12:00 बजे से।

### धनराशि लेने पर तत्काल करेंगे एग्रीमेंट फॉर सेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** घर खरीदारों से यूनिट की लागत का 10 फीसद से अधिक और 75 फीसद तक धनराशि लेने पर बिल्डरों को फौरन एग्रीमेंट फॉर सेल हस्ताक्षरित करना होगा। ऐसा न करने पर रेरा के नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश रेरा ने जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने पीठ में आवंटियों की शिकायतों की सुनवाई में पाया कि कई मामलों में बिल्डरों की ओर से फ्लैट, रो-हाउस, टाउनशिप आदि की लागत का 10 फीसद से अधिक और 75 फीसद तक धनराशि एकत्रित कर ली गई, लेकिन आवंटियों के साथ एग्रीमेंट फॉर सेल यानी बीबीए हस्ताक्षरित नहीं किया गया है। अध्यक्ष ने ऐसे मामलों का संज्ञान लेते हुए बिल्डरों को फौरन आवंटी के साथ रेरा पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए मॉडल एग्रीमेंट फॉर सेल के प्रारूप पर हस्ताक्षरित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में यह भी अनिवार्य किया कि एग्रीमेंट फॉर सेल की एक कॉपी आवंटी को उपलब्ध कराई जाएगी और रेरा पोर्टल के कंप्लेंट पेज पर अपलोड की जाएगी।




# कच्चे रास्ते-नाली चोक, जलभराव से परेशान लोग

**अमृत विचार आपके द्वार** | **लक्ष्मी नगर फैजुल्लागंज वार्ड-2**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज वार्ड-2 का लक्ष्मीनगर बदहाली का शिकार है। करीब 5 हजार आबादी वाली इस कॉलोनी से नगर निगम कर लेता है लेकिन सुविधाएं नहीं देता है। कच्चे रास्ते, नाली चोक और जलभराव जैसी समस्याओं को भी अब तक दूर नहीं किया जा सका। मच्छरजनित बीमारियों का सीजन होने के बावजूद साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। क्षेत्र में दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित हैं। किसान की खाली पड़ी जमीन तालाब बनी हुई है। जो नालियां बनी हुई हैं उनकी ढलान सही नहीं है नतीजा जलभराव का कारण बन रही है। सीवर का काम भी अधूरा है। बांस बल्लियों के सहारे घरों में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ''अमृत विचार आपके द्वार'' की टीम जब रविवार को क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंची तो लोगों ने टीम को एक-एक कर समस्याएं दिखाईं।

**▸▸ नगर निगम कर तो लेता है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं तक नहीं देता है**



लक्ष्मी नगर क्षेत्र में कच्ची सड़क व प्लॉट में एकत्रित गंदा पानी। अमृत विचार

## देखिए.. भूसा वाली गली में एक सप्ताह से पड़ी है सिल्ट



मोहल्ले में कई दिनों से पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

घैला रोड से लक्ष्मीनगर जाने वाला मुख्य रास्ता भूसा वाली गली के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम कर्मियों ने नालियों की सिल्ट निकाल कर रास्ते पर छोड़ दी है। एक सप्ताह होने के बाद भी सिल्ट नहीं हटाई जा सकी। धीरे-धीरे यह सिल्ट दोबारा नालियों में जा रही है।

**▸▸ नगर निगम कर्मियों ने नालियों की सिल्ट निकाल कर रास्ते पर छोड़ी**

### बारिश हुई तो घरों में कैद होने की मजबूरी

स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के समय क्षेत्र टापू जैसा बन जाता है। चारों ओर जलभराव और बीच में कालोनी। जल निकासी की व्यवस्था न होने से भीषण जलभराव होता है। लोग घरों में कैद होकर रह जातें हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते हैं।

## खाली प्लॉट पर जलजमाव और कूड़ा बन रहे मच्छरों की नर्सरी

कॉलोनी में कई खाली प्लॉट पड़े हैं। इन्हें लोगों ने कूड़ा घर बना लिया है। कूड़ा सड़ने से दुर्गंध आती है। संक्रमण फैलने की भी आशंका रहती है। बची कसर प्लॉट में जमा पानी है जिनमें मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं और ये मच्छरों की नर्सरी बनते जा रहे हैं।

### बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति

कॉलोनी में पर्याप्त मात्रा में बिजली के पोल नहीं लगे हैं। लोग बांस बल्लियों के सहारे घरों तक केबिल ले गए हैं। इससे हर समय खतरे की आशंका रहती है।



छत के ऊपर बांस से बंधा बिजली का तार।

## नालियों की ऐसी ढलान की जल निकासी की बजाए हो जाता है जलजमाव

इलाके में जो नालियां बनी हैं। उनका ढलान सही न होने के कारण पानी निकलने में दिक्कत आ रही है। नालियां जलनिकासी के बजाए जलजमाव का कारण बन रही हैं। इन नालियों की ढलान दुरुस्त न होने से नाले से उनकी कनेक्टिविटी ही नहीं है। जलजमाव स्थायी रूप से होने के कारण अब उसमें मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। लेकिन उन्हें देखने वाले का नाम नहीं। यही नहीं सभी नालियों को अभी सीधे नाले से जोड़ा नहीं जा सका है। इससे पानी खुले प्लाट में भरा हुआ है। यह प्लाट अब एक गंदे तालाब का रूप ले चुका है।

**▸▸ नालियों की ढलान सही न होने के कारण नहीं निकलता गंदा पानी**



सड़कों के किनारे जगह-जगह जलभराव। अमृत विचार

## टीम पहुंचने पर शुरू हुई फॉगिंग

अमृत विचार आपके द्वार की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची। इस पर नगर निगम की ओर से मौके पर कर्मचारी को भेज कर फॉगिंग कराई गई। सफाई कर्मी भी सफाई करते दिखे।



नगर निगम कर्मचारी फॉगिंग करते हुए। अमृत विचार

### मार्ग निकलने लायक रहे.. अपने खर्च से लोग डलवा रहे मलबा

कॉलोनी के कई रास्ते अभी कच्चे ही हैं। सीवर लाइन तक नहीं पड़ी है। स्थानीय लोगों ने अपने खर्च पर मलबा डलवा कर इन रास्तों को चलने लायक बना लिया है। लोगों का कहना है कि चलने लायक बना रहे इसलिए इस पर मलबा डाला गया है जिससे लोग इससे किसी तरह निकल तो सकें।

## स्थानीय लोग बोले



हमारी गली का रास्ता कई वर्षों से कच्चा पड़ा है। इसे बनवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा है। -रमा बाल्मीकि



नालियों को ऊंचा-नीचा बनाया गया है। इससे पानी का निकास नहीं हो पाता। हर समय जलभराव की स्थिति रहती है। - एसपी सिंह



नियमित सफाई नहीं होती है। कूड़ा कलेक्शन वाली गाड़ी भी नियमित नहीं आती। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती। - रोहित कश्यप



सड़क नहीं बनी। बरसात में जलभराव होता है। खुद के खर्च से मलबा डलवाया तब जाकर रास्ता निकलने लायक हुआ। -लल्लन चौबे



कॉलोनी के कई रास्ते कच्चे हैं। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। - एसपी गुप्ता



कॉलोनी में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट है। शिकायत के बावजूद सफाई कर्मी नहीं आते। जनप्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। - राजेश यादव



कॉलोनी में पानी की सप्लाई न होने से पेयजल का संकट है। घर के सामने का रास्ता खस्ताहाल होने से खुद के खर्च से मलबा डलवाते हैं। - गोपाल बाल्मीकि



जल निकासी की बड़ी समस्या है। नालियों का नए सिरे से निर्माण कराना चाहिए। साथ ही जहां नालियां नहीं हैं, वहां बनवाई जाएं। -कैलास यादव



नगर निगम की तरफ से नियमित झाड़ू तक नहीं लगती है। हम लोग खुद ही झाड़ू लगा सफाई करते हैं। शिकायत के बाद भी कोई झांकने नहीं आता है। - प्राची शुक्ला



कच्चे रास्ते होने से दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बारिश में जलभराव होने से बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। पूरा इलाका टापू में तब्दील हो जाता है। -रमेश चंद्र



घर और पानी का टैक्स वसूलने के बाद भी सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं हैं। डेंगू-मलेरिया का सीजन होने के बाद भी सफाई तक नहीं कराई जा रही। - गुड़िया सिंह



मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह से कॉलोनी के लोग वंचित हैं। जिम्मेदार मूक दर्शक बने हुए हैं। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। -गौरव श्रीवास्तव

**अमृत विचार टीम :** पंकज द्विवेदी, **छायाकार :** प्रमोद शर्मा



कॉलोनी में सीवर का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। जल्द इसका कार्य पूरा करवाना चाहिए। सीवर बनने से राहत मिलेगी। -विजय पांडेय



कॉलोनी में डेंगू-मलेरिया के मरीज हैं। इसके बाद भी एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हो रहा। कूड़ा कलेक्शन भी नहीं होता। जलजमाव में पनपते मच्छरों के लार्वा से लोग भयभीत हैं। - नरेंद्र शर्मा



फैजुल्लागंज क्षेत्र की हर कालोनी में डेंगू के मरीज हैं, हाल ही में दो डेंगू मरीजों की मौत भी हुई है। सफाई फागिंग व एंटीलार्वा छिड़काव को लेकर नगर निगम के पास कोई ठोस एक्शन प्लान नहीं है, सिर्फ जहां-तहां काम हो रहा है अधिकांश हिस्से में नागरिक सेवाएं पहुंच ही नहीं रही है। अधिकांश कॉलोनी में सफाई कर्मी पहुंचते ही नहीं है नगर निगम बीट सफाई कर्मी व्यवस्था नहीं चला पा रहा है। सफाई कर्मियों की हाजिरी में भ्रष्टाचार हो रहा है। - ममता त्रिपाठी सामाजिक कार्यकर्ता

# एनटीए की कम्प्यूटर लैब से बदल जाएगा परीक्षाओं का प्रारूप

## नीट पेपर लीक के बाद संभल गया है एनटीए, ऑनलाइन परीक्षा की कर रहा है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तीन से चार करोड़ छात्रों की परीक्षा साल भर में लेने वाला एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) ने अब अपनी रणनीति बदलनी शुरू कर दी है। निकट भविष्य में ही परीक्षाओं को ऑनलाइन सम्पन्न कराने की शुरुआत हो सकती है। दरअसल इसी साल नीट परीक्षा (नेशनल एलिजीबिलीटी टेस्ट) का पेपर लीक हो गया था। जिसके बाद देशभर में एनटीए को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। जबकि एनटीए नीट, नेट, जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के आयोजन के लिए जिम्मेदार संस्था है। एजेंसी अब इन परीक्षाओं को कागजी प्रश्न पत्र की जगह ऑनलाइन सम्पन्न कराने की तैयारी कर रहा है।

इसके लिए हाल ही में एनटीए और प्राविधिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद और राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ बैठक में इसका प्रारुप तय किया गया है। एनटीए ने तकनीकी संस्थानों को वरियता देते हुए प्रत्येक जिले में पांच संस्थानों को चयनित करना शुरू किया है। प्रत्येक संस्थान में 500 कम्प्यूटर लैब तैयार किया जाएगा। जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी उन संस्थानों की होगी। इसे एनटीए पायलट प्रोजेक्ट के रुप में शुरू करने जा रहा है। यदि यह सफल होता है तो भविष्य में परीक्षाओं का स्वरुप बदल कर पूरी तरह ऑनलाइन किया जा सकता है।

### अब प्राइवेट एजेंसी, न ही स्कूल कॉलेज होंगे सेंटर

पिछले दिनों नीट पेपर ऑउट, आरओ, एआरओ पेपर ऑउट और पुलिस भर्ती पेपर ऑउट के बाद परीक्षाओं को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी प्राईवेट एजेंसियों को नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार ने भी परीक्षा लेने वाली संस्थाओं को अवगत करा दिया है कि प्राईवेट स्कूल कॉलेजों को केंद्र न बनाया जाए। ऐसे में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने से परीक्षाओं को दो या तीन दिनों तक लिया जा सकता है।

## एक नजर

### उत्तर पुस्तिका देखने का आज अंतिम दिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पॉलीटेक्निक सम सेमेस्टर, वार्षिक परीक्षा और बैक पेपर देखने के लिए पंजीकरण का आज अंतिम दिन है। 3 अक्टूबर को पॉलीटेक्निक परीक्षा का परिणाम जारी हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों फेल हुए थे। छात्रों ने जानबूझकर फेल किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया था। जिसके बाद प्राविधिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया था कि छात्रों को उनकी कॉपियां दिखाई जाएंगी।

### वर्ष भर के सभी कार्यक्रमों को किया प्रदर्शित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 6 उत्सवों में से एक उत्सव विजयदशमी उत्सव दीनदयाल नगर के सभी शाखाओं द्वारा एक जगह एकत्रित होकर बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया इसमें सभी शाखों के स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष भर के सभी कार्यक्रमों को लोगों के सामने प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता व प्रचार प्रमुख विनोद, नगर संचालक व सह नगर कार्यवाह पारिजात, प्रांत मंत्री सेवा भारती उमेश, विभाग व्यवस्था प्रमुख राजीव सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### शीरी फातिमा एनसीसी ओटीए कैंप के लिए रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) और ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की छात्रा शीरी फातिमा को ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी) चेन्नई अटैचमेंट कैंप के लिए चुना गया है। शिविर 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। जिसमें देशभर के 100 कैडेट भाग ले रहे हैं।

## वैकल्पिक प्रश्नों से होंगी निपुण भारत मिशन की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ अगले माह 17 नवंबर से होंगी शुरू**

**अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन योजना के तहत होने वाली निणुण परीक्षाएं अगले माह नवंबर 17 से शुरू होकर 23 तक चलेंगी। परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के गणित और भाषा संबंधित ज्ञान को परखने के लिए यह परीक्षाएं आयोजित की जाती है।

अगले महीने 17 से शुरू होने वाली निणुण परीक्षाएं मंडलवार आयोजित की जाने वाली है। इन परीक्षाओं को ओएमआर सीट पर वहुविकल्पीय प्रारुप में लिया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तरों में कुल चार विकल्प होंगे। जिसमें एक या एक से अधिक होंगे जिसे ओएमआर सीट पर भरना होगा। अलग-अलग मंडलों में कक्षा एक से तीन और चार से आठवीं तक के छात्रों की परीक्षा दो दिनों में होगी।

## कार्रवाई वापस नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने आजमगढ़ में शिक्षक संघ के जिला मंत्री पंकज सिंह पर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विरोध किया है।

संगठन की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान शंकर त्रिवेदी ने कहा कि सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों को शिक्षक के खिलाफ गलत तथ्य देकर भ्रमित किया है और बेवजह कार्रवाई किया है। जिसका शिक्षक संघ विरोध करता है। पंकज सिंह के खिलाफ हुई कार्रवाई का डटकर विरोध किया जाएगा।

## बीकॉम छात्र पर पिस्तौल तानकर मांगी रंगदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट कोतवाली में निजी विवि से बीकॉम कर रहे छात्र ने रंगदारी मांगे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सर्वज्ञ गुप्ता एमिटी विवि में बीकॉम का छात्र है। पीड़ित ने बताया कि करीब एक हफ्ते से आदित्य सिंह, शुभम, युवराज और रितिक सिंह उसे धमका रहे है। कई बार रुपयों की मांग की है। बीते गुरुवार को आरोपियों ने उसे कॉलेज के अंदर ही घेर लिया। रुपये नहीं मिलने से नाराज आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीटा और पिस्तौल तानते हुए रंगदारी देने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानपति पर जानलेवा हमला

संवाददाता, मलिहाबाद

**▸▸ पीड़ित ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी**

**अमृत विचार:** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में सरकारी नाली का निर्माण कार्य करा रहे प्रधानपति पर गांव के ही तीन दबंगों ने असलहे व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में प्रधानपति घायल हो गया।

ग्राम पंचायत ढेढेमऊ के प्रधानपति चन्द्रशेखर कनौजिया गांव में ही शनिवार को अपराह्न करीब 4 बजे सरकारी नाली का निर्माण कार्य करा रहे थे। तभी गांव के ही सूफियान उर्फ गोलू, सत्तार व दुलारे असलहे व चाकू लेकर कार्य रुकवाने लगे। जिसका प्रधानपति चन्द्रशेखर कनौजिया ने विरोध किया। जिसपर उक्त दबंगो ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए गर्दन पर धारदार चाकू रखकर हमला कर दिया। यह देख ग्रामीण दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने प्रधानपति चन्द्रशेखर कनौजिया की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।


अमृत विचार **क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र राज कुमार तिवारी No.13631706N रैंक नायक 2 राजपूत C/o 56 एपीओ में मेरी माता का नाम सेना के रिकार्ड में राज कुमारी तिवारी व आयु 02.03.1952 लिखा है, जबकि सही नाम राज कुमारी व आयु 01. 01.1946 है। अत: मेरे सेना सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम राज कुमारी व आयु 01. 01.1946 दर्ज की जाय। **अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र राज कुमार तिवारी, निवासी- ग्राम प्रहलाद खेड़ा, पोस्ट- न्यीपर, गॉव-नवादा, हयातगंज, हरदोई।**




## एक नजर

### डॉक्टरों की भर्ती के लिए साक्षात्कार आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईएमओ व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में खाली पड़े पदों पर भर्ती के लिए सोमवार को सीएमओ कार्यालय में वॉक इन इंटरव्यू होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। चयनित ईएमओ सिविल, बलरामपुर, लोकबंधु, रानीलक्ष्मीबाई, बीआरडी महानगर, झलकारीबाई, डफरिन व रानीलक्ष्मीबाई अस्पताल में भेजे जाएंगे। सीएमओ कार्यालय में वॉक इन इंटरव्यू जरिए 22 पद के लिए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी मेडिकल अफसर के 16 पद हैं। इन्हें 1 लाख रुपए वेतन तय किया गया है। वहीं मेडिकल अफसर के तीन पद के लिए करीब 80 हजार रुपए वेतन व 20 हजार इंसेटिव मिलेगा। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, इंटरव्यू में चयनित डॉक्टरों को जिला अस्पताल व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तैनाती दी जाएगी।

### गुल फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के उजरियांव में गुल फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फाउंडेशन के अध्यक्ष गुलेराना सईद ने लोगों को डेंगू सहित अन्य बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं डॉक्टर ने क्षेत्रीय लोगों को परामर्श दे, निशुल्क दवाई वितरित की। स्वास्थ शिविर में एरा मेडिकल कॉलेज एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर शोएब आरिफ, डॉ. उज्जवल मिश्रा, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. नजमुल इस्लाम खान, डॉक्टर शाजिया उफाफ सहित फाउंडेशन की शुभ्रा सक्सेना, जोया, सीमा, एवं परवीन आदि मौजूद रहे।

### पापाकुशा एकादशी आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस्कॉन मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि 14 अक्टूबर सोमवार को पापाकुशा एकादशी है। इस दिन अन्न नहीं ग्रहण करना चाहिए। प्रत्येक एकादशी को इस्कान मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास इस्कॉन मन्दिर के भक्तों के लिए श्रीमद भागवतम की कक्षा चलाते हैं। यह कक्षा सुबह 6 बजे से लगती है। एकादशी पर भक्त श्रीमदभागवतम कक्षा के लिए बड़ी संख्या में मन्दिर पहुंचेंगे।

# हादसों में रोजाना 400 लोगों की जा रही जान

## पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता लखनऊ/ पीजीआई

**अमृत विचार :** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में रोजाना 400 लोग सड़क हादसे में अपनी जान गवां देते हैं। यह आंकड़े चिंताजनक एवं भयावह हैं। ये बातें पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कही। वह सड़क सुरक्षा जागरुकता पखवाड़े के तहत शनिवार को एपेक्स ट्रॉमा में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में जानकारी साझा कर रहे थे। एटीसी के अपर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर. हर्षवर्द्धन ने बताया कि स्कूलों में शुरुआत से ही बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

**पुलिस से डरकर नहीं, जीवन रक्षा के लिए पहनें हेलमेट :** न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अवधेश कुमार जायसवाल ने बताया कि सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें सिर में चोट लगने से होती हैं। ऐसे में लोगों को इस बात पर हमेशा ध्यान देना चाहिए कि वह उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट को स्ट्रिप लगाकर पहनें। हेलमेट को पुलिस या चालान से बचने के लिए न पहनें।



एपेक्स ट्रॉमा में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व अन्य। अमृत विचार

**जल्दबाजी में वाहन चलाने से बचें**

डॉक्टरों ने कहा कि लोगों को समय प्रबंधन का विशेष ध्यान देना चाहिए। जल्दबाजी में वाहन नहीं चलाना चाहिए। प्रयास यह करना चाहिए कि घर से ऑफिस या किसी दूसरी जगह जाने पर समय से 15 से 20 मिनट पहले ही निकलना चाहिए। इससे दुर्घटना होने का खतरा काफी कम रहेगा। इस मौके पर न्यूरो सर्जरी के डॉ. कमलेश सिंह भैसोरा, डॉ. अक्षय पाटीदार, डॉ. वेद प्रकाश मौर्य व एटीसी लैब मेडिसिन विभाग की डॉ. अवले रूपाली भालचंद्र ने मौजूद लोगों से सड़क सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया।

- दुर्घटनाओं से बचाव के लिए डॉक्टरों ने दिए सुझाव

# दो दिन में डेंगू के 78 नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिले में डेंगू का आंकड़ा पहुंचा 1115 व मलेरिया के 443 पीड़ित

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा हैं। दो दिन में डेंगू के 78 और मलेरिया के 2 नए मरीज मिले। सभी को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 1115 एवं मलेरिया के 443 मरीज मिल चुके हैं।

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को डेंगू के 40 और मलेरिया का 1 मरीज मिला था। रविवार को भी डेंगू के 38 और मलेरिया का 1 मरीज मिला। रविवार को डेंगू के मिले नए मरोजों में अलीगंज सीएचसी क्षेत्र के 7, इन्दिरानगर-6, रेड क्रॉस-1, एनके रोड-3, चन्दरनगर-6, सिल्वर जुबली-6, गोसाईगंज-2, सरोजनीनगर-2, टूडियागंज-2 और ऐशबाग के 2 मरीज हैं। सभी का इलाज चल रहा है। राहत की बात यह है कि किसी भी मरीज की स्थिति चिंताजनक नहीं है। अक्टूबर महीने में डेंगू के मामलों में तेजी आई है।

**18 भवन मालिकों को नोटिस:** टीम ने शनिवार और रविवार को 3017 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 18 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों नेविभिन्न स्थलों और भवनों का निरीक्षण कर लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव भी कराया।

**ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप कम**

इस साल डेंगू और मलेरिया का प्रकोप ग्रामीण क्षेत्रों में कम है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक माल सीएचसी क्षेत्र में 10 अक्टूबर को डेंगू का 1 मरीज मिला है। इसके अलावा शहर की अपेक्षा मलिहाबाद, इटौंजा, गोसाईंगंज, बीकेटी, मोहनलालगंज और काकोरी में संख्या कम है।

**अक्टूबर में ऐसे बढ़े डेंगू और मलेरिया के मामले**

| तारीख | डेंगू | मलेरिया |
|---|---|---|
| 13 अक्टूबर | 38 | 1 |
| 12 अक्टूबर | 40 | 1 |
| 11 अक्टूबर | 67 | 1 |
| 10 अक्टूबर | 63 | 4 |
| 9 अक्टूबर | 54 | 3 |
| 8 अक्टूबर | 52 | 7 |
| 7 अक्टूबर | 22 | 1 |
| 6 अक्टूबर | 61 | 4 |
| 5 अक्टूबर | 55 | 7 |
| 4 अक्टूबर | 60 | 5 |
| 3 अक्टूबर | 15 | 0 |
| 2 अक्टूबर | 49 | 0 |
| 1 अक्टूबर | 62 | 0 |

# किसी भी संक्रमित जानवर के काटने से हो सकता रेबीज

संवाददाता, पीजीआई

- रेबीज पर आयोजित रील प्रतियोगिता में पीजीआई की छात्रा प्रथम
- पालतू जानवरों को समय पर टीका जरूर लगवाएं, आवारा कुत्तों से बचकर रहें

**अमृत विचार :** विश्व रेबीज दिवस पर रेबीज की रोकथाम एवं नियंत्रण की थीम पर लोहिया संस्थान की ओर से रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें संजय गांधी पीजीआई के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। रविवार को रील प्रतियोगिता के जारी हुए परिणाम में पीजीआई के बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तनु दिनकर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तीसरे सेमेस्टर के नर्सिंग विद्यार्थियो में से सूरज पटेल, गौरव और तनु दिनकर (टीम) ने विशेष प्रशंसा पुरस्कार जीता।

पीजीआई की प्रवक्ता कुसुम यादव ने बताया कि रील मेकिंग प्रतियोगिता में संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की 10 छात्रों ने हिस्सा लिया। छोटे छोटे वीडियो के माध्यम से छात्रों ने ये बताने की कोशिश की है कि रेबीज सिर्फ कुत्ते के काटने से ही नहीं बल्कि किसी भी संक्रमित जानवर के काटने या खरोंच के कारण फैल सकता है। हालांकि ज्यादातर मामलों में संक्रमित कुत्तों के काटने या खरोंच से ही रेबीज होता है। ऐसे में पालतू जानवरों को समय समय पर टीका जरूर लगवाएं साथ ही आवारा कुत्तों से बचकर रहें।

# चार कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिनैप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी ने सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द सेंट्रम होटल के साथ मिलकर समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में 4 कलाकारों चिन्मयी बेहरा व संबित पांडा (दिल्ली), पिंकी कुमारी (झारखंड) और राहुल राय (लखनऊ) की उत्कृष्ट कलाकृतियां शामिल हैं। प्रदर्शनी सोनिक सेरेनिटी- एक्सप्लोरिंग द साउंड्स ऑफ नेचर गैलरी के संस्थापक और निदेशक राकेश कुमार मौर्य की देखरेख में लगाई गई है।

21 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के उदघाटन के समय सहारा इंडिया की निदेशक कार्यकर्ता कुमकुम रॉय चौधरी, गुलमोहर ग्रीन स्कूल की संस्थापक पूर्णिमा वर्मा, नारायण एंटरप्राइजेज के विपिन वर्मा, राजेंद्र मिश्रा, फिल्म निर्माता सर्वेश गोयल, देवेंद्र, ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ छायाकार अनिल रिसाल सिंह और द सेंट्रम के महाप्रबंधक भगवती पंत मौजूद रहे।

## किशोर कुमार को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर रविवार को शिव कृपा मैरिज लॉन आलमबाग में एक संगीतमय श्रद्धांजलि 'पल पल दिल के पास' युवा गीतकारों, कवियों एवं कवियत्रियों की ओर से प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजेश्वर सिंह और सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि अमित अनपढ़ द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में दिल्ली से मनीषा सक्सेना को सम्मानित किया गया। सभी गायकों, कवियों और कवियत्रियों को कार्यक्रम के आयोजक मन्दीप सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गायकों और कवियत्रियों द्वारा किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मन्दीप सिंह एवं अनीता द्वारा युगल गीत 'तेरे बिना जिन्दगी से कोई शिकवा तो नहीं' प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अमित अनपढ़ एवं वर्षा श्रीवास्तव द्वारा एक युगल गीत 'अच्छा तो हम चलते हैं' की प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट किया गया।

# जिला प्रोग्राम मैनेजर पर लगे आरोपों की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएम के निर्देश पर उच्च कमेटी ने शुरू की जांच
- विजिलेंस की टीम ने भी 15 लोगों से की पूछताछ

**अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय में एनएचएम से तैनात संविदा जिला प्रोग्राम मैनेजर पर लगे आरोपों की जांच शुरू हो गई है। मैनेजर पर संविदा पर भर्ती में आवेदन करने वाले जाति व वर्ग विशेष के डॉक्टरों को ही प्रमुखता देने का आरोप है। मामले की जांच डीएम के निर्देश पर शुरू हो गई है। विजिलेंस की टीम ने भी सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं।

गोमती नगर निवासी व हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ के एडवोकेट विकास शुक्ला ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, विजिलेंस, ईडी आदि से जिला प्रोग्राम मैनेजर की शिकायत की है। मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी ने जिलाधिकारी लखनऊ को जांच के निर्देश देकर 15 दिन में आख्या देने को कहा है। इसी क्रम में डीएम की ओर से कमेटी गठित की गई है, जिसमें उच्च स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इस टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम ने कई साल से तैनात मैनेजर की संपत्ति व दूसरे कई बिंदुओं पर शुरू की जांच का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। उधर, विजिलेंस की टीम ने मैनेजर पर लगे आरोपों की जांच शुरू करते हुए हेल्थ कोऑर्डिनेटरों, डॉक्टरों समेत करीब 15 लोगों पूछताछ की है। मैनेजर पर जाति विशेष के डॉक्टरों को भर्ती कराकर, टेंडर परिचितों को दिलाकर अकूत संपत्ति कमाने का भी आरोप है।

# 186 .46 करोड़ से बनेंगी विश्व स्तरीय सड़कें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 186.46 करोड़ रुपये से विश्व स्तर की 7 सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। सभी सड़कें पर्यावरण के अनुकूल होंगी। एक-दूसरे से जुड़ीं होंगी, जिससे यातायात सुगम होगा।

नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को माउंटफोर्ट स्कूल तिराहा महानगर में 'मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम' (सीएम-ग्रिडस) योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन करके शुरुआत की। सड़कों का निर्माण करने के बाद 5 वर्षों तक निर्माण संस्था अनुरक्षण करेंगी। ये सड़कें पर्यावरण अनुकूल, सुरक्षित, नागरिक सुविधाओं से युक्त होंगी। इनके निर्माण से हरित सड़कों का विकास होगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। सुरक्षित यातायात के लिए चौराहे, तिराहे आदि का निर्माण कराया जाएगा। उपरिगामी बिजली के तारों को भूमिगत किया जाएगा। विभिन्न प्रकार की भूमिगत केबलों के लिए डक्ट का निर्माण, सीवर, पानी और गैस की पाइपलाइन का कार्य, फुटपाथ का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, कैरिज वे सुदृढ़ीकरण के कार्य किए जाएंगे।

**यहां बनेगी सड़क :** कालीदास चौराहे से सिविल अस्पताल होते हुए अटल चौक तक और डीएसओ चौराहे से चिड़िया घर तक। गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा व क्लासिक रेस्टोरेंट से महानगर बॉयल स्कूल तक व आस्था हॉस्पिटल से हनुमान मंदिर तक। इसके अलावा यूनिवर्सिटी रोड से हनुमान सेतु धाम रोड वाया आरएलबी रोड चौराहा तक सड़क बनेगी। भारतेंदु हरिशचंद्र वार्ड के अंतर्गत पुरनिया अलीगंज रोड से सुलभ शौचालय, सावित्री अपार्टमेंट होते हुए मामा रोड तक और सावित्री अपार्टमेंट से कुर्सी रोड पेट्रोल पंप तक, लावा ताड़ीखाना डिवाइडर रोड से पप्पू जनरल स्टोर वाया विंध्याचल मंदिर से बाटी चोखा रेस्टोरेंट तक सड़क निर्माण कराया जाएगा। इग्नू रोड चौराहे से एलन हाउस स्कूल तक व रजनीखंड पावर हाउस से सैनिक ढाबा, रायबरेली मेन रोड तक सड़क बनेंगी।



भूमि पूजन करते नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

**3 दिनों में हर हाल में भर जाएं सड़क के गड्ढे**

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में सड़कों के गड्ढे हर हाल में 3 दिनों में भर जाएं। नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने सड़कों के गड्ढे भरने और पैचवर्क में देरी पर नाराजगी जताते हुए अभियंताओं के पेंच कसे। उन्होंने कहा कि 3 दिनों के भीतर नगर निगम क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढे भरने और पैचवर्क का काम पूरा हो जाए। खस्ताहाल सड़कों पर गड्ढे देख मुख्यमंत्री ने विभागों को सड़कें सही कराने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया था। नगर निगम ने सभी आठ जोन में कुल 684 किलोमीटर खस्ताहाल सड़कें चिन्हित की थीं। इनमें 310 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरने के साथ पैचवर्क कराना था। वहीं, 373 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कराया जाना था, लेकिन 10 अक्टूबर तक नगर निगम लगभग 64 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे भर सका और 25 प्रतिशत खराब सड़कों का नवीनीकरण करा पाया। इस लापरवाही से नगर निगम की छवि भी धूमिल हो रही है। इसे देखते हुए अब मुख्य अभियंता ने नगर निगम के अभियंताओं को गड्ढे भरने व पैचवर्क का काम खत्म करने का सख्त निर्देश दिया है।

**आयोजन** | जैन समाज का दो दिवसीय शांति महायज्ञ संपन्न

# कालजयी तीर्थंकर जिन अर्चना विधान में अष्ट द्रव्य से पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जैन मुनि के चातुर्मास के दौरान सहादतगंज स्थित स्वामी योगानंद बालिका विद्यालय ग्राउंड टिकैटराय तालाब में दो दिवसीय कालजयी तीर्थंकर जिन अर्चना विधान का आयोजन किया गया। यहां विराजमान गुरु श्री सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य में 51 जोड़े, शुद्ध वस्त्र धारण कर बैठे और सभी ने शांति धारा के पश्चात अष्ट द्रव्य से अर्चना की।

कार्यक्रम की शुरुआत घट यात्रा से हुई। इसमें महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कालजई जिनेंद्र महा अर्चना विधान के प्रमुख पात्र में सौधर्म इंद्र वैभव जी काला, सहादतगंज कुबेर इंद्र, सिद्धार्थ जैन, चौक महायज्ञ नायक, सहादतगंज के यज्ञ नायक शोभित जी काला, सहादतगंज ध्वजा रोहन, विमल जी बाक्लीवाल आदि की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके उपरांत दोपहर 2 बजे सुप्रभ सागरद्वारा 8 वर्ष से 28 वर्ष तक के अविवाहित बालक बालिकाओं के उपनयन संस्कार संपन्न कराए गए जिसमें सभी लोगों को मंत्रों द्वारा संस्कारित किया गया। इसमें युवा वर्ग को खासतौर से व्यसनों से दूर रहने एवं सदैव शाकाहारी रहने का नियम दिलाया गया। विधान के समापन पर 13 अक्टूबर को शांति महायज्ञ में सभी ने हवन सामग्री और घी की आहुति दी।



स्वामी योगानंद बालिका विद्यालय, टिकैटराय तालाब से कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

- गुरु श्री सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य में 51 जोड़े, शुद्ध वस्त्र धारण कर बैठे

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### आग से दंपति झुलसे महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के पुरानी बस्ती इलाके में रविवार रात एक घर में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर आसपड़ोस के लोग मदद के लिए दौड़े। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से मुन्ना कनौजिया (60) वर उनकी पत्नी पप्पू (58) बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन में पुलिस ने दंपति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुन्ना कपड़े प्रेस करने का काम करते हैं। आशंका जताई जा रही है कि खाना बनाने के दौरान आग लगी थी।

### करंट से वेल्डिंग कारीगर की मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** थाना क्षेत्र में रविवार को वेल्डिंग करते हुए करंट लगने से कारीगर की मौत हो गई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि रहीमाबाद निवासी शब्बीर अहमद फैब्रीकेटर्स था। रविवार को वह अमित श्रीवास्तव के बुलाने पर वेयर हाउस पहुंचा था। कैंटीन में वेल्डिंग करते हुए करंट लगने से शब्बीर घायल हुआ था। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने विवाहिता आकांक्षा सिंह (25) की मौत के मामले में आरोपी पति अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से माल निवासी अभिषेक राज सिंह इंद्रपुरी कालोनी मड़ियांव में किराए पर रहता है। 11 अक्टूबर को बीकेटी निवासी आकांक्षा के पिता महिपाल सिंह ने अभिषेक और अन्य के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### दो तस्करों को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1 किलो गांजा और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। आरोपियों में मोहम्मद तबीब खान और मोहम्मद नसीम उर्फ मिथुन निवासी बद्दूपुर बाराबंकी हैं

# हादसों में संविदाकर्मी समेत पांच की मौत

## मड़ियांव, विभूतिखंड, पारा, नगराम और सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

कार्यालस संवाददाता, लखनऊ

- डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचारः** मड़ियांव में शनिवार तड़के डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई। वहीं, साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। विभूतिखंड में शनिवार सुबह पिकअप की टक्कर से युवक की मौत हो गई। इसके अलावा अन्य सड़क हादसों में बिजली विभाग के संविदाकर्मी और निजी होटल के सुपरवाइजर समेत तीन की मौत हो गयी। यह हादसे पारा, नगराम और सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में हुए।

विकासनगर के बटहा सबौली निवासी हिमांशु रावत (19) एक निजी स्कूल में हाईस्कूल का छात्र था। मामा हनुमान ने बताया कि भांजा हिमांशु शुक्रवार रात दोस्त सनी के साथ छठा मील के पास देवी जागरण देखने गया था। शनिवार तड़के वह स्कूटी से घर लौट रहे थे। वह मड़ियांव के खदरी पुल के पास पहुंचे, तभी डंपर स्कूटी में टक्कर मार कर भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने दोनों को अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, कानपुर नगर घाटमपुर निवासी राजेन्द्र सिंह शनिवार को सुबह 4 बजे विजयीपुर मंदिर के पास मौरंग लदी ट्रक लाए थे। तभी पीछे से आए पिकअप करन सिंह को टक्कर मारते हुए ट्रक में जाकर भिड़ गया। पुलिस ने करन को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट कर पिकअप को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

वहीं, नगराम के दूल्हापुर हुसैनाबाद गांव निवासी साबिर ने बताया कि बेटा सलमान (24) शुक्रवार देर शाम बाइक से निगोहां से अपने घर नगराम जा रहा था। नगराम स्थित रईस मिल के पास सलमान ट्रक की चपेट में आ गया। घायल को सीएचसी से ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

उधर, आशियाना के किला निवासी रवि कुमार (32) आशियाना पावर हाउस में संविदा पर हेल्पर था। 3 अक्टूबर को वह मलिहाबाद में एक रिश्तेदार के घर आयोजित मुंडन समारोह से देर शाम लौट रहा था। पारा स्थित तिकोनिया चौराहे के पास कुत्ते को बचाने में रवि ने ब्रेक लगा दी। जिससे अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। हादसे में रवि के सिर पर गंभीर चोट लग गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई।

इसके अलावा मूलरूप से कुशीनगर निवासी मॉन्टेश कुमार (30) सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में झिलझिला पुरवा गांव में किराए पर रहकर होटल सेंट्रम में सुपरवाइजर की नौकरी करते थे। बीते 9 अक्टूबर को ड्यूटी कर लौटते वक्त गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने इलाज के लिए ट्रामा में भर्ती कराया जहां रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दामाद की मौत की खबर सुन आया हार्ट अटैक, मौत

**अमृत विचार :** निगोहां में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान बच्चन लाल कश्यप की दर्दनाक मौत हो गयी। खबर ससुराल बिजनौर में पहुंची तो सास राजेश्वरी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। मस्तीपुर गांव निवासी किसान बच्चन लाल कश्यप (55) शुक्रवार को अपनी बहन के घर नगराम नवीनगर में मुण्डन संस्कार से शामिल होकर वापस लौट रहा था। मस्तीपुर गांव बेकाबू बाइक से उसकी बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में बच्चन लाल और दूसरा बाइक सवार रायबरेली निवासी विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान बच्चन लाल की मौत हो गई। वहीं, बच्चन लाल की मौत की खबर मिलते ही सास राजेश्वरी को हार्ट अटैक पड़ गया, जिससे उनकी मौत हो गयी।

# कार की टक्कर से पत्र वितरक की मौत

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

**अमृत विचारः** पीजीआई स्थित सरदार पटेल डेंटल कॉलेज के पास शनिवार सुबह पास बेकाबू कार ने पत्र वितरक को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने हॉकरों की मदद से घायल को एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

मूल रूप से मोहनलालगंज के सिसेंडी निवासी पत्र वितरक कमलेश कुमार यादव (63) तेलीबाग के गांधीनगर में रहते थे। परिवार में पत्नी ज्ञानवती, बेटे सुभाष, जयशंकर और बेटी राधिका हैं। रोजाना की तरह शनिवार भोर चार बजे साइकिल से रायबरेली रोड स्थित सरदार पटेल डेंटल कॉलेज के सामने एल्डिको चौकी के पास बने सेंटर से अखबार लेने जा रहे थे। जैसे ही वह एल्डिको चौकी के सामने पहुंचे, बेकाबू कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। पास में मौजूद पत्र वितरकों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना घर पहुंची तो मातम पसर गया।



समाचार पत्र वितरक की मौत की सूचना पर एकत्रित लोग। अमृत विचार

- पीजीआई क्षेत्र में सरदार पटेल डेंटल कॉलेज के सामने हुआ हादसा



**दो समाचार पत्र वितरकों की मौतः** वृंदावन न्यूज पेपर वितरक असोसिएशन के अध्यक्ष राम स्वरूप ने बताया कि उनके वितरक केंद्र से जुड़े एक महीने के अंदर दो वितरकों की दुर्घटना में मौत हुई है। एक माह पूर्व पत्र वितरक सोमनाथ का भी उसी जगह हादसा हुआ था। जिसकी बीते गुरुवार को मौत हो गई थी, वहीं शनिवार को कमलेश ने हादसे में दम तोड़ दिया। इससे पहले पत्र वितरक दीपक यादव, विनोद, राजाराम भी बुरी तरह घायल हो चुके हैं।

### मांग पूरी न होने पर समाचार पत्र वितरक करेंगे प्रदर्शन

अध्यक्ष राम स्वरूप ने बताया कि डेंटल चौराहा सबसे ज्यादा व्यस्त चौराहा है। स्पीड ब्रेकर न होने से रोजाना कोई न कोई हादसा हो जाता है। उन्होंने मृतक पत्र वितरकों की परिवार को 5 लाख मुआवजा देने की मांग की है। निर्णय लिया कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो पूरे लखनऊ शहर का समाचार पत्र वितरक सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगा।

# प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रा की सिविल और युवक की ट्रामा सेंटर में हुई मौत
- सुल्तानपुर के रहने वाले थे दोनों

**अमृत विचारः** चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर शनिवार को प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों के घरवालों को सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर जीआरपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रेमी युगल सुल्तानपुर जिले के रहने वाले हैं। इंटर में पढ़ने वाली छात्रा की उम्र करीब 15 वर्ष जबकी नीलेश यादव की 20 वर्ष बताई गई है।

परिजन ने बताया कि 11 अक्टूबर को बेटी स्कूल जाने की बात कह कर निकली थी। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। परिजन ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। गांव से नीलेश के भी गायब होने से परिजन को शक हुआ।पिता ने हलियापुर थाने पहुंचकर आपबीती बतायी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने रात 8:22 पर नीलेश के खिलाफ छात्रा को बहला-फुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरु की। 12 अक्टूबर को नीलेश व छात्रा ने प्लेट फार्म नंबर-1 पर सल्फास की गोलियां खा ली। मुंह से झाग निकलता देख यात्रियों ने जीआरपी को सूचना दी। आनन-फानन में दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। वहीं, ट्रामा सेंटर के लिए रेफर नीलेश ने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही हलियापुर पुलिस व परिजन लखनऊ पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन दोनों शव लेकर सुल्तानपुर पहुंचे, जहां रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## व्यापारी को अगवा कर पीटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊः** रंगदारी नहीं देने पर व्यापारी का अपहरण करने वाले पीटने वाले प्रॉपर्टी डीलर को चिनहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। अमराई गांव निवासी व्यापारी कर्मवीर सिंह को 21 अगस्त को कर्मवीर को परिचित मामा ने मिलने के लिए बुलाया था। जिसके बाद कार में बंधक बना कर व्यापारी से डेढ़ लाख रुपये की रंगदारी मांगी। इंकार पर बुरी तरह से मारपीट कर सड़क पर छोड़ दिया। रविवार को घटना में शामिल बस्ती पैकोलिया निवासी प्रापर्टी डीलर मनोज वर्मा को गिरफ्तार किया है।

# जागरण से लौट रही युवती से दुष्कर्म, शिकायत पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी गिरफ्तार, चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** चिनहट इलाके में जागरण से अकेले लौट रही युवती से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने घटना की जानकारी परिजन को दी। शिकायत पर आरोपी के परिजन ने पीड़िता को पीटा।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने बताया कि गांव में जागरण हो रहा था। शुक्रवार रात करीब 3 बजे वह जागरण से लौट रही थी। तभी तिकोनिया चिनहट का रहने वाले अनुज ने उसे रास्ते में अकेला देख रोक लिया। विरोध पर मुंह बंद कर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजन को बताई। तभी आरोपी अनुज की मां मंजू, बहन पूजा, चाचा सुनील और मनोज घर आ धमके। गाली गलौज करते हुए पीड़िता से मारपीट करने लगे। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है। आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## महिला से अभद्रता, विरोध पर पति का हाथ तोड़ा

**अमृत विचार, पीजीआईः** पीजीआई थाना क्षेत्र में शोहदे ने महिला से अभद्रता की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पति ने विरोध किया तो आरोपी ने सरिया से हमला कर हाथ तोड़ दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कल्ली पश्चिम में पीड़िता परिवार संग रहती हैं। बीते शुक्रवार को अजय नाथ ने महिला के साथ गाली गलौज व अभद्रता शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो अजय मारपीट कर वहां से भागने लगा। वहीं, महिला के शोर मचाने पर जब पति ने युवक को पकड़ने की कोशिश की तो उसने हमला कर दिया। जिसमें पीड़िता के पति का हाथ टूट गया।

# नौकरी का झांसा देकर एफडीए कर्मी ने किया यौन शोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जंगल में ले जाकर मारने का किया प्रयास

**अमृत विचारः** आलमबाग कोतवाली में युवती ने एफडीए कर्मी पर नौकरी का झांसा देकर फर्जी निकाह और चार वर्ष तक शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती निजी कंपनी में टेली कॉलिंग का काम करती है। वहीं पर उसकी दोस्ती सूर्य नगर के रहने वाले फूड ऐंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) कर्मी जमशेद खान से हुई। जमशेद ने उसे अच्छी नौकरी दिलाने वादा किया। नौकरी के नाम पर उसके साथ चार वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। फिर शादी का प्रस्ताव रखा और बिना घरवालों के निकाह कर लिया। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत आरोपी के घरवालों की तो सभी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि जमशेद 19 सितंबर को उसे एक जंगल में ले गए जहां उसको मारने की कोशिश की। किसी तरह युवती वहां से बचकर भाग निकली। आरोपी ड्रग्स एंड फूड में नौकरी करता है। जबकि पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं।

# राजस्थान से आए कारोबारी से लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्टी का झांसा देकर बुलाया धमकाकर ट्रांसफर कराए 1500 डॉलर

**अमृत विचारः** राजस्थान से अपने ड्राइवर संग कार से लखनऊ आए एक कारोबारी को उसके मित्र ने पार्टी में बुलाया। फिर दोस्तों संग मिलकर धमकाकर कारोबारी से वाईनेंस एप्प के माध्यम से 1500 डॉलर ट्रांसफर करवा लिए। फिर पीड़ित की चेन, मोबाइल और कारोबारी की कार लूटकर साथियों संग फरार हो गए। पीड़ित कारोबारी ने शनिवार को कृष्णानगर कोतवाली में नामजद आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजस्थान के चितौड़गढ़ निवासी रवि पटवा भीलवाड़ा में कार बाजार में कार खरीदने बेचने का काम करते हैं। करीब 2 वर्ष पहले उनकी मुलाकात जयपुर में विक्की निवासी दुबग्गा से हुई थी। विक्की भी कार बाजार में ही काम करता था।

आरोप है 3 दिन पूर्व वह अपने ड्राइवर मनीष पटवा के साथ कार से अयोध्या राम मंदिर घूमने के लिए आये थे। लखनऊ के सीतापुर रोड एक होटल में रुके थे। शुक्रवार शाम वह अपने ड्राइवर के साथ विक्की के कहने पर उसे साथ लेकर साली सीता अलीनगर सुनहरा निवासी के घर गए थे। इस दौरान विक्की के साथ उसके दो अन्य दोस्त भी थे। शाम को पार्टी के बाद विक्की ने मनीष को बोला कि रवि से पैसे लेकर दो। रुपए नहीं मिलने पर विक्की ने दोस्तों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बार बाद विक्की और उसके दोस्तों ने डरा धमकाकर वाईनेंस एप्प के माध्यम से 1500 डॉलर (भारतीय मुद्रा के अनुसार 1.26 लाख रुपये) अपनी आईडी में ट्रांसफर करवाए। साथ ही चेन और मोबाइल छीन गाड़ी लेकर भाग गए। पीड़ित कारोबारी ने शनिवार को लूटपाट की शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## फंदे से लटका मिला चालक का शव, हत्या का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी में शनिवार तड़के ट्रैक्टर चालक का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। पत्नी ने हत्या का आरोप लगाते हुए दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बड़ागांव निवासी सोनी गौतम ने बताया कि पति शशिभान गौतम (32) शुक्रवार सुबह बबुरिया खेड़ा निवासी मिठाई लाल के साथ गए थे शनिवार सुबह पांच बजे गांव के बाहर आम की बाग में ग्रामीणों ने शशिभान का शव पेड़ से लटका देखा। मौके पर परिजन व पुलिस भी पहुंच गई। मृतक की पत्नी ने मिठाई लाल पर हत्या कर शव को टांगने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## सार-संक्षेप

### घायलों को विधायक ने अपनी गाड़ी से भेजा अस्पताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित जी-20 रोड पर शनिवार रात रॉन्ग साइड दौड़ रही स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान उधर से गुजर रहे भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हादसा देखकर रुके। उन्होंने अपनी गाड़ी से तीनों को लोहिया अस्पताल भेजवाया। विधायक राजेश्वर सिंह रात करीब 11:30 बजे मौदा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इस बीच जी-20 रोड पर कुछ लोगों की भीड़ लगी थी। भीड़ देख विधायक रुके और घटना के बारे में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि फोन किया गया है, एंबुलेंस अभी नहीं आई है। विधायक ने बिना देर किए घायल अर्पित, रजत और आदित्य को अपनी गाड़ी से अस्पताल भेजा।

### कार हटाने के विवाद में ट्रांसपोर्टर को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार रात कार हटाने के विवाद में प्लाई कारोबारी ने ट्रांसपोर्टर व उनके साथियों को जमकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद निवासी ट्रांसपोर्टर जगत सिंह यादव अहिमामऊ में रहते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात वह दोस्त मनीष व भास्कर तिवारी के साथ कार से लौट रहे थे। जैसे ही वे ऑरेंज बिल्डिंग के पास पहुंचे, तभी उनके कार के सामने एक एसयूवी आकर रुक गई। उन्होंने गाड़ी हटाने को कहा तो एसयूवी सवार लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। वहां से गुजर रहे परिचित अंसल निवासी आनंद पाठक ने बीत बचाव किया तो आरोपियों ने उन्हें भी मारा। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि एसयूवी ड्राइवर गोमती नगर निवासी अंश यादव गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवक की हत्या में महिला मित्र के मंगेतर समेत दो गिरफ्तार

**अमृत विचार , लखनऊ :** जानकीपुरम के मड़ियांव निवासी आफताब (20) की हत्या उसकी महिला मित्र के मंगेतर ने अपने दोस्त के संग मिलकर की थी। शनिवार को पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आफताब मंगलवार शाम से लापता था। उसका शव शुक्रवार को घैला पुल के पास पड़ा मिला। आरोपी ने कुबूल किया कि प्रेम संबंध और मोबाइल पर लगातार बातचीत से नाराज होकर हत्या की थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह के मुताबिक मड़ियांव गांव निवासी मुख्य आरोपी फाजिल और उसके दोस्त आफाक को गिरफ्तार किया गया है। फाजिल ने पूछताछ में बताया कि जिससे उसकी शादी तय हुई है, उससे आफताब बातचीत करता था। उसको शक हो गया था कि दोनों का प्रेम संबंध है। इसलिए उसने साजिश के तहत हत्या कर शव ठिकाने लगाया।

### पेरोल के बाद से फरार आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर पुलिस ने 3 साल से फरार चल रहे आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्ष 2021 में 90 दिन के पेरोल पर बाहर आया था। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि विकासखंड-5 निवासी अंशुमान पांडे के खिलाफ वर्ष 2013 में हत्या के प्रयाय की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उक्त मामले में आरोपी को जेल हो गई थी। 5 मई 2021 में अंशुमन पांडे ने सुप्रीम कोर्ट से 90 दिन की पेरोल ली थी। 5 अगस्त को अंशुमान को आत्मसमर्पण करना था। आरोपित आत्मसमर्पण करने बजाए फरार हो गया। पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। शनिवार को गोमती नगर पुलिस की टीम ने अंशुमान को चंडीगढ़ के होटल मुबारक प्लाजा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कॉल करने के बहाने मांगा मोबाइल, फरार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के रॉयल सिटी, बिजनौर रोड निवासी संजना सिंह के मुताबिक बीती 7 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे उनकी बेटी जाह्नवी अपने घर के बाहर मोबाइल लिए खड़ी थी। तभी उधर से गुजर रहे एक बाइक सवार ने कॉल करने के लिए उससे उसका मोबाइल मांगा और मोबाइल लेकर बाइक से फरार हो गया। बाद में इसकी जानकारी जब संजना को हुई तो उन्होंने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने आजमाए दांव

**अमृत विचार निगोहां** : क्षेत्र के ग्राम परसपुर ठठा में रविवार को दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।जिसमें दूरदराज से आये पहलवानों ने अपने अपने अंदाज से दांव आजमाए। इस मौके पर नागेश्वर द्विवेदी व अमरेंद्र भारद्वाज जिला पंचायत सदस्य द्वारा पहलवानो का हाथ मिलवाकर दंगल की शुरुवात करवाई। इस अवसर पर दंगल के आयोजनकर्ता प्रधान मातादीन गौतम ,भसंडा प्रधान ललित शुक्ला ,मस्तीपुर प्रधान सूर्यकांत द्विवेदी भी उपस्थित रहे।



दंगल प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी पहलवान व अतिथि। अमृत विचार



**गस्त**

त्योहारों के मद्देनजर चौक पुलिस अलर्ट पर है। जिसके तहत डीसीपी पश्चिम जोन ओमवीर सिंह और एसीपी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने क्षेत्र में पैदल गस्त की।

# आरटीओ कर्मी के घर से 27 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चिनहट में आरटीओ के सब इंस्पेक्टर के बंद मकान से चोर 27 लाख के जेवर और 15 हजार रुपये नगदी चोरी कर ले गए।

मटियारी के गायत्री विहार में आरटीओ में सब इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार का घर है। वर्तमान में वे लखीमपुर खीरी में तैनात हैं। मटियारी में पत्नी माया बेटी के साथ रहती हैं। माया ने बताया कि गुरुवार देर शाम वह पिता को डॉक्टर को दिखाने गई थी। रात 10 बजे वह घर पहुंची तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर से 27 लाख रुपये कीमत के जेवर व 15 हजार रुपये नगदी गायब थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, बीकेटी के किशनपुर में सेवानिवृत्त दरोगा उमा शंकर मिश्र के घर में घुसकर चोरों ने 2.50 लाख रुपये कीमत के जेवर साफ कर दिये।

### सेंध लगाकर उड़ाया माल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम धनाखेड़ा गौंदा मुअज्जमनगर निवासिनी विधवा बिंदू के घर में चोरों ने पीछे से सेंध लगाकर बक्सा उठा ले गये। बक्से में लाखों के जेवर व 20 हजार रुपये थे। बिंदू के पति की करीब 6 माह पूर्व जहर खाने से मौत हो गयी थी। मौत के बाद बिंदू ने किसी तरह अपने को संभालते हुए बच्चों को पालने के साथ बड़ी बेटी की शादी तय की है। जिसकी गोद भराई की रस्म भी हो चुकी है। नवंबर में शादी होनी है। इससे पहले ही सारा सामान चोरी हो गया।

### मकान में लाखों की चोरी

**अमृत विचार,पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र में वृंदावन योजना के सेक्टर-6 बी स्थित पारिजात इंक्लेव में सोनम शर्मा रहती हैं। उनके मकान में फर्नीचर एवं प्लम्बरिंग का काम चल रहा है। बीते 6 अक्टूबर की रात चोरों ने उनके मकान से सभी नलों की टोटियां, 6 मोबाइल फोन, 15 हजार रुपये, सीसीटीवी कैमरे, तीन कैमरे के मेमोरी कार्ड, कीमती कपड़े समेत बैग तक बदमाश चोरी कर ले गए।

# प्लॉट, मकान और नौकरी के नाम पर चार से हड़पे 70 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में जालसाजों में प्लॉट, मकान और कुवैत में नौकरी के नाम पर चार लोगों से करीब 70 लाख रुपए हड़प लिए। जालसाजी के यह मामले गाजीपुर और विभूतिखंड के हैं। इसके अलावा जालसाजों ने मड़ियांव स्थित जमीन का फर्जी मालिक बन कर करोड़ों की जमीन कई लोगों को बेच दी।

इंदिरानगर सेक्टर -22 निवासी संतोष कुमार रस्तोगी ने बताया कि कुछ वक्त पहले परिचित चंदन सिंह बिष्ट ने अल्मोड़ा में जमीन दिलाने की बात की। एग्रीमेंट के बाद उन्होंने 15 लाख का चेक और 2.25 लाख खाते में ट्रांसफर किए थे। रजिस्ट्री के नाम पर आरोपी टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर कमीशन के तौर पर 50 हजार लिए। 8 साल बाद भी आरोपियों ने रजिस्ट्री नहीं की। 17.75 लाख की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने डीजीपी मुख्यालय में शिकायत की। निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं, विभव खंड -2 निवासी राकेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 में परिचित रामसुंदर सिंह, उनकी पत्नी सुमित्रा और बच्चों ने मकान खरीदने और व्यक्तिगत काम के लिए 44,94,750 रुपए उधार लिए थे। 3 साल बाद पीड़ित ने रुपए मांगे तो चेक दिया, जो बाउंस हो गया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के निर्देश पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, गाजीपुर जिले के रहने वाले रामकेवल राम ने बताया कि विभूतिखंड कॉरपोरेट टावर स्थित रियल एस्टेट कंपनी एल्पीडा होम्स प्राइवेट लिमिटेड के एजेंट अनूप कुमार सिंह ने संपर्क किया। जाल में फंसे पीड़ित ने प्लॉट के लिए हामी भरते हुए 5.50 लाख रुपए खाते में दिए। कम्पनी एमडी उद्देश्य तिवारी ने शेष रुपए देकर रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया। इसके बाद टालमटोल की। डीसीपी के निर्देश पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।इसके अलावा कैसरबाग के मॉडल हाउस निवासी मो. आरिफ खान बताया कि जुलाई 2024 में उन्हें विभूतिखंड स्थित वीजा स्पॉट एजेंसी का पता चला। फोन पर तान्या से बात हुई। जिसने कुवैत में नौकरी लगवाने का आश्वासन दे करीब 1.50 लाख रुपए ले लिए। पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मालिक बन बेच डाली जमीन

डालीगंज निवासी विमल चंद्र जैन ने बताया कि ग्राम गाजीपुर बलराम स्थित जमीन पर उनका, भाई विमल चंद्र, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, संदीप, सचिन और सौभाग्य देवी का कब्जा है। पीड़ित ने बताया कि जानकारी मिली कि कुछ लोग फर्जी मालिक बनकर जमीन का सौदा कर रहे हैं। खंगालने पर पता चला कि 2 अगस्त 2024 को एक विक्रय पत्र ज्ञान सिंह को की। जिसमें जमीन 4 करोड़ की दिखाई गई। लिखापढ़ी में 8 चेकों से भुगतान दिखाया गया। इसी तरह 3 सितंबर की दूसरा विक्रय ज्ञान सिंह, तालेराम और अंशुल यादव को किया गया। जिसमें जमीन 30 लाख की दिखाई गई। इसी दौरान ज्ञान सिंह ने 11 अगस्त को जमीन रेखा और तालेराम को बेचते हुए विक्रय विलेख के 2 करोड़ दिखाई। एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह के निर्देश पर मड़ियांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जालसाजों ने दो युवकों के खाते से उड़ाए 4.24 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर सेल की मदद से जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचारः** साइबर जालसाजों ने दो युवकों के खातों से 4.24 लाख रुपए उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने क्लोन बनाया तो कहीं शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर फंसाया। मड़ियांव और आशियाना पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से मामलों की जांच कर रही है।

मड़ियांव के एल्डिको इटरनिया अपार्टमेंट निवासी राजेश कुमार गुप्ता का बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बांदा में है। 7 अक्टूबर को जालसाज ने खाते से कई बार में 1.61 लाख रुपए पार कर दिए। अगले दिन पीड़ित ने रुपए निकालने का प्रयास किया। तब पता चला कि खाते से रुपए निकले हैं। राजेश का कहना है कि खाते से रुपए कटते रहे लेकिन न ही कोई मैसेज आया, न ही ओटीपी। पीड़ित ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी निवासी दीपक यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले शेयर मार्केट के व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। उसके बाद मुनाफे का झांसा देकर 2.63 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के बाद आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


गोमती नगर के विवेक खंड में दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजन के दौरान सिंदूर खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार


सिंदूर लगाने के बाद प्रसन्न मुद्रा में महिलाएं। अमृत विचार


बंगाली क्लब में विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की पूजा करने के बाद एक–दूसरे को सिंदूर लगातीं महिलाएं। अमृत विचार

## एक नजर

### श्रीराम राज्याभिषेक के साथ कलाकारों का हुआ सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुंभकरण, मेघनाद, रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक व पारितोषिक वितरण के साथ सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे पांच दिवसीय रामलीला के 32वें मंचन का समापन हो गया। मुख्य अतिथि मौजूद एमएलसी पवन सिंह चौहान ने हनुमान जी की आरती से रामलीला की शुरुआत की। आखिर में समिति के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, महामंत्री जितेंद्र मिश्रा, संयुक्त मंत्री शांति स्वरूप शुक्ला, निर्देशक उमाशंकर राठौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पार्षद मान सिंह यादव, सत्य नारायण मौर्या, सत्य नारायण वर्मा, नरेश सिंह, मान सिंह, अशोक सिंह, संजीव तिवारी सहित समिति के समस्त पदाधिकारी व स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

### विजयी भव की थीम पर मनाई गई विजयादशमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विजयादशमी का पर्व मुक्ति फाउंडेशन संस्था के तत्वावधान में धूमधाम और उल्लास के साथ विजयी भव की थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर रामायण के पात्रों का सूक्ष्म मंचन प्रस्तुत किया जो अद्भुत और प्रेरणादायक था। बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण जैसे प्रमुख पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए रामायण की शिक्षाओं को समझाया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया बल्कि प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की याद दिलाई।

### किसानों ने फूंका एलडीए व आवास विकास का पुतला

**अमृत विचार,गोसाईंगंज :** सुल्तानपुर रोड पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेतृत्व में विजयादशमी के अवसर पर किसानों ने आवास विकास और एलडीए का रावण रूपी पुतला दहन किया। मालूम हो कि जमीन अधिग्रहण व मुआवजे को किसान पिछले 32 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना दे रहे हैं।

# सिंदूर खेल भक्तों ने दी मां को विदाई

## मूर्तियों का किया गया विसर्जन, भक्तिभाव से सराबोर नजर आया शहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महिलाओं ने सिंदूर खेलने की रस्म के साथ रविवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान भक्तों ने माता के जयकारे लगाये और भक्त भक्तिभाव से भरा हुआ नजर आया। शहर में कई जगहों पर विजयादशमी के अगले दिन दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। इसके लिए शहर में अलग-अलग जगह पंडाल लगाए गए थे।

मां की आराधना करने के बाद बंगाली समाज की सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर लगाने की परंपरा निभाई। रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करने से पहले बंगाली समाज ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। हालांकि विजयादशमी मुहूर्त के हिसाब से 12 अक्टूबर को था लेकिन शनिवार के चलते मां की मूर्ति का विसर्जन नहीं किया गया। इस कारण सिंदूर की परंपरा रविवार को निभाई गई।

गोमती नगर स्थित रविंद्र पल्ली और कैसर के बंगाली क्लब में बंगाली समाज की विवाहित महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची थीं। दुर्गा माता से परिवार की सुख, समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की। सभी सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को पान के पत्ते से सिंदूर चढ़ाया। साथ ही मां दुर्गा को पान और मिठाई भी खिलाई। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर जश्न मनाया।


जेसीबी से दुर्गा मां की मूर्ति विसर्जित करते लोग।


चारबाग स्थित सेवाग्राम कालोनी में सिंदूर खेलतीं महिलाएं।

**सेवाग्राम कालोनी में महिलाओं ने सिंदूर खेला**

आदर्श सेवा समिति की ओर से सेवाग्राम कालोनी चारबाग में रविवार को महिलाओं ने सिंदूर खेला जिसके बाद मां की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रेसीडेंट रोहित अग्रवाल, विजय भाटिया, रविन्द्र माधव और आयोजक पीके घोष उपस्थित रहे।

# रामकृष्ण मठ में दुर्गा पूजन के साथ हुआ वायलिन वादन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **कोलकाता के असीम दत्त व रामकृष्ण मठ के स्वामी पारगानन्द ने भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी**

**अमृत विचार :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में 6 दिवसीय दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन 8 अक्टूबर से किया गया। दुर्गा पूजा के 5वें दिन मठ में सुबह 5 बजे से पारम्परिक रीति रिवाजों के साथ शहनाई की ध्वनि व मंगला आरती की गई। इसके बाद महानवमी पूजा शुरू हुई।

कोलकाता के असीम दत्त एवं रामकृष्ण मठ के स्वामी पारगानन्द ने भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान तबले पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शुभम राज ने संगत की। देवी को महास्नान कराने के बाद उन्हें पुष्पांजली अर्पित की गई।

मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने बताया कि पूजा का मुख्य उद्देश्य हमारे मन के भीतर छिपी हुई आसुरी प्रवृत्तियों को नष्ट करना और दिव्य प्रकृति को अपने भीतर समाहित करना है। उसके लिए प्रतीकात्मक रूप से एक लौकी की बलि दी गई। हवन में दिव्य देवी मां की 108 घृत मिश्रित बिल्वपत्र पवित्र मंत्रों के साथ अर्पण किया गया। पूजन के बाद यह प्रार्थना की गई कि हमारे अन्दर अज्ञानता के अंधेरे को दूर करे व हमारे दिल में जो अशुद्धियों का स्रोत है उसे भस्म कर दे।

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वायलिन वादन का आयोजन हुआ। लखनऊ के जाने माने वायलिन वादक पण्डित अशोक गोस्वामी ने यहां वायलिन वादन किया। उनके साथ सारंग पाण्डेय ने टेबल पर संगत की। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पण्डित अशोक गोस्वामी प्रख्यात वायलिन कलाकारों में से एक हैं और संगीत के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं। वे प्रसार भारती के एक उच्च श्रेणी के कलाकार हैं। ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के राष्ट्रीय संगीत कार्यक्रम में कई बार अपना वायलिन वादन प्रस्तुत कर चुके हैं।

तबला वादक सारंग पाण्डेय ने तबला गुरु पंडित रंगनाथ मिश्रा से 20 वर्षों तक पारंपरिक तबला शिक्षा प्राप्त की। वह आकाशवाणी के स्वीकृत तबला कलाकार हैं तथा भातखंडे विश्वविद्यालय में तबला शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठे रामलीला मैदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बुराई पर अच्छाई के जीत का विजयादशमी त्योहार राजधानी में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। रामलीला मंचन के दौरान राम ने रावण का वध किया और इसके बाद रावण के पुतले पर आग लगा दी गई। इस दौरान लाखों लोग एक साथ में जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। ऐशबाग रामलीला मैदान, सदर पुराना किला, अलीगंज और चिनहट में रावण दहन किया गया। मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले भी जलाए गए। इस दौरान जमकर रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई।

दशहरे पर रामलीला मैदान में 60 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। आग लगते ही हर कोई उत्साह से भर गया। यहां की रामलीला पूरे शहर की सबसे प्रसिद्ध रामलीला है और शहर में सबसे बड़ा रावण ऐशबाग में ही दहन किया जाता है। रावण दहन के बाद जमकर रंग-बिरंगी आतिशबाजी हुई। रामलीला मैदान में भीड़ इतनी थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। ऐशबाग में विजयादशमी के मौके पर मेले का आयोजन होता है जहां दूर-दूर से लोग मेले का आंनद उठाने आते है। अवकाश होने के कारण लोग अपने बच्चों को साथ लेकर मेला घूमने आये और देर रात तक मेले में खरीदारी करते रहे।


**रामलीला :** ऐशबाग में राम के द्वारा रावण का वध करने के बाद खुशी मनाती राम की सेना।

# विपत्ति आई तो कुंभकरण को जगाने पहुंचा रावण

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के सेक्टर सी स्थित रामलीला मैदान में रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला महोत्सव के छठे दिन की शुरुआत रावण के अपने भाई कुंभकरण के पास जाने और उसे अपने ऊपर आई विपत्ति बताने से हुई। रावण को देखकर कुंभकरण पूछता है कि भाई अचानक मुझे जगाने का प्रयोजन क्या है और तेरा चेहरा क्यों सूखा हुआ है तब रावण बताता है कि कौशल पुरी के राजकुमार राम और लक्ष्मण ने अपनी वानर सेना के साथ लंका पर आक्रमण कर दिया है। भाई पर आए संकट के लिए कुंभकरण रावण का आदेश मानकर युद्ध के लिए चला जाता है।

## सार-संक्षेप


ज्योति ज्वार को विसर्जित करने के लिए लाइन में खड़ीं छत्तीसगढ़ की महिलाएं।

### विसर्जन के दौरान बिखरा छत्तीसगढ़ की संस्कृति का आकर्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान इस बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति भी देखने को मिली। मिट्टी के पात्रों में धान उगाकर (ज्योति ज्वार) उसे अपने सिरों पर रखकर महिलाएं गोमती तट पर दुर्गा प्रतिमा के साथ पहुंचीं तो एक दर्शनीय दृश्य देखने को मिला। दुर्गा पूजा के मामले में बंगाल से जुड़े लोग ही ज्यादा सक्रिय रहते हैं। उनके पंडाल भी अलग हटकर रहते हैं। इस बार राजधानी में बनाये गए दुर्गा पूजा पंडालों ने 36 पंडाल कोलकाता से आये कलाकारों ने ही तैयार किये। इस बार गोमती तट पर उत्साह पूर्ण माहौल में प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे लोगों ने छत्तीसगढ़ की परम्परा को भी शामिल होते देखा तो इसे काफी पसंद किया गया।

### नन्हे-मुन्ने सीता और राम के दर्शन कर भाव विभोर हुए लोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मधु विजय जन कल्याण समिति की ओर से एकता नगर संगम विहार में भ्रष्टाचार के रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। लोग नन्हे– मुन्ने राम और सीता के दर्शन कर भाव विभोर हुए। खुशप्रीत कौर, अन्नू यादव, सिद्धि नारायण, आराध्या यादव, दीप्ति, उन्नति, श्रेया, शुभम विश्वकर्मा, समृद्धि नारायण, संस्कार सिंह, विष्णुराज, मान्या गौतम, संध्या, आदित्य सिंह, प्रदात्य मिश्रा, निहारिका ने देश भक्ति और भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इस आयोजन में पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू और समाजसेवी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देवेंद्र नारायण, अभिषेक श्रीवास्तव भी इस मौके पर मौजूद रहे। कामनेशु के संचालन में हुए इस कार्यक्रम का निर्देशन श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया।


दीप प्रज्जवलित कर मेले की शुरुआत करते पुलिस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### 52 फीट के रावण के पुतले का किया गया दहन

**अमृत विचार, निगोहां :** शनिवार को दशहरा पर्व पर बाल दशहरा मैदान में रावण दहन का मुख्य आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें 52 फीट ऊंचे रावण के पुतले को दहन किया गया। रावण दहन के पहले राम–रावण युद्ध का मंचन हुआ। प्रभु श्रीराम के धनुष से तीर छूटते ही असत्य व अधर्म के प्रतीक रावण का दंभ चूर हो गया और धू–धू कर जलने लगा। इस अवसर पर मेला प्रबंधक संजीव शुक्ला भाजपा नेता गोविंद नरायन शुक्ला, डीसीपी केशव कुमार मिश्रा, एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी अनुज तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


पुनर्वास विवि में ब्रेल लिपि में लिखी श्रीरामचरित मानस का पाठ करते लोग।

### ब्रेल लिपि में लिखी रामचरित मानस का हुआ पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थी ब्रेल लिपि में मुद्रित रामचरित मानस का लयबद्ध पाठ कर रहे हैं। दृष्टिवान व्यक्तियों को भी रामचरित मानस का पाठ करते समय अनेक बार उच्चारण दोष हो जाता है। लेकिन विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के दम पर रामचरित मानस का पाठ पूरे लय और ताल के साथ कर रहे हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य दृष्टिबाधित विद्यार्थी तबले, हारमोनियम व अन्य वाद्य यंत्रों पर रामचरित मानस के पाठ के समय संगत प्रदान कर रहे हैं। जिसे देखकर हर कोई भावविभोर हो जा रहा है।

# शस्त्र पूजन कर राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विजयदशमी के पर्व पर भारतीय क्षत्रिय समाज की ओर से शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समागम का स्वागत भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह गहलोत ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरी, लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के मुख्य सेवादास डॉ. विवेक तांगड़ी के स्वागत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह गहलोत ने क्षत्रियों को एक रहते हुए अपनी शक्ति को स्थापित कर सनातन के नेतृत्व के लिए आह्वान किया। उन्होंने राम के आदर्श, त्याग, संकल्प व सहिष्णुता तथा महाराणा प्रताप के बलिदान के विषय में बताया। वहीं डॉ. दिनेश शर्मा ने शास्त्र और शस्त्र दोनों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. महेंद्र सिंह ने क्षत्रिय समाज से राष्ट्रहित में कार्य करने के अपील की तो वहीं विधायक राजेश्वर सिंह ने क्षत्रियों से लोक रक्षक की भूमिका निभाने की बात कही। कार्यक्रम में धन्यवाद राष्ट्रीय संयोजक छेदी सिंह द्वारा प्रेक्षित किया गया। इस अवसर पर डाक्टर पंकज सिंह भदौरिया के अध्यक्ष पद की घोषणा की गई।



शस्त्र पूजन के दौरान उपस्थित राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य। अमृत विचार

▸▸ **भारतीय क्षत्रिय समाज ने किया शस्त्र पूजन**

# महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **दीप प्रज्जवलन के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत**

**अमृत विचारः** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में रविवार को रघुवर मैरिज लॉन इन्दिरा नगर में आयोजित उड़ान डांडिया उत्सव में महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम की शुरुआत गौरी-गणेश पूजन के बाद विशिष्ट अतिथि अल्पना पांडे और डीआईडी सुपर मॉम और लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह में सविता, शिखा, नीतू, रितिका, मुस्कान, निशा, सुनीता, रेखा, ऊषा, कल्पना, रोली, खुशबू, नीरज, अमृता, ममता, स्वीटी और अलका ने झूमे रे झूमे रे गोरी डांडिया में झूमे रे गोरी पर आकर्षक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया।

अर्पिता, पारुल, रचना उपाध्याय, कल्पना तिवारी, सुनीता पटेल संग अन्य महिलाओं व युवतियों ने ढोल बाजे ढोल बाजे की ढोली तारो ढोल बाजे, नगाड़ा संग ढोल बाजे जैसे अन्य फिल्मी गैर फिल्मी गीतों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन मनीष पंडित ने किया।

# शिल्पा के सिर सजा करवा क्वीन का ताज

**अमृत विचार, लखनऊ :** इसी का नाम जिंदगी संस्था की ओर से करवाचौथ उत्सव का आयोजन हजरतगंज स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य अतिथि रहीं। संस्था की अध्यक्ष व आयोजक कविता शुक्ला ने बताया कि उत्सव में 80 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उत्सव में आयोजित हुई करवा क्वीन प्रतियोगिता का निर्णय तीन चरणों में किया गया। जिसकी निर्णायक मंडल में अभिनेत्री पुनीता अवस्थी मौजूद रही। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने करवा के गीतों पर शानदार प्रदर्शन अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही एंकर अमृता सिंह ने महिलाओं से करवा संबंधी मनोरंजक सवाल किए। जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिल्पा सिंह को करवा क्वीन चुना गया। प्रतिभागी श्रुति धमीजा रनरअप और सुधा सिंह फर्स्ट रनरअप रहीं।

# रामराज और समाजवाद दोनों का लक्ष्य शोषणमुक्त समाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी बौद्धिक सभा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममनोहर लोहिया की प्रतिमाओं की सफाई किया और पुष्प चढ़ाकर उनको नमन किया। समाजवादी बौद्धिक सभा के अध्यक्ष समाजवादी चिन्तक दीपक मिश्र ने विश्वविद्यालय परिसर और चौक में स्थापित लोहिया की प्रतिमाओं की सफाई किया और कहा कि लोहिया की प्रासंगिकता पहले से और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने लोहिया के समाजवाद की चर्चा करते हुए कहा कि समाजवाद और रामराज्य को वह समदर्शी मानते थे। लोहिया ने रामायण मेला की संकल्पना की और सीताराम राज्य की अवधारणा दी। समाजवाद और रामराज्य दोनों का लक्ष्य शोषणविहीन समता मूलक समाज की स्थापना है।

भाजपा सरकार की सोच लोहिया के समाजवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विपरीत है। इसीलिए दोनों महान नेताओं का नाम अप्रतिम योगदान के बावजूद भारत रत्न की सूची में नहीं है। समाजवादी बौद्धिक सभा ने मांग किया कि लोहिया और दीनदयाल को भारत रत्न मिलना चाहिए। बौद्धिक सभा रामराज्य, राष्ट्रीयता व समाजवाद के आदर्श व समदर्शिता पर व्यापक बहस चलाएगी। चौक स्थित लोहिया पार्क की उपेक्षा और टूटी नामपट्टिका पर दीपक ने रोष प्रकट किया। इस अवसर पर सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रो. दीपक राय, ब्रजेश मिश्र, समाजवादी छात्र नेता धीरज यादव, दौलत अली, मोहम्मद गुलाम, जावेद, हिमांशु समेत कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।


लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान मौजूद समाजवादी बौद्धिक सभा के लोग। अमृत विचार


टूटी हुई नाम पट्टिका दिखाते दीपक मिश्र।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# पीएम गति शक्ति पहल

देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। इस बीच देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में सुधार, डिजिटलीकरण प्रयास और दक्षता में वृद्धि शामिल है। पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी प्रमुख पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यापार सुविधा को बढ़ाने में योगदान दिया है। 44 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हुए। यह एकीकरण भारत की 2070 तक नेट जीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के साथ मिलकर, पीएम गतिशक्ति ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, एंटरप्रेन्योरशिप और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत है, जो कि विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत के निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बहुत कम हो जाती है। वास्तव में पीएम गतिशक्ति ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है और बेहतर सेवा वितरण को सक्षम किया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। एक समग्र एवं एकीकृत परिवहन कनेक्टिविटी रणनीति ने 'मेक इन इंडिया' का समर्थन किया है और परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत किया है, जो आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यह पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और ज्यादा स्मार्ट तथा मजबूत कर रही है। साथ ही भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा और विकास के भविष्य को आकार दे रही है। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे- असंबद्ध योजना, मानकीकरण की कमी, मंजूरी संबंधी चुनौतियां दूर करने के साथ-साथ समय पर बुनियादी अवसंरचना की क्षमता के निर्माण एवं उपयोग में मदद मिली है। कुल मिलाकर पीएम गति शक्ति सही दिशा में उठाया गया एक कदम साबित हुआ है। हालांकि इसे उच्च सार्वजनिक व्यय से उत्पन्न संरचनात्मक और व्यापक आर्थिक स्थिरता संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# मिलजुल कर काम करेंगे एआई युक्त रोबोट्स और मानव


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं।

हमारी पृथ्वी पर जीवन के लाखों प्रकार के रूप दिखाई पड़ते हैं। इन सभी रूपों को बनाने के लिए प्रोटीन्स का बहुत बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन के आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। ये हमारे जीवन की ईंटें हैं। प्रोटीन्स हमारे शरीर के रासायनिक उपकरणों के रूप में अत्यंत अद्भुत क्षमता रखते हैं। वे उन सभी रासायनिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित और संचालित करते हैं, जो मिलकर जीवन का आधार बनाती हैं।

प्रोटीन्स हार्मोन, सिग्नल पदार्थ, एंटीबॉडीज और विभिन्न ऊतकों के निर्माण के खंडों के रूप में भी कार्य करते हैं। ये पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये पृथ्वी पर जीवन के अरबों वर्ष के विकास के परिणामस्वरूप विकसित हुए हैं। ये प्रोटीन्स करोड़ों प्रकार के पाए जाते हैं। कोई हमारी मांसपेशियां बनाता है, कोई सींग, बाल, पंख, हार्मोन्स, एंटीबॉडीज, एंजाइम्स, खून, विष, हड्डियां और शरीर के तमाम अन्य अंग। ये हमारी कोशिकाओं का साइटोप्लाज्म और उसकी कोशिका झिल्ली बनाते हैं। ये कोशिका झिल्ली पर बैठकर विभिन्न रिसेप्टर्स बनाते हैं। ये विभिन्न संचार चैनल्स बनाते हैं। इनके कामों का अंत ही नहीं है। हमारे जीन्स इनका नियंत्रण करते हैं। ये हमारी कोशिकाओं के राइबोसोम्स में बनते हैं। हमारे जीवन के लिए इतने महत्वपूर्ण घटक प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना हमें जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह हमारे लिए अनेक प्रकार से बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत आवश्यक है।

इस बार का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रोटीन्स की संरचना की खोज के लिए दिया गया है। ये वैज्ञानिक हैं डेविड बेकर, ब्रिटन डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जंपर। इन वैज्ञानिकों की खोजों ने इन अद्भुत प्रोटीनों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ बताया है। इसके अतिरिक्त इन खोजों ने 50 साल पुराने सपने को साकार किया है और वह सपना है- एमिनो एसिड्स के परस्पर जुड़ने के अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करना। इन दोनों खोजों ने व्यापक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। सामान्यतः प्रोटीन्स 20 विभिन्न एमीनो एसिड्स से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें जीवन के निर्माण खंडों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ये मोटे-मोटे 20 एमीनो एसिड्स विभिन्न संख्याओं और विभिन्न अनुक्रमों में जुड़कर करोड़ों प्रकार के प्रोटीन्स बनाते हैं।

> प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे। मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिन्हें औषधियों, टीकों, नैनोमटेरियल्स और छोटे सेंसरों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी खोज प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी से संबंधित है। प्रोटीन्स में एमीनो एसिड्स लंबी श्रृंखलाओं में जुड़े होते हैं, जो तीन आयामी संरचना बनाने के लिए मुड़ते हैं और यह संरचना प्रोटीन की कार्यक्षमता के लिए, उसके किसी विशेष कार्य के लिए, निर्णायक होती है।

1940 के दशक से शोधकर्ता एमीनो एसिड अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यह अत्यधिक कठिन साबित हुआ। सन 1950 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के जॉन केंडू और मैक्स पेरुट्ज ने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का प्रयोग करके प्रोटीन के थ्री आयामी मॉडल बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था, लेकिन एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी से प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना एक कठिन कार्य था। इससे अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में प्रोटीन्स के बारे में जाना जा सका था। अब से चार साल पहले एक आश्चर्यजनक सफलता मिली।

सन 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने गूगल की एक शाखा डीप माइंड में काम करते हुए एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई मॉडल) प्रस्तुत किया, जिसे अल्फा फोल्ड-2 कहा जाता है। इसकी मदद से वे उन लगभग 20 करोड़ प्रोटीनों की संरचना की भविष्यवाणी करने में सक्षम हुए हैं, जिन्हें शोधकर्ताओं ने पहचाना है। उनकी इस सफलता के बाद, अल्फा फोल्ड-2 का उपयोग 190 देशों के बीस लाख से अधिक लोगों द्वारा किया गया है।

प्रोटीन्स की संरचना जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विभिन्न संरचना के प्रोटीन्स विभिन्न कार्य करते हैं। एमीनो एसिड्स की श्रृंखलाएं विशेष प्रकार से मुड़कर विशेष प्रकार के प्रोटीन्स का निर्माण करती हैं। किस प्रकार के एमीनो एसिड्स को किस प्रकार जोड़ने पर वह किस प्रकार मुड़ेंगे और कौन सी प्रोटीन बनाएंगे, यह जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन वैज्ञानिकों के कार्यों ने हमारे लिए वह रास्ता खोल दिया है। अब अनेक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में शोधकर्ता एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और ऐसे एंजाइमों की छवियां बना सकते हैं, जो प्लास्टिक को विघटित कर सकते हैं। वह अनेक प्रकार के एंजाइम्स और हार्मोन्स बना सकते हैं। वह जीवन के बिल्डिंग ब्लॉक्स बना सकते हैं। पृथ्वी पर जिस प्रकार का जीवन हम जानते हैं, वह जीवन प्रोटीनों के बिना संभव नहीं हो सकता। अब जब हम प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं और अपने स्वयं के प्रोटीन डिजाइन कर सकते हैं तो यह ज्ञान मानवता के लिए बहुत बड़ा लाभ प्रदान करता है। इन वैज्ञानिकों की ये खोजें वास्तव में क्रांतिकारी खोजें हैं। इस बार का मेडिसिन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार भी माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दिया गया है। यह भी हमारे जींस के नियंत्रण के लिए एक बहुत आवश्यक चीज है। इस बार फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार भी कृत्रिम तंत्रिका जाल, कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग में विशेष खोजों के लिए दिया गया है।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे।

मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वह एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक अपनी इस जिज्ञासा, लगन और परिश्रम से पहुंचा है। हमें मानव के स्वयं और इस विश्व को समझने के प्रयासों और परिश्रम को नमन करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# जीवन का सत्य

> अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

बीते दिनों लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा मुख्यालय के सामने से गुजरते समय सहाराश्री की याद आ गई। इस विशाल परिसर में कभी सहाराश्री सुब्रत राय अपने अधीनस्थों के साथ राजसी शान से रहा करते थे। इस परिसर में होने वाले आयोजनों में मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नौकरशाह तक उपस्थित होने में अपना गौरव समझते थे। आज यह परिसर वीरान और श्रीहीन पड़ा है।


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

सुब्रत राय ने अपनी पोंजी योजनाओं से गरीब जनता की अपार धनराशि एकत्र कर विशाल साम्राज्य खड़ा किया था। वक्त की ऐसी मार पड़ी कि गरीबों का पैसा न वापस करने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें सालों जेल में रखा और अंत में असहाय अवस्था में बीमारी से वह दिवंगत हो गए और उनके अंतिम संस्कार में विदेश में रह रहे उनके बेटे भी सम्मिलित होने नहीं आए। कितने दुर्भाग्यशाली थे वे! कबीर ने सही कहा है-"निर्बल को न सताइए,जाकी मोटी हाय,/ मुई खाल की स्वांस से, सार भस्म हो जाए।" अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

जीवन का सत्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति खाली हाथ ही अंतिम यात्रा पर प्रस्थान करता है। किसी के जाने पर लोग दुःखी होते हैं और किसी के जाने पर ...? सब देखते, जानते हुए भी हम अनैतिक कार्यों से धन संचय करने में लिप्त रहते हैं। स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का नुकसान करते हैं। परंतु क्यों? यही यक्ष प्रश्न है।

# शेयर बाजार और गांधी का सूत्र


डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

> सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार छोटे निवेशकों के मध्य भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने जहां एक ओर देश के छोटे-छोटे कस्बे तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं दूसरी ओर कम समय में बड़ी धनराशि अर्जित करने के मोह के चलते 91.1 प्रतिशत छोटे निवेशकों को अपनी छोटी-छोटी पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस वर्ष मात्र नौ प्रतिशत से भी कम निवेशकों द्वारा ही शेयर मार्केट से लाभ अर्जित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों के मध्य अपनी पूंजी गंवाने का यह आंकड़ा 89 प्रतिशत के लगभग था।

देश के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि जहां हम संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं और विश्व के बड़े धन्नासेठों की सूची में भारतीयों के नाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, वहीं देश में छोटे निवेशकों का 91 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपनी पूंजी गंवाता जा रहा है। आर्थिक असमानता की यह बढ़ती हुई खाई निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है, ऐसे में शेयर बाजार में लागू नीतियों के संबंध में महात्मा गांधी द्वारा कहा गया वह सूक्त वाक्य अवश्य याद किया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने देश के नीति-नियंताओं को किसी भी नीति के क्रियान्वयन से पूर्व इस कसौटी पर परखने की आवश्यकता बताई थी कि वह नीति देश के सबसे निचले तबके के व्यक्ति पर क्या प्रभाव डालने वाली है।

सेबी ने पिछले वर्ष ही शेयर बाजार को विभिन्न सूचकांकों में विद्यमान वायदा एक्सपायरी के लिए इतनी अधिक साप्ताहिक तिथियां तय कर दी थीं कि सप्ताह के प्रत्येक दिन किसी न किसी सूचकांक में वायदा कारोबार की एक्सपायरी होने लगी थी। इतना ही नहीं वायदा कारोबार में छोटे निवेशकों के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए निफ्टी, बैंक निफ्टी सहित अनेक सूचकांकों में वांछित न्यूनतम धनराशि को भी कम कर दिया था।

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी, परंतु इस नीति को लागू करने से पहले सेबी ने इसे गांधी की उस सूक्ति की कसौटी पर नहीं कसा, जिसमें नीति के क्रियान्वयन से पूर्व समाज के सबसे निचले तबके पर उसके प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम यह हुआ कि सेबी द्वारा शेयर बाजार की पहल पर लागू की गई इस नीति के चलते देश के तीन प्रतिशत अतिरिक्त छोटे निवेशकों को उनकी पूंजी गंवाने में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन किया।

सेबी द्वारा हाल में ही नए निर्देश जारी करते हुए भारतीय वायदा कारोबार में निवेश की सीमा को तीन गुना तक बढ़ाने और प्रति एक्सचेंज एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रकार अब से केवल निफ्टी सूचकांक में साप्ताहिक एक्सपायरी होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 10 अक्टूबर को जारी अपने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी है कि आगामी 13, 18 और 19 नवंबर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के साप्ताहिक वायदा संविदाओं (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) को बंद कर दिया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक 1.13 करोड़ छोटे निवेशकों ने इस वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करते हुए पर 1.81 लाख करोड़ रुपये की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा दिया है। अकेले वित्तीय वर्ष 23-24 में ही छोटे निवेशकों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई के 75 हजार करोड़ रुपये गंवाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में शेयर बाजार के छोटे निवेश के प्रत्येक कारोबारी द्वारा औसतन एक लाख बीस हजार का वार्षिक नुकसान किया गया है। चूंकि शेयर बाजार का वायदा कारोबार "जीरो सम गेम" होता है अर्थात शेयर बाजार में विद्यमान कारोबारियों के मध्य हानि और लाभ का योग शून्य होता है, इसलिए छोटे निवेशकों को जितनी हानि होती है उतना ही लाभ बड़े निवेशकों को होता है। इसके चलते विगत वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों की जेब से निकला 75 हजार करोड़ रुपया बड़े निवेशकों की जेब में जा चुका है।

बहरहाल अब 20 नवंबर से सभी एक्सचेंजों में एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी होगी, परंतु इस निर्णय को लागू करने से पहले भी हमने इसे महात्मा गांधी द्वारा निर्देशित उस सूक्ति वाक्य की कसौटी पर कसने की औपचारिकता का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए छोटे निवेशकों के हित में इसकी सफलता प्रश्नचिन्हित हो सकती है।

## सोशल फोरम

# सिर्फ कमियां देखने वाले

> यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ।

हर इंसान की जिंदगी के अच्छे और बुरे पक्ष को बता सकता हूं, जो लोग किसी की भी जिंदगी में बुरे पक्ष को ही उजागर करते हैं, वह तो पहले ही अपनी बुराई का पता दे देते हैं। बेचारे अपनी कमजोरियों से इतने लाचार हैं कि किसी के लिए दो अच्छे शब्द भी बोलने पर उनका वजूद बिखरने को होता है।


हफीज किदवई
लेखक

यह मक्खी सिफत लोग होते हैं, जो गंदगी ढूंढकर, उस पर अपने पर फैलाकर भुन-भुन करते हैं। इनके पास लोगों की जिंदगी में अच्छाई नजर नहीं आती। यह सिर्फ बुराई ही देख पाते हैं। जब जमाना किसी को अच्छा कहता है, तब यह बताते हैं कि फलानी रात में, फलानी जगह यह गलत पाए गए थे। अबे कभी तो किसी के लिए मुंह से दो-चार अच्छे शब्द भी बोल दिया करो। यह न करके तुम अपनी तरबियत का पता देते हो, जो यही है कि सिर्फ कमियों पर निगाह रखो। मेरे एक दोस्त हैं, जिन्हें दुनिया की कोई फिल्म अच्छी नहीं लगती। खासकर जिसकी सब तारीफ करें, उसकी बुराई में तो वह बरस भी निकाल सकते हैं। भाईसाहब को जब कोई फिल्म की कहानी, एक्टिंग सब भी ठीक लगे, तो डायरेक्टर की निजी जिंदगी की खामी निकालकर उसे बुरा कहेंगे। अब इनका क्या ही किया जाए, सिवाए इसके की इनकी इस गंदगी के साथ इन्हें बर्दाश्त करो।

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ। यह जो अलग दिखने की चाह है, यही उन्हें अक्सर इंसानी जात से भी अलग कर देती है। यह लोगों के चर्चा में आने का इंतजार करते हैं, वह चर्चा चाहे सफलता की हो या मौत की, मगर इन्हें इसी चर्चा में अपने हिस्से को उड़ेलना होता है। जबकि उसी पैमाने पर खुद की जिंदगी को रखकर देंखे तो बचपन में पढ़े इस मुहावरे का अर्थ भी और सूरत भी दिख जाए-सूप तो सूप, चलनी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

-फेसबुक वॉल से

# कम होती सामाजिकता की गुंजाइश


अनूप शुक्ल
कानपुर

> ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते।

दो दिन पहले शहर में कहीं जाना था। शाम का समय। एक मांगलिक कार्यक्रम में। पहले सोचा अपनी गाड़ी से जाएं, लेकिन फिर शहर में गाड़ी खड़ी करने की समस्या और दीगर बातें सोचकर तय किया कि ओला से चले जाएं। गाड़ी बुक की। तीन बार। तीनों बार ड्राइवर बोला -'आपकी लोकेशन से दूर हैं। कुछ पैसे राइड के अलावा दें तो आएं।' हमने राइड कैंसल कर दी। ये ओला/उबर/रैपिडो वाली गाड़ियां बुक होती हैं तो गाड़ी वालों को पैसा वहीं से मिलता, जहां से सवारी उठाते हैं। सवारी तक पहुंचने की दूरी उनको अपने खर्चे पर तय करनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि पांच किलोमीटर की दूरी के लिए पांच से ज्यादा किलोमीटर तय करना होता है। ड्राइवर मनाकर देता है या ज्यादा पैसे मांगता है। कंपनियों को इसका इलाज करना चाहिए कुछ।

बहरहाल राइड कैंसल करने के बाद तय किया अपनी गाड़ी से ही चलते हैं। निकल ही रहे थे कि फौन आया-"कहां आना है? किस जगह है घर आपका?" पता चला कि हमारे राइड कैंसल करने के बाद भी अगली गाड़ी बुक हो गई। पता नहीं कैसे? जबकि हमने बुकिंग से मना किया था। खैर हम इंतजार कर रहे थे। गाड़ी नक्शे पर आती दिखी। पास आ गई, लेकिन कहीं कोई कार दिखी नहीं। हमने फोन किया तो पास आ गए दुपहिया वाहन का ड्राइवर बोला -'आ गए। चलिए।' हमारे लिए ताज्जुब की बात थी। अपनी समझ में हमने कार की बुकिंग की थी। वो भी करके कैंसल कर दी थी। ये दुपहिया कहां से बुक हो गई? "हो जाती है जब आप कोई भी गाड़ी का विकल्प क्लिक करते हैं।"-हेलमेट लगाते हुए दुपहिया सवार बोला। हम बमुश्किल तमाम बैठे पीछे। सीट काफी ऊंची लगी। पैर घुमा के बैठने में लगा कि जांघ का जोड़ हिल गया। शायद इसीलिए महिलाएं एक तरफ ही पैर करके बैठती हैं दुपहिया गाड़ियों में। दुपहिया चालक बालक ही था। बताया कि दादानगर में एक कंपनी काम करता है। एकाउंटेंट का। बीकॉम किया है। शाम को कुछ देर गाड़ी भी चला लेता है।

अक्सर दादानगर से कल्याणपुर घर जाते हुए बीच की सवारी उठा लेता है। कभी घर से भी निकल जाता है गाड़ी लेकर। महीने में पांच-सात हजार कमाई हो जाती है इससे। उसको शेयर मार्केट में लगा देता है। पैसा कमाता है, पैसा बचाता है। एक कंपनी के शेयर के बारे में बताया। पंद्रह हजार में शेयर खरीदे थे। सत्रह हजार का फायदा हुआ। वो फायदा निकाल लिया हमने। फिर खरीद लिए दूसरे शेयर। अपने पैसे निकाल लिए। अब पड़े रहेंगे। कुछ न कुछ देंगे ही फायदा। शादी अभी नहीं हुई है। कह रहा था -"अभी कुछ कमाई कर लें। फिर शादी भी हो जाएगी।" बालक ने बताया -"काम की कमी नहीं है आज भी। लड़के करते नहीं। वो घर बैठे आराम का पैसा चाहते हैं। लगी-लगाई नौकरी चाहते हैं, जिसमें कोई मेहनत न करनी पड़े। बस पैसा मिलता रहे, चाहे कम मिले।" अपने भाई के बारे में भी बताया-"वो कुछ करता नहीं। बस टाइम बरबाद करता रहता है।"

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते। गंतव्य पर पहुंचने पर बिल आया 41 रुपए। सात किलोमीटर दूरी तय की थी 41 रुपए में। हमें याद आया कि कार के 150 से ऊपर दिखा रहा था। सौ रुपए बचे। नया अनुभव हुआ सो अलग।

बालक ने हमको छोड़ा उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे। उसके काम का समय सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक का है। मतलब लगभग दस बजे सुबह से रात दस तक काम में जुटा रहता है बालक। आज के समय शहरों में तमाम युवा ऐसी जिंदगी जी रहे हैं। दिन भर काम। मैं यह सोच रहा था कि जिंदगी की सबसे चमकदार उम्र में उनके मनोरंजन और आनंद के मौके एकदम सिमट गए हैं। सामाजिकता की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। युवाओं के ऐसी जिंदगी कितनी सुकूनदेह है?

# रावण दहन : सिर्फ एक परंपरा

हमने दशहरा यानी विजयादशमी का पर्व मना लिया। देश में रावण के करोड़ों पुतले जलाए गए, यह मानकर कि उस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और यह तिथि उसी की वार्षिकी है। हालांकि यह पड़ताल कभी नहीं की कि उस दिन रावण वध हुआ भी था या नहीं। देखें कि लगभग पौने नौ लाख साल पहले घटी इस घटना की वास्तविक तिथि क्या है और इसका वार्षिक पर्व मनाना कितना जरूरी है। श्रीराम त्रेता के अंत में हुए और अब कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत चुके हैं। बीच में द्वापर होता है, जिसका शास्त्रीय परिमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इतनी पुरानी घटना की तिथि जानने के लिए हमें रामायणों और प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही सहारा लेना पड़ेगा, वही प्रमाण हैं। हमारी गवेषणा में आश्विन शुक्ल दशमी को रावण वध कहीं नहीं हुआ। वाल्मीकि और तुलसीदास ने घटनाओं की तिथियां बारीकी से नहीं लिखीं, किंतु वर्णनों में साफ है कि इस तिथि तक तो सीता जी की खोज भी नहीं हुई थी। आश्विन यानी क्वार शरद ऋतु शुरू हो जाती है और श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं "वर्षा विगत शरद ऋतु आई। सुधि न तात सीता कै पाई।" फिर, जैसा कि वाल्मीकि और तुलसी दोनों वर्णनों से साफ है कि लक्ष्मण सुग्रीव पर कोप करते हैं, सुग्रीव भयभीत हो देशभर में फैले वानरों को बुलवाते हैं, चारो ओर खोजी वानर दल जाता है, उसे एक महीने का समय दिया जाता है। दक्षिण दिशा में गया वानर दल, जिसमें हनुमान जी भी हैं, एक जगह यह बातें करता है कि "साथियों! निर्धारित एक मास की अवधि से ज्यादा तो हमें अब तक बीत चुका है और हम खाली हाथ हैं"। इस सब के चलते विजयादशमी को रावण वध का सवाल ही नहीं पैदा होता है। अलबत्ता उस दिन राम द्वारा विजय के लिए प्रस्थान के उल्लेख जरूर उपलब्ध हैं। देवी भागवत में नारद ने राम को शारदीय नवरात्र रखने की सलाह दी है, जो उन्होंने किए और नवमी तक व्रत करके दशमी को विजय मुहूर्त में लंका की ओर प्रयाण किया, क्योंकि जटायु यह तो बता ही चुके थे कि रावण ने सीताहरण किया है। ("समाप्य तद्वतं चक्रं प्रयाण दशमी दिने")। तुलसीकृत 'रामचरितमानस' से एक शताब्दी पूर्व बांग्ला में लिखी गई "कृत्तिवास रामायण" भी ऐसा ही कहती है, "दशमी ते पूजा करि विसर्जिया महेश्वरी संग्रामे चलिल रघुपति"। ऐसी दशा में इस तिथि को रावण वध मानना भ्रमोत्पादक है।

स्कंद पुराण में राम वन गमन से लेकर राजतिलक तक की तिथियां दी गई हैं। इसके अनुसार रावण वध चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को और अंत्येष्टि अमावस्या को हुई। भगवान का हर अवतार दुष्टों का संहार करता रहा है। राम ने भी रावण के अलावा अन्य अनेक खल संहारे, जिनमें एक शंबूक भी है। श्रीकृष्ण ने कंस आदि कितनों का वध किया, लेकिन उनके पुतलों का वार्षिक दहन नहीं किया जाता और न माता दुर्गा के द्वारा मारे गए महिषासुर, शुंभ निशुंभ आदि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। यह बिंदु एक विमर्श की दरकार तो रखता ही है।

## एक नजर

### दीपावली से पहले वेतन देने की लगाई गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर लखनऊ जिले के शिक्षकों का माह अक्टूबर का वेतन भुगतान दीपावली से पहले करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह और महामंत्री आशुतोष मिश्रा का कहना है कि कई जिलों में जिलाधिकारी ने शिक्षकों का वेतन दीपावली के पहले भुगतान करने का आदेश दिया है। लेकिन लखनऊ जिलें में अबतक ऐसा आदेश नहीं आया है। इसलिए मुख्यमंत्री से हमारी मांग है कि दीपावली से पहले वेतन भुगतान करें।

### वाराणसी-आनंद विहार स्पेशल एक ट्रिप के लिए चलेगी

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने एक ट्रिप के लिए वाराणसी-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन (नंबर 04205) वाराणसी जं. से 13 अक्टूबर को दोपहर 3 :30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन मां बेलहा देवी धाम, रायबरेली होते हुए लखनऊ रात्रि 8 :30 बजे पहुंचेगी, यहां से हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद होकर आनंद विहार टर्मिनस अगले दिन सुबह 6 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन (नंबर 04206) आनंद विहार टर्मिनल-वाराणसी जं. स्पेशल 14 अक्टूबर को सुबह 6 :50 बजे रवाना होगी,

### चितवन पार्क में श्रमदान करके दिया संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : विकल्प खंड-2 स्थित चितवन पार्क-3 में रविवार को राजेन्द्र सिंह कनवाल के आह्वान पर लोगों ने श्रमदान किया। नगर निगम द्वारा उपेक्षित पार्क में झाड़ियां, जंगली पेड़-पौधे, घास आदि की कटाई व सफाई करके लोगों को पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस पुनीत कार्य में पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, आदर्श वर्मा, विकल्प खंड 2 के चंद्रभवन मौर्य, राजेंद्र सिंह नेगी, अच्युतानंद यादव, जितेंद्र कुमार, महेश प्रसाद समेत कई लोगों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान में हिस्सा लिया।

# सोलर लाइट से रोशन होंगे 88 गांव

## दिवाली से पहले नगर निगम लगाएगा 616 सोलर स्ट्रीट लाइटें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम में शामिल 88 गांव सोलर लाइट से रोशन होंगे। नगर निगम दिवाली से पहले यहां की सड़कों व गलियों में 616 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाएगा। इन लाइटों से नगर निगम का बिल भी बचेगा और बिजली कनेक्शन की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। मार्ग प्रकाश विभाग ने इसको लेकर काम शुरू कर दिया है।

यूपी नेडा के माध्यम से 15 दिनों में लगभग 400 स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं। एक हफ्ते में शेष 216 स्ट्रीट लाइटें भी लगा दी जाएंगी। इसके अलावा चौराहों को जगमग करने के लिए 30 हाईमास्क लाइटें भी लगाई जाएंगी। सोलर स्ट्रीट लाइटें लगने से बिजली बिल भी बचेगा, साथ ही लाइट जाने पर भी स्ट्रीट लाइटें बंद नहीं होंगी।

**प्रत्येक वॉर्ड में 25-25 स्ट्रीट लाइटें लगाने की तैयारी :** नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में दिवाली से पहले 25-25 स्ट्रीट लाइटें लगाने की तैयारी है। दिवाली से पहले मार्ग प्रकाश विभाग स्ट्रीट लाइटें लगा देगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सदन में पार्षदों को 25-25 स्ट्रीट लाइटें देने का प्रस्ताव पास किया था। पार्षद लगातार वार्ड में स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरा होने की शिकायत करते थे। मार्ग प्रकाश विभाग 110 वार्डों में कुल 2750 स्ट्रीट लाइटें लगाएगा।



खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करता कर्मचारी। अमृत विचार

▸▸ **30 हाई मास्क लाइट से जगमग होंगे चौराहे, लगभग 400 लाइटें लगा चुका है मार्ग प्रकाश विभाग**

### प्रतिदिन 1,000 खराब स्ट्रीट लाइटें कराई जा रहीं रिपेयर

महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर दिवाली से पहले शहर का अंधेरा दूर करने की नगर निगम ने पहले से तैयारी कर ली है। इसके लिए शहर की खराब स्ट्रीट लाइटें रिपेयर कराने का काम मार्ग प्रकाश विभाग ने शुरू कर दिया है। नगर निगम का दावा है कि शहर में लगभग 2.25 लाख स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। प्रतिदिन लगभग 1,000 खराब स्ट्रीट लाइटें सही कराई जा रही हैं।

### शहर के प्रमुख चौराहों को झालरों से सजाएगा नगर निगम

दिवाली पर नगर निगम का मार्ग प्रकाश विभाग शहर के प्रमुख चौराहों को झालरों से सजाएगा। इनमें कालीदास मार्ग चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग चौराहा, लोहिया चौराहा और 1090 चौराहे पर रंगबिरंगी लाइटें और झालरों से सजावट की जाएगी। इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय को भी सजाया जाएगा।

> नगर निगम में शामिल 88 गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। 616 में से लगभग 400 लाइटें लगाई जा चुकी हैं। शेष एक सप्ताह में लग जाएंगी। चौराहों पर 30 हाई मास्क लाइट भी लगाई जाएंगी। दिवाली से पहले शहर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटें रिपेयर करा दी जाएंगी।
>
> –मनोज प्रभात, मुख्य अभियंता, विद्युत व यांत्रिक, नगर निगम लखनऊ

# भर्ती नियमावली अद्यतन न होने पर आयोग ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **2200 से अधिक विद्यालयों की भर्ती नियमावली को नहीं किया गया अपडेट**

अमृत विचार: लोक सेवा आयोग ने एलटी ग्रेड (प्रशिक्षित स्नातक और सहायक स्तानक) और प्रवक्ता भर्ती नियमावली अपडेट नहीं होने पर नाराजगी प्रगट किया है। 2200 राजकीय विद्यालयों में भर्ती को लेकर नियमावली अपडेट नहीं की गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई नियमावली में कई बिंदूओं पर असंगत दोष को देखते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने नाराजगी प्रगट करते हुए इसे वापस भेज दिया है। इसका मतलब है कि शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2018 में 10,768 एलटी ग्रेड प्रवक्ताओं की भर्ती की थी लेकिन इसमें अर्हता को लेकर मामला विवादित हो गया था। उसके बाद 22 दिसंबर 2022 में प्रवक्ता करीब 1473 पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें भी अर्हता को लेकर विवाद सामने आ गया था। जिसके बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अर्हता को लेकर संशोधन प्रक्रिया आरंभ की थी। एनसीईआरटी की गाईड लाइन को लागू करने के लिए बैठक किया गया लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। इसके बाद उच्चस्तरीय अंतर विभागीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग को मिलाकर लोक सेवा आयोग के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। इस वर्ष जून माह में नियमावली अनुमोदन के लिए लोक सेवा आयोग को भेजा गया लेकिन आयोग ने इसे अस्वीकार कर दिया है।

## कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा नगर, सर्वोदय नगर और हुसैनागंज के कई इलाकों में जर्जर खंभे और एबीसी केबल को बदलने का काम किया जायेगा। इससे करीब 50 हजार की आबादी को सोमवार को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। इंदिरा नगर में लक्ष्मणपुरी, नारायण नगर सहित आसपास के इलाकों में ,सर्वोदय नगर छोटी मस्जिद, लिबर्टी कॉलोनी, निशात कॉलोनी, बड़ी मस्जिद घोसी का पुरवा की सप्लाई दोपहर 1 से 5 बजे तक गुल रहेगी। साथ ही योजना भवन के आसपास भी आपूर्ति बाधित रहेगी।

# मेगा ब्लॉक आज से, कई ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा रेल खंड स्थित डोमिनगढ़-जगतबेला के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य और डोमिनगढ़-गोरखपुर के बीच तीसरी लाइन की प्री-नान इंटरलॉकिंग का कार्य डोमिनगढ़ स्टेशन पर 14 से 25 अक्टूबर तक किया जायेगा। 26 व 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण गोरखपुर स्टेशन पर आने-जाने वाली 130 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। गोरखपुर-लखनऊ के बीच चलने वाली इंटरसिटी समेत 36 ट्रेनें इस दौरान निरस्त रहेंगी। इसके अलावा वैशाली, गोरखधाम समेत 64 ट्रेनें बदले हुए मार्ग से चलाई जायेंगी। 15 ट्रेनों को रि-शेड्यूल, 9 को शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। छह ट्रेनों का समय बदलेगा।

**इन ट्रेनों को किया जाएगा निरस्त**

गोरखपुर से 15 से 23 अक्टूबर और 25 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली गोरखपुर-लखनऊ इंटरसिटी निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 15 से 26 अक्टूबर तक चलने वाली लखनऊ-पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस, ग्वालियर से 16 से 26 अक्टूबर तक चलने वाली ट्रेन नंबर 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस, बरौनी से 17 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस, ग्वालियर से 16, 20, 23 व 27 अक्टूबर को चलने वाली ग्वालियर-बरौनी स्पेशल, बरौनी से 17, 21, 24 व 28 अक्टूबर को चलने वाली बरौनी-ग्वालियर स्पेशल, आनंद विहार टर्मिनस से 14 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली आनंद विहार टर्मिनस-सहरसा स्पेशल, सहरसा से 15 से 28 अक्टूबर तक चलने वाली सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल, आनंद विहार टर्मिनस से 16, 19, 21, 23 व 26 अक्टूबर को चलने वाली आनंद विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस, बापूधाम मोतिहारी से 18, 20, 22, 25 व 27 अक्टूबर को चलने वाली बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, गोरखपुर से 17, 20, 22, 24 व 27 अक्टूबर को चलने वाली गोरखपुर-दिल्ली स्पेशल, दिल्ली से 16, 19, 21, 23 व 26 अक्टूबर को चलने वाली दिल्ली-गोरखपुर स्पेशल, छपरा कचहरी से 13 से 26 अक्टूबर तक चलने वाली छपरा कचहरी-गोमती नगर एक्सप्रेस, गोमती नगर से 14 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस, आगरा कैंट से 18 व 25 अक्टूबर को चलने वाली आगरा कैंट-फारबिसगंज स्पेशल, फारबिसगंज से 19 व 26 अक्टूबर को चलने वाली फारबिसगंज-आगरा कैंट स्पेशल, गोरखपुर व गोमती नगर से 14 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली गोरखपुर-गोमती नगर-गोरखपुर एक्सप्रेस, ऐशबाग से 14 से 27 अक्टूबर तक चलने वाली ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर से 15 से 28 अक्टूबर तक चलने वाली गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

### लखनऊ तक ही चलेंगी ये ट्रेनें

18 व 25 अक्टूबर को हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल गोमतीनगर तक ही चलेगी। वापसी में 20 व 27 अक्टूबर को गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल गोमतीनगर से ही चलाई जाएंगी। 14 व 21 अक्टूबर को वडोदरा गोरखपुर स्पेशल, 16 व 23 अक्टूबर को गोरखपुर-वडोदरा गोमती नगर तक आएगी व यहीं से चलेगी। 19 व 26 अक्टूबर को दौराई-बढ़नी गोमतीनगर तक ही आएगी। वापसी में 20 व 27 अक्टूबर को बढ़नी-दौराई गोमती नगर से ही चलेगी। 17 व 24 अक्टूबर को गोरखपुर आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस लखनऊ जं. से वाया आलमनगर चलाई जाएगी। 15 ट्रेनें रास्ते में रोककर चलाई जाएंगी।

▸▸ **आम्रपाली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी**

### बदले मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

14 से अलग-अलग तारीखों में ट्रेन नंबर 02563/64 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल, ट्रेन नंबर 02569/70 दरभंगा नई दिल्ली स्पेशल, ट्रेन नंबर 02563/64 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल, ट्रेन नंबर 15707/08 कटिहार अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस सहित 64 ट्रेनें बदले रूट से चलाई जाएंगी।

### दशहरा पर भी विभाग नहीं कर सका निर्बाध बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : त्योहारों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे करने वाला बिजली विभाग शनिवार को दशहरा पर्व पर भी सुचारू आपूर्ति नहीं कर सका। नादरगंज के शारदा नगर उपकेंद्र से पोषित कमलापुर, माती, ठकुराइन खेड़ा, बिजनौर, सरवन नगर और चंद्रावल क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर में आई खराबी के कारण बिजली की आवाजाही के बीच करीब 2 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। ग्रामीणों के अनुसार, त्योहार पर भी बिजली की आवाजाही ने जहां परेशान किया, वहीं लो वोल्टेज ने समस्या को बढ़ा दिया। इसके चलते लोग पानी की समस्या से कई घंटे तक जूझते रहे। समस्या के निदान के लिए जेई को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाने की जहमत तक नहीं उठाई। इसके अलावा अलीगंज के सेक्टर- के, चांदगंज गार्डेन, चंद्रलोक कॉलोनी, न्यू अलीगंज, ततारपुर, राम-राम चौराहे के आसपास, मेंहदी टोला, बनारसी टोला के साथ बड़ा चांदगंज और भिड़िया टोला इलाके में करीब 3 घंटे तक सप्लाई की आवाजाही बनी रही।

# प्रदेश के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

## ऑल इंडिया केडी सिंह प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता, फाइनल में उत्तर प्रदेश ने कैग दिल्ली को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आशु मौर्या, राहुल राजभर और अजीत यादव के धमाकेदार खेल की बदौलत उत्तर प्रदेश एकादश ने ऑल इंडिया केडी सिंह प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में मेजबान उत्तर प्रदेश ने 38 वर्षों के बाद यह कामयाबी हासिल की। फाइनल में उत्तर प्रदेश ने कैग दिल्ली को रोमांचक मैच में 4-3 से हराया। इसके पूर्व खेले गए मैच में इंडियन ऑयल कारपोरेशन ने मुंबई कस्टम को 4-2 से हराकर तीसरे स्थान पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विजेता टीम को दो लाख, उपविजेता टीम को एक लाख और तीसरा स्थान हासिल करने वाली इंडियन ऑयल कारपोरेशन को 50 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 1973 से शुरू हुई प्रतियोगिता में 1986 में स्पोर्ट्स हॉस्टल यूपी और इंडियन एयरलाइंस को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था। 1978 में लखनऊ एकादश ने किताबी जीत दर्ज की थी।



ट्रॉफी के साथ विजेता उत्तर प्रदेश की टीम। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश और कैग के बीच पहले क्वार्टर में ही रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। 9वें मिनट में कैग को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे मनीष यादव ने गोल में बदल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। तीन मिनट बाद ही 12वें मिनट में उत्तर प्रदेश को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे आशु मौर्या गोल में बदल कर हिसाब 1-1 से बराबर किया। दूसरे क्वार्टर के 20वें मिनट में कैग के आमिद खान पठान ने उत्तर प्रदेश की रक्षा पंक्ति को चकमा देते हुए फील्ड गोल किया और टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में उत्तर प्रदेश ने शानदार खेल दिखाया। यहां तक कैग के खिलाड़ियों को डी से बाहर नहीं निकलने दिया और उन पर दबाव बना लिया। इसी दौरान 31वें मिनट में उत्तर प्रदेश को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे एक बाद फिर आशु मौर्या ने गोल में बदला। दो मिनट बाद ही 33वें मिनट में राहुल राजभर ने साथी खिलाड़ी के पास पर मिली बाल को शानदार हिट लगाई जो गोलकीपर और खिलाड़ी के बीच से होते हुए गोल पोस्ट से टकराई। इन दोनों गोल की बदौलत उत्तर प्रदेश ने 3-2 की बढ़त हासिल की। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों को 1-1 गोल दागने में कामयाबी मिली। 47वें मिनट में उत्तर प्रदेश अजीत यादव ने फील्ड गोल किया और बढ़त 4-2 पहुंचा दी। इसके बाद कैग को 56वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला जिसे मनीष यादव ने गोल में बदला जिसकी बदौलत वह हार का अंतर तो कम कर सके लेकिन हार नहीं टाल सके।

वहीं, तीसरे स्थान के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन और मुंबई कस्टम के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में इंडियन ऑयल की टीम भारी पड़ी। इंडियन ऑयल की ओर से पहले और 19वें मिनट में गुरुजिंदर सिंह, 14वें मिनट में विक्रम जीत सिंह, 15वें मिनट में अफ्फान यूसूफ ने गोल किए।

### पुरस्कार

- विजेता टीम : उत्तर प्रदेश को मिला 2 लाख रुपये का पुरस्कार।
- उपविजेता टीम : कैग दिल्ली को मिला एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार।
- तीसरा स्थान : इंडियन ऑयल को मिली 50 हजार रुपये की इनामी धनराशि।
- उत्तर प्रदेश के केतन कुशवाहा बने सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी, मिली 20 हजार की इनामी धनराशि।

### इन खिलाड़ियों को मिली 10-10 हजार रुपये की धनराशि

- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बने उत्तर प्रदेश के प्रशांत कुमार।
- सर्वश्रेष्ठ फुलबैक बने मुंबई कस्टम के रोशन इक्का।
- सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड बने इंडियन अफ्फान यूनूस।
- सर्वश्रेष्ठ हॉफ बने कैग के गणेश मांझी।



उद्घाटन के अवसर पर डॉ. नवनीत सहगल और खिलाड़ी। अमृत विचार

# यूपी के नीर, सिद्धांत और हर्षित ने किया दमदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में रविवार को भी क्वालीफाइंग मुकाबले खेले गये। केडी सिंह, चौक, गोमती नगर विजयंत खंड स्टेडियम के साथ ही बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में ये मुकाबले खेले गये। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रसार भारती के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने किया।

क्वालीफाइंग मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। इनमें नीर नेहवाल, सिद्धांत, हर्षित तोमर ने अपने प्रतिद्वंदियों को शिकस्त देकर चौथे राउंड में जगह बनाई, जो सोमवार को खेले जायेंगे। मिश्रित वर्ग में यूपी की समृद्धि सिंह और केविन (चंडीगढ़) का प्रदर्शन भी शानदार रहा। उत्तर प्रदेश के देव महेश्वरी और दिल्ली की काव्या गांधी, उत्तर प्रदेश की मयूरी यादव और ओडिशा के अविनाश, उत्तर प्रदेश की सिमरन चौधरी और हरियाणा के आकाश, उत्तर प्रदेश की अमोलिका सिंह और कुमार यश की जोड़ी ने भी तीसरे राउंड में जगह बना ली है। उद्घाटन अवसर पर यूपी बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, संयुक्त सचिव राजेश सक्सेना और लखनऊ जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### यूपी के गोविंद, सौरभ और गुलवीर मुख्य ड्रॉ में

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी के गोविंद मौर्या, सौरभ सिंह और गुलवीर तोमर ने जीत दर्ज करते हुए आइटा मेंस टेनिस चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। उन्नाव टेनिस अकादमी में खेले गए क्वालीफाइंग राउंड में पुरुष एकल में यूपी के गोविंद मौर्य ने यूपी के अभिषेक यादव को 6-0, 6-3, यूपी के सौरभ सिंह ने तेलंगाना के दक्ष अग्रवाल को 6-4, 7-5 और यूपी गुलवीर सिंह तोमर ने यूपी के फैज अली किदवई को 6-2, 7-5 से हराया। एकल वर्ग के अन्य मुकाबलों में बिहार के अभिषेक सिंह ने बिहार के सुधीर सिंह को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। महाराष्ट्र के तनिष्क जाधव ने महाराष्ट्र के सर्वेश जवाहर को 6-3, 6-3 से हराया। पंजाब के आदित्य ने यूपी के वरुण सिंह को 6-2, 6-3 से पराजित किया। हरियाणा के गजराज ने यूपी के मेहर एस खोसला को 6-4, 6-4 और हरियाणा के सावन मलिक ने दिल्ली के दक्ष गुप्ता को 6-1, 6-2 से हराया।

### कैंट हीरोज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : हर्षू के शानदार खेल की बदौलत कैंट हीरोज फुटबॉल क्लब ने 21वें एसएन सिंह मेमोरियल फुटबॉल के लीग मैच में स्पोर्टिंग फुटबाल क्लब को 3-1 से हरा दिया। लामार्टीनियर कॉलेज पोलो ग्राउंड पर खेले गए मैच में विजयी टीम की ओर से 15 और में 35वें मिनट में हर्षू ने गोल दागे। 37वें मिनट में एक गोल राय ने किया। पराजित टीम की तरफ से रियान अली ने एक मात्र गोल 58वें मिनट में किया।

### 80वीं जयंती पर भंडारे में किया प्रसाद वितरण

अमृत विचार, लखनऊ : ब्रह्मलीन सुभाष चंद्र बंसल की 80वीं जन्म जयंती पर शनिवार दोपहर 1:30 बजे से राजाजीपुरम स्थित ग्रीनफील्ड स्कूल के ठीक सामने जगदीश उपवन मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, माता शशी बंसल, पत्नी वन्दना बंसल, भाई राजीव बंसल, दीपा बंसल व परिवार के सभी सदस्यों ने पूजा अर्चना कर सभी को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों में सुरेश छाबलानी, शिव अग्रवाल, अनीता जयसवाल, जावेद बेग, आकाश गौतम, अश्वन वर्मा, महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, शुभम मौर्या, सुनीत साहू, वेद रतन श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल, गणेशी सोनी, अतुल टंडन, पवन यादव, रंजय शर्मा, ललित शर्मा सहित अन्य सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

### यूपी कलारीपयट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष बने नीरज, प्रवीण महासचिव

अमृत विचार, लखनऊ : वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को यूपी कलारीपयट्टू एसोसिएशन की रविवार को हुई स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में अगले चार वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। इन चुनावों में प्रवीण गर्ग को महासचिव चुना गया। इसके साथ अनिल अग्रवाल, राहुल गुप्ता, पीयूष सिंह चौहान को उपाध्यक्ष, संजय सारस्वत को एडवाइजरी कमेटी चेयरमैन, अंशु माली शर्मा, भगवत पटेल, अनिमेष सक्सेना और अपर्णा मिश्रा को वाइस चेयरमैन, प्रियंका अग्रवाल को सीईओ, प्रमोशन एंड डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन राजीव श्रीवास्तव, सौम्य गर्ग को कार्यकारी सचिव, मुस्तकीम अंसारी, वैभव कुमार, धर्मेंद्र सिंह को संयुक्त सचिव, नितेश सिंह को टेक्निकल चेयरमैन, मानसी जायसवाल को टेक्निकल सेक्रेटरी, मनीष निगम, शिवम मित्तल, हेमंत दीक्षित, प्रशांत सिंह, सागर सोनी, राजीव रंजन, बलविंदर सिंह, रचित अग्रवाल, निखिल सिंह, राजपाल यादव, निधि सिंह को कार्यकारी सदस्य घोषित किया। यूपी ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक मनीष कक्कड़ की मौजूदगी में रिटर्निंग अफसर हाईकोर्ट एडवोकेट रोहित पवार ने परिणामों की घोषणा की।

### शिक्षा पाकर लड़कियां तीन पीढ़ी तक परिवार को आगे बढ़ाती हैं

अमृत विचार, लखनऊ : उर्दू अकादमी गोमती नगर स्थित सभागार में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ द्वारा आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह में बोलते हुए सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि व्यक्ति के काम करने के बाद उसे जो सम्मान दिया जाता है, उसके द्वारा किए गए अच्छे कार्य को सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा था कि सच्ची इबादत राष्ट्र के लिए काम करना है। उनका मानना था कि व्यक्ति स्वयं योग्य बने और अगली पीढ़ी को योग्य बनाने के लिए काम करे। ऐसा कहा जाता है कि यदि इंग्लैण्ड के बारे में जानना है तो उसका पता वहां के स्टाक एक्सचेंज से लगेगा, लेकिन कलाम साहब कहते थे कि यदि भारत को जानना है तो विवेकानन्द के जीवन का इतिहास पढ़ लो। उन्होंने लड़कियों की शिक्षा के बारे में बोलते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा पाकर लड़कियां तीन पीढ़ी तक परिवार को आगे बढ़ाती हैं।

### आज से शैल उत्सव कला प्रेमियों को करेगा आकर्षित

अमृत विचार, लखनऊ : आठ दिवसीय शैल उत्सव अखिल भारतीय समकालीन मूर्तिकला शिविर की सोमवार से शुरुआत होगी। यह शिविर शहर के सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही कला प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से व वास्तुकला एवं योजना संकाय के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 21 अक्टूबर तक शैल उत्सव अखिल भारतीय मूर्तिकला शिविर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के वास्तुकला एवं योजना संकाय में आयोजित होगा। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ मूर्तिकार पांडेय राजीव नयन (अधिष्ठाता, ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रिय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ) करेंगे। शिविर की क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि शैल-उत्सव यानि पत्थर की बनी कलाकृतियों का उत्सव। इसका उद्देश्य मूर्तिकला की पारंपरिक व समकालीन कला को आमजन के करीब लाना है। कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने शिविर में पांच राज्यों के मूर्तिकार आएंगे।

### ठेकेदारों को दिवाली से पहले मिलेंगे 10-10 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के ठेकेदार बकाया भुगतान की मांग को लेकर रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल से कैम्प कार्यालय में मिले। उन्होंने बकाया भुगतान दिलाने की मांग की। जिस पर महापौर ने दिवाली से पहले 10-10 लाख रुपये दिलाने का आश्वासन दिया। इसके लिए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को निर्देशित किया। लखनऊ नगर निगम कांट्रेक्टर एसोसिएशन के बैनर तले ठेकेदार एक महीने से बकाया भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसके लिए नगर आयुक्त से भी कई बार मिल चुके हैं। इसके बाद भी भुगतान न किये जाने पर ठेकेदार रविवार को सुबह 9 बजे महापौर से उनके कैम्प कार्यालय मिलने पहुंचे। ठेकेदारों ने वित्तीय वर्ष 2020 का लगभग 300 करोड़ रुपये बकाया होने की जानकारी दी। आगामी त्योहार को देखते हुए ठेकेदारों को 10-10 लाख रुपये दिलाने की मांग की। जिस पर महापौर ने भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया। महापौर से मिलने वालों में एसोसिएशन के महामंत्री मुकेश पांडे, सुरेश लोधी, प्रमोद यादव, मनोज यादव, शिव नारायण तिवारी, देवेन्द्र सिंह, राकेश सिंह आदि ठेकेदार उपस्थित रहे।



भाजपा की सदस्यता दिलाते नीरज सिंह और आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

# अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंट विधानसभा के चंदर नगर क्षेत्र और पूर्व विधानसभा मंडल 2 में रविवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा अवध क्षेत्र सदस्यता सह प्रमुख भाजपा नेता नीरज सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने की अपील की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने क्षेत्रवासियों से 'विकसित भारत' के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास के आधार पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें सहभागिता के लिए बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं।

### 100 से अधिक कुलियों को बनाया भाजपा का सदस्य

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान टोलियों ने लखनऊ महानगर के सभी 396 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें मध्य विधानसभा बशीरतगंज वार्ड में और अमीनाबाद चौराहे पर आयोजित सदस्यता कार्यक्रमों में 100 से अधिक कुलियों को भाजपा का सदस्य बनाया। जय हिंद चौराहे पर आयोजित कैंप में 230 से अधिक क्षेत्रवासियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महानगर अध्यक्ष ने विद्यालयों के प्रबंधकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# रासफिल अकादमी की खिताबी जीत




विजयी टीम के खिलाड़ी पदक और ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रासफिल अकादमी ने मोंटफोर्ट कॉलेज महानगर में आयोजित अंतर विद्यालयी (अंडर -14) टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सेंट कैलेयर्स को 8 विकेट से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (टीबीसीएएल) के तत्वाधान में हुए फाइनल में सेंट कैलेयर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 36 रन ही बना सका। जवाब में रासफिल अकादमी ने 4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पांडेय (निदेशक, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया), विशेष अतिथि ब्रदर टीटी मैथ्यू (उप प्रधानाचार्य मोंटफोर्ट कॉलेज) व एहसान जैदी (चेयरमैन, टीबीसीएएल) ने पुरस्कार बांटे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज प्रिंस, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अस्तित्व व सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक कामरान चुने गए। इस अवसर पर टीबीसीएएल के अध्यक्ष आजम खान, सचिव मुशाहिद खान, आयोजन सचिव संदीप वर्मा व संयुक्त सचिव विजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### टाइगर क्लब और पीएमसी फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : 23वें आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में टाइगर क्लब और पीएमसी ने सेमीफाइनल में जीत के साथ फाइनल में प्रवेश करते हुए खिताबी भिड़ंत के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला 16 अक्टूबर को खेला जायेगा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पहले सेमीफाइनल में टाइगर क्लब ने मैन ऑफ द मैच मोंटी (2 विकेट, 43 रन) के ऑलराउंड खेल से एनएचबी को 7 विकेट से हराया। एनएचबी ने पहले बल्लेबाजी की और 14 ओवर में 9 विकेट पर 101 रन बनाए। अमन ने 26 गेंदों पर 4 चौके व 5 छक्के की मदद से 51 रन जोड़े। टाइगर क्लब से मुकुल को 4, दिशान को 3 और मोंटी को 2 विकेट मिले। जवाब में टाइगर क्लब ने 8.1 ओवर में 3 विकेट पर 106 रन बनाकर मैच जीत लिया। मोंटी ने 20 गेंदों पर 3 चौके व 5 छक्के से 43 रन, रोहित ने 39 व अर्पित ने 16 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। बेस्ट कैच का पुरस्कार टाइगर क्लब के विशाल चौधरी को मिला। दूसरे सेमीफाइनल में पीएमसी (पेपर मिल कालोनी) ने एमएमबी सीतापुर को 35 रन से हराया। पीएमसी ने पहले बल्लेबाजी की और 9 विकेट पर 110 रन बनाए। रितिक ने 18 व गौरव ने 14 रन बनाए। एमएमबी सीतापुर से आकाश को 5 विकेट की सफलता मिली। जवाब में एमएमबी सीतापुर 13 ओवर में 75 रन ही बना सका। पीएमसी के राज वाल्मीकि को 3 विकेट मिले। बेस्ट कैच का पुरस्कार पीएमसी के गौरव को मिला।

### गौरव ने जड़ा आतिशी शतक, पंजाब एंड हरियाणा बनी चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : पंजाब एंड हरियाणा की टीम ने 36वीं ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट प्रतियोगिता में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रविवार को सेठ एआर जयपुरिया मैदान पर खेले गये फाइनल में विजेता टीम ने सुप्रीम कोर्ट की टीम को 126 रनों के बड़े अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब एंड हरियाणा ने 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 325 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। मैन ऑफ द मैच गौरव ने आतिशी शतक लगाया। उन्होंने 78 गेंदों में 16 चौके और 5 छक्के की बदौलत 124 रनों की पारी खेली। राजबीर ने 50 और शिवम ने 54 रन बनाए। जवाब में सुप्रीम कोर्ट की टीम 18.4 ओवर में 199 रनों पर सिमट गई। करणवीर ने सबसे अधिक 49 रन बनाये। पंजाब एंड हरियाणा की ओर से अमन ने 5 और आईपी मदन ने 3 विकेट लिए। इसके बाद खेले गए एक अन्य मैच में लखनऊ एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन ने मुंबई हाईकोर्ट की टीम को 74 रनों से हरा दिया। सबसे अधिक छक्के लगाने के लिए गौरव को स्व. एनडी खत्री अवार्ड दिया गया। बेस्ट कैच के लिए ध्रुनिल को सम्मानित किया गया। करणवीर को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और गौरव को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया।

# छत से बरसाए पत्थर, घर में खींचकर मारी गोली

## बहराइच के महसी में मूर्ति विसर्जन के दौरान उपद्रव, डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों के लोग भिड़े

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महसी तहसील स्थित महाराजगंज कस्बे में रविवार शाम को मूर्ति विजर्सन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। युवकों के बीच गाली-गलौज से शुरू हुआ। इसी बीच छत से पत्थरबाजी होने लगी। जिसमें कई प्रतिमाएं खंडित हो गईं। मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे लोगों ने प्रदर्शन शुरू किया। इसी बीच दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने जुलूस में शामिल रामगोपाल को घर के अंदर खींच लिया। उसे गोली मार दी। वहीं, बचाने पहुंचा राजन भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस उपद्रव में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। मौके पर आसपास के आठ से अधिक थानों की पुलिस और पीएसी बुला ली गई है।

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महसी तहसील की प्रतिमा शांतिपूर्वक विसर्जन के लिए जा रही थी। महराजगंज बाजार में पहुंचने पर स्थानीय निवासी सोनार अब्दुल हमीद अपने बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। मूर्ति के साथ चल रहे लोगों ने जब इसका विरोध किया तो छतों से पत्थरबाजी कर दी। जिसमें मां दुर्गा का हाथ खंडित हो गया। जिसके बाद विसर्जन रोक कर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। एसपी वृंदा शुक्ला भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।



घटनास्थल पर प्रदर्शनकारियों से वार्ता करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी।



हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज में बवाल के बाद निरीक्षण करतीं एसपी वृंदा शुक्ला।

### एक नहीं, चलीं कई गोली

प्रदर्शनकारियों के साथ मौजूद रामलीला कमेटी अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने बताया कि रविवार शाम को मूर्ति विसर्जन हो रहा था। महसी तहसील के महाराजगंज में जुलूस पर पथराव किया गया। हिंदू संगठन से जुड़े एक कार्यकर्ता पर गोली चलाई गई। एक नहीं कई गोलियां लगी हैं। नाखून भी नोचे गए हैं। ऐसा लगता है कि उसे जानबूझकर मारा गया है। यदि अचानक गोली लगी होती तो एक ही गोली लगती न कि 10 गोलियां। घटना में कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं।

### कई और पुलिसकर्मियों पर गिर सकती है गाज

महसी के महाराजगंज में विसर्जन जुलूस पर मस्जिद से पथराव के बाद उग्र हुई भीड़ व गोली मारने की घटना से इलाके का माहौल बिगड़ गया। नियंत्रित करने में नाकाम रहे थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कई और पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। एसपी वृंदा शुक्ला हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एक अलग से टीम भी गठित कर दिया है, जो लगातार दबिश दे रही है। वह खुद कस्बे में संदिग्धों के घरों में तलाशी करा रही हैं। बताया जा रहा है कि घरों से तलवार समेत हथियार भी बरामद किए गए हैं। छतों पर ईंट व पत्थर रखे पाए गए हैं। जो इस बात के प्रमाण दे रहे थे कि उपद्रव की पहले से ही तैयारी थी। एसपी ने बताया कि संदिग्धों को तलाश जा रहा है। इस मामले से जुड़े एक भी आरोपित को बक्शा नहीं जाएगा।

### हमीद के घर से खोखा मिला 25 लोग गिरफ्तार

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक देर रात आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई। इस दौरान हमीद के घर से 312 बोर के खोखे बरामद हुए। एक लाइसेंसी असलहा भी बरामद किया गया है। जिसका प्रयोग उपद्रव में किया गया था। लाइसेंस उसी से जुड़ा है। इसे लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। अभी तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी के नेतृत्व में इलाके में दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार लोगों से पुलिस के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

### मूकदर्शक बनी पुलिस

महाराजगंज में हुई घटना के लिए स्थानीय लोग पुलिस को जिम्मेदार मान रहे है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गाना बजाने को लेकर गाली-गलौज और हाथापाई के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यहीं नहीं मौके पर एसओ मौजूद ही नहीं थे। आरोप है कि जब पत्थरबाजी हुई और लोगों ने प्रदर्शन किया तो पुलिस ने विसर्जन में शामिल लोगों पर लाठी चार्ज कर दिया। शुरूआती जांच में एसओ हरदी और चौकी प्रभारी महसी की लापरवाही सामने आई। दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

## गोंडा : शोभायात्रा पर अराजक तत्वों ने किया पथराव

**गोंडा, अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार को अराजक तत्वों ने जिले का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। नगर कोतवाली क्षेत्र के घोसियाना मोहल्ले को समीप स्थित तकिया मस्जिद के पास पथराव का शोर मचाकर माहौल को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया। करीब 15 मिनट तक दोनों तरफ से पथराव हुआ। इस पथराव में एक युवक की सिर फट गया जबकि तीन अन्य भी चोटिल हुए। हालांकि समय रहते एसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंच गए और पुलिस व पीएसी ने बवाल कर रहे लोगों को खदेड़ कर तितर बितर किया। एसपी ने माइक लेकर लोगों को शांति बनाए रखने और शोभा यात्रा को आगे बढ़ाने की अपील की। इसके बाद खैरा भवानी स्थित सरोवर में उनका विसर्जन कराया गया।

शनिवार को सोनार गली मोहल्ले की दुर्गा प्रतिमा शहर से खैरा भवानी मंदिर के पोखरे में विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थीं। विसर्जन शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाच रहे थे। शोभायात्रा महरानीगंज घोसियाना मोहल्ले के पास स्थित तकिया मस्जिद के पास पहुंची ही थी कि किसी शरारती तत्व ने शोभा यात्रा में शामिल



बवाल के बाद पलटे गए ठेले। अमृत विचार

लोगों पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर लगने से माधव पुरम के रहने वाले सुनील पांडेय संजू का सिर फट गया।

# कोई भी चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से नहीं होने देना चाहती सरकार : माता प्रसाद पांडेय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विधानसभा में विरोधी दल के नेता माता प्रसाद पांडेय शनिवार को अचानक यहां पहुंचे। उन्होंने विगत दिनों सरकारी गन्ना समिति में हुई मारपीट को लेकर सर्किट हाउस में सीओ सिटी व एसडीएम सदर से जानकारी ली। पदाधिकारियों से मारपीट में घायल सपा कार्यकर्ता रविंद्र पाल के बारे में भी जानकारी ली।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में मारपीट होने का मतलब है सरकार का रवैया बदल गया। सरकार किसी भी चुनाव को लोकतांत्रिक तरीके से कराना नहीं चाहती है। उसे हार का भय है। इसलिए हार के डर से जबरदस्ती एक पक्षीय चुनाव कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर सीओ सिटी व एसडीएम सदर कोई जानकारी नहीं दे पाए यह पुलिस की नहीं सरकार की कमजोरी है। सरकार अपने को इतना कमजोर मान रही है कि मारपीट करके चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने बताया कहा कि लोकतंत्र में दो पक्ष होते हैं, एक सत्ताधारी पार्टी होती है एक विपक्ष होता है, सत्ताधारी दल अपने नीतियों के हिसाब से काम करता है और विपक्ष उनकी कमियां निकाल कर लोगों को जागरूक करता है।



सर्किट हाउस में घायल सपा कार्यकर्ता से भेंट करते नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय।

## पटाखों के जखीरे में विस्फोट, युवक की मौत

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार:** शनिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान इटियाथोक थाना क्षेत्र के तेलियानी बाजार मोड़ के समीप स्थित एक किराना स्टोर के गोदाम में रखे गए पटाखों के जखीरे में भीषण विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर व टिन शेड हवा में उड़ गये। इस घटना में किराना स्टोर के मालिक रामजी का बेटा दुर्गेश गुप्ता (28) का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। धमाके की वजह दुकान में लगे बिजली के मीटर में हुए शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। पुलिस की डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीमें घटना की पड़ताल में जुटी हैं।



दुर्गेश (फाइल फोटो)।

## भय और नफरत का माहौल बना रही भाजपा : शिवपाल

संवाददाता, बसरेहर (इटावा)

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम ने त्रेता युग में अन्याय और अभिमान के प्रतीक रावण को समूल नष्ट करके समाजवाद की स्थापना करके स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम सिद्ध किया। वर्तमान दौर में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है, इस पावन पर्व पर हम सभी को इसके खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लेना चाहिए।



सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने श्रीरामलीला महोत्सव बसरेहर के तत्वावधान में आयोजित विजयादशमी दशहरा पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभु श्रीराम दरबार की आरती उतारकर संबोधन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि थानों, तहसीलों व अन्य सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान बिजली-खाद के लिए तरस रहा है तो बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही है। भाजपा सरकार श्रीराम के विपरीत चलकर भय और नफरत का माहौल बना रही है, जिससे जनता त्रस्त है। इस मौके पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख डाक्टर अंजट सिंह यादव का समिति की ओर से हेम कुमार शर्मा, अनिल यादव, अवनीश यादव, जिला पंचायत सदस्य पंकज यादव, अनुपम पाठक, राज नारायण चौधरी, राजीव दुबे, यदुनाथ सिंह यादव, डाक्टर सुरेश शाक्य, रजत पोरवाल, अमर पोरवाल, देवेंद्र शाक्य, नरेंद्र यादव आदि ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

# चोरी की आठ बाइक और पिकअप बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वॉट, सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय शातिर आटोलिफ्टर, वाहन चोर को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य साथी फरार हो गए। पकड़े गए शातिर के कब्जे से चोरी की आठ मोटरसाइकिल व एक पिकअप बरामद की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में स्वॉट, सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय शातिर आटोलिफ्टर शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल पुत्र मो. यूसुफ निवासी ग्राम रसूलपुर मजरे कुसहरी थाना मवई जनपद अयोध्या को जफरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

# बाराबंकी में महिला की पीटकर हत्या

**जमीन का विवाद**

फतेहपुर, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जमीन विवाद को लेकर दो बड़ी घटनाएं चर्चा में रहीं। पहली में एक बीघा जमीन हथियाने के लिए पिता की पुत्र व पौत्रों ने पिटाई की। यह देखकर वृद्ध के छोटे पुत्र की पत्नी बचाने आगे आई तो उसकी लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। उधर, एक अन्य घटना में खेत की मेड़ को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों से छह से अधिक लोग जख्मी हुए।

थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम बिहुरा निवासी मोल्हेराम गौतम की बेलहरा रोड पर तीन बीघा भूमि है। मोल्हेराम ने अपने दो पुत्रों मंशा गौतम व राममूर्ति गौतम को एक-एक बीघा का हक दे रखा है। जबकि एक बीघे की वह स्वयं देखरेख करता है। पिता के हिस्से की एक बीघे जमीन को हथियाने को लेकर मंशा आए दिन झगड़ा करता था। शनिवार को मंशा उसके पुत्र राहुल, श्यामू, रामू व उसका साला राजेश ने एकराय होकर घर के बाहर सो रहे मोल्हे की लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। ससुर को पिटता देख राममूर्ति की पत्नी लीलावती व पोती पूजा, जूली व पोता अंकित बीच-बराव करने पहुंचे तो हमलावरों ने सभी को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमले में लीलावती गंभीर रूप से घायल होकर गिर गई। पुलिस ने लीलावती को सीएचसी फतेहपुर भेजा जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# रेलवे ने चलाई साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रविवार को रेल प्रशासन ने बांद्रा टर्मिनल से लालकुआं स्टेशन बीच साप्ताहिक स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन (09015) की शुरुआत की। पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोटा रोहित मालवीय के अनुसार ट्रेन बांद्रा टर्मिनल से प्रस्थान कर कोटा, सवाई माधोपुर एवं भरतपुर स्टेशन होकर लालकुआं पहुंचेगी। यह गाड़ी बांद्रा टर्मिनल-लालकुआं के बीच बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर एवं रुद्रपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। उन्होंने बताया कि बांद्रा टर्मिनल से लालकुआं के बीच जल्द नियमित गाड़ी संख्या 22543/22544 साप्ताहिक नई सुपरफास्ट ट्रेन चलेगी।



बांद्रा टर्मिनल से लालकुआं के लिए रवाना हुई साप्ताहिक ट्रेन।

# कब्र खोदकर निकाला शव

संवाददाता रेउसा, सीतापुर

**अमृत विचार:** 15 दिन पूर्व युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। जिलाधिकारी के आदेश पर युवक के शव को कब्र खोदकर निकलवाया गया और पीड़ित पक्षों के बयान लेकर पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की। मामला रेउसा थाना क्षेत्र के खरौहां गांव से जुड़ा हुआ है।

रेउसा थाना क्षेत्र के खैराहा निवासी हरसत खां ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मिलकर गुहार लगाई थी कि 15 दिन पूर्व उसके पुत्र जफर को मौत के घाट उतारे जाने के बाद शव पेड़ से लटका दिया गया। लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डीएम की ओर से पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा को निर्देश मिले। उसी के आधार पर खरौहां गांव के बाहर दफ्न लाश को कब्र खोदकर निकाला गया। तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि कब्र खोदकर शव निकाले जाने के दौरान पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किये हैं।

## वर्ग पहेली-221

**बाएं से दाएं**

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति; बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो; विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी; निज़ाअ का।




## वर्ग पहेली -220 का हल




## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 8 | | 9 | 6 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| 8 | 6 | 9 | | 5 | | | 1 | |
| | 4 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 3 | |
| | 1 | | 9 | | 2 | | 4 | |
| | 8 | | | 4 | | 9 | 6 | 3 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | 3 | | 6 | | | | 5 | |

## सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 06.41 तक तत्पश्चात द्वादशी 15 अक्टूबर 03.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 15 अक्टूबर 00.43 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज जॉब में आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है।

**कर्क** — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मोटिवेशन वीडियोज का सहारा लें।

**सिंह** — आज दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे।

**कन्या** — आज योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोडने की प्रवृत्ति से बचें। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी।

**वृश्चिक** — आज दिन थोड़ा उबाऊ रहेगा। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

**धनु** — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर** — आज पैसों के अभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

**कुंभ** — आज साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन** — आज आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
लश्कर — सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड — शाम : 06.00

&pictures
अंदाज — सुबह : 10.56
सूर्या द सोल्जर — रात : 08.00

Sony Pix
द फाउंडर — सुबह : 11.30
व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

Zee Cinema
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 08.40
खिलाड़ी 786 — शाम : 06.00

Zee Action
चेजिंग — सुबह : 11.27
सैमी 2 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है
हाथी - पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### दीक्षांत समारोह आज, 94 टॉपर्स को दिए जाएंगे पदक

**बरेली :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह सोमवार को अटल सभागार में होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक और 187 शोधार्थियों को उपाधि वितरित की जाएंगी। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को पदक और उपाधि वितरण का रिहर्सल किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कन्नौजिया मुख्य अतिथि होंगे।

### पहले मदरसों का इतिहास पढ़ें फिर उनके बारे में बात करें

**बरेली :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को मदरसों का इतिहास पढ़ने के बाद ही उनके बारे में बात करने की सलाह दी है। मौलाना ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह हमेशा किसी न किसी मदरसे के खिलाफ जांच करने के साथ कोई न कोई बहाना बनाकर मदरसों को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। पहले असाम के 14 सौ मदरसों को बंद कराया, अब उत्तर प्रदेश के मदरसों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

# डीजे के साउंड बॉक्स से दबकर 6 वर्षीय बच्चे की मौत, 3 घायल

## तेज वाइब्रेशन की वजह से हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई


कृष्णा

▸▸ युवक का रिश्ता पक्का होने की खुशी में बज रहा था डीजे

▸▸ बिना पुलिस कार्रवाई हुए परिजन ने शव का किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में युवक का रिश्ता पक्का होने की खुशी में शनिवार की शाम को बज रहा डीजे एक परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ा। डीजे पर डांस के दौरान उसके तेज वाइब्रेशन की वजह से गिरे साउंड बाक्स के नीचे दबकर 6 वर्षीय कृष्णा की मौत हो गई। हादसे में 3 अन्य बालक भी घायल हो गए। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही बालक के शव का गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

बदायूं जिले के गांव केसो की मढ़ैया निवासी सेवकराम शनिवार की शाम जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मिठनपुर रघुपुर पुख्ता निवासी विनोद कुमार के साथ बेटी का रिश्ता पक्का करने आए थे। रिश्ता पक्का होने की खुशी में विनोद कुमार की ओर से खाने पीने के इंतजाम के साथ ही डीजे का प्रबंध किया गया था। शनिवार देर रात 10 बजे पंडाल में बज रहे डीजे पर विनोद कुमार के रिश्तेदार, परिजन और मुहल्ले के नीरेश का 6 वर्षीय बेटा कृष्णा, दुलीचंद का 10 वर्षीय बेटा विकास, हरिओम का 8 वर्षीय बेटा अमित और जयपाल का 9 वर्षीय बेटा प्रदीप कुमार भी डांस कर रहे थे। तेज आवाज की वजह से होने वाले वाइब्रेशन से मेज पर रखा साउंड बॉक्स गिर गया और डीजे के नीचे दबकर कृष्णा, विकास, अमित और प्रदीप कुमार घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने साउंड बॉक्स उठाकर बालकों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजन घायल बालकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर कृष्णा को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया, जबकि विकास, प्रदीप कुमार व अमित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें अलीगढ़ लेकर जाते समय कृष्णा की रास्ते में ही मौत हो गई।

# ट्रेन से अपहरण कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## भिंड के सोनी स्टेशन से इटावा आने के लिए कोटा एक्सप्रेस में सवार हुई थी युवती

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**दरिंदगी**

▸▸ रास्ते में ट्रेन में वीडियो बनाने पर हुआ विवाद तो युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया

▸▸ शनिवार देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर फेंककर आरोपी फरार

**अमृत विचार:** इटावा जिले की रहने वाली युवती का शनिवार रात ट्रेन से अपहरण करके सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अपराधी देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर उझियानी गांव के पास फेंक कर फरार हो गए। बाद में युवती ने ग्रामीणों की मदद से परिजनों को फोन कर जानकारी दी। युवती के परिजनों ने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया।

पुलिस के अनुसार, इटावा जिले के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शुक्रवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले के एक मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। वह शनिवार शाम भिंड के सोनी रेलवे स्टेशन से कोटा एक्सप्रेस में इटावा आने के लिए सवार हुई। ट्रेन शाम करीब 6 बजे वहां से चली। युवती ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में एक युवक मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो युवक के साथ उसकी कहासुनी हुई। इसके बाद युवक दूसरे कोच में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने पुनः कोच में आकर युवती को बहाने से कुछ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई।

युवती को जब होश आया तो उसने अपने आप को एक कमरे में बंद पाया। जहां उसे 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उस कमरे में तीन युवक मौजूद थे। तीनों ने उससे दुष्कर्म किया। देर रात उसे आगरा-कानपुर हाईवे पर उझियानी के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। बकेवर पुलिस ने युवती को रिकवर किया।

> पीड़िता के बयान के आधार पर घटनास्थल का अवलोकन कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।
> – **शैलेश निगम**, प्रभारी, जीआरपी इटावा

> पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।
> – **सत्यपाल सिंह एसपी (ग्रामीण) इटावा**

# उप चुनाव : उम्मीदवारों की घोषणा जल्द करेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ छह सीटों पर सपा घोषित कर चुकी है प्रत्याशी, चार पर गठबंधन के तहत होगा फैसला

**अमृत विचार:** दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर जल्द ही गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा संभव है।

हाल ही में हरियाणा में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों में से छह के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस बार उन पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सपा ने उनमें से दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा है कि, अगर परिणाम हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं आए तो हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं में निराशा पैदा होना स्वाभाविक है। हालांकि, हम उप्र. में अपने उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। अविनाश पांडे ने यह भी कहा कि टिकट वितरण को लेकर चर्चा जारी है और समय पर संवाद के जरिए समाधान निकाला जाएगा।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा के साथ गठबंधन कर उप्र. में 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था। सपा ने 37 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस छह सीटें हासिल करने में सफल रही, जिससे उप्र. में सालों से हाशिए पर पड़ी पार्टी का मनोबल बढ़ा। 2027 के उप्र. विधानसभा चुनावों पर नजरें गड़ाए कांग्रेस अपनी रणनीतियों को परखने के लिए आगामी उपचुनावों के लिए उत्सुक थी। दरअसल, 2022 के चुनाव में गाजियाबाद सीट सपा के अनुकूल नहीं रही और मीरापुर व खैर सीटें सहयोगी रालोद को दे दी गई थीं, इसलिए सपा रिश्ते बचाने के लिए ये सीटें कांग्रेस को दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस भावना को दोहराया है और पुष्टि की है कि गठबंधन बरकरार रहेगा।

## लखनऊ के मनोज बने आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मुरादाबाद :** आर्म रेसलिंग के खेलों को मजबूती देने और खिलाड़ियों को एक मंच देने की दिशा में रविवार को आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। पहली बैठक महानगर में केसरबाग स्थित जनरल कोठी में हुई। इसमें प्रदेश के 30 से अधिक जिलों के प्रशिक्षक व वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित हुए। सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष पदों के पदाधिकारियों को चुनाव भी कर लिया है। एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ के मनोज वर्मा व महासचिव मुरादाबाद के शाहवेज अली को बनाया गया है। बरेली के अकमल खान को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।


**दुर्गा विसर्जन**
आगरा में ताजमहल के पीछे यमुना दशहरा घाट पर विसर्जन से पहले मां दुर्गा की आरती करते लोग। ● एजेंसी

# महापंचायत पर डासना मंदिर के बाहर बवाल, लाठीचार्ज

गाजियाबाद, एजेंसी



▸▸ उप्र महापंचायत ने नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश की

पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। वहीं लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए।

## सेंट्रल जेल से फरार कैदी हरपाल पर 25 हजार का इनाम घोषित

**बरेली :** सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से फरार कैदी हरपाल का चार दिन बाद भी जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी पता नहीं ला सकी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने हरपाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फतेहगंज पूर्वी के खनी नवादा गांव निवासी हरपाल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे जिला जेल से जुलाई 2023 में सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। वह गुरुवार को जेल के कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई करते समय फरार हो गया था। उसकी तलाश के लिए जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी लगाई गई है लेकिन अब तक उसका सुराग नहीं लगा है।

# सड़क हादसे में दो विदेशी महिलाओं सहित 3 की मौत

संवाददाता, बसरेहर (इटावा)

▸▸ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन में पीछे से घुसी कार

**अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात एक कार आगे चल रहे वाहन में पीछे से टकरा गई। जिससे कार में सवार दो विदेशी महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा करीब सवा दस बजे ऊसराहार क्षेत्र में किलोमीटर 125 खरगुआ गांव के पास हादसा हुआ। दिल्ली के नंबर की कार से तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार लखनऊ से दिल्ली जा रहा था। उसके साथ कार में तुगलकाबाद निवासी राहुल उर्फ देवेंद्र, मूल निवास अफगानिस्तान हाल पता दिल्ली लाजपत नगर की क्रिस्टीन (20) आतिफा (27), नाज (30) तथा मूलरूप से रूस निवासी हाल पता दिल्ली की कैटरीना (22) सवार थीं।

राहगीरों की सूचना पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, मनोहर सिंह एंबुलेंस सहित पहुंचे और सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। वहां इलाज के दौरान कार चालक संजीव कुमार, नाज तथा कैटरीना की मौत हो गई।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, नर्सिंग होम बंद कर संचालक गायब

**मुरादाबाद :** प्रिंस रोड पर स्थित नर्सिंग होम में गर्भवती मुस्कान की प्रसव के बाद मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर गलत तरीके ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए गलशहीद पुलिस से शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच के लिए सक्रिय होती, इससे पहले नर्सिंग होम संचालक बोर्ड तक उखाड़ कर गायब हो गए। नर्सिंग होम संचालकों के सभी फोन नंबर भी बंद आ रहे हैं।

मुस्कान की मां रुबीना ने बताया कि 23 सितंबर को बड़े ऑपरेशन से उनकी बेटी को बेटा हुआ था। आरोप है कि गलत तरह से इलाज करने की वजह से उनकी बेटी की मौत हो गई।

# सदर विधायक ने वापस किए गनर, मनाने पहुंचे एएसपी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**विधायक थप्पड़ कांड**

▸▸ पुलिस व प्रशासन के कार्रवाई न करने से आहत होकर उठाया कदम

**अमृत विचार :** पुलिस और प्रशासन के कार्रवाई न करने से क्षुब्ध सदर विधायक योगेश वर्मा ने रविवार को दो गनर वापस कर दिए। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर एएसपी पूर्वी उन्हें मनाने पहुंचे, लेकिन सदर विधायक ने उनकी एक नहीं सुनी। इस पर एएसपी बैरंग वापस लौट आए।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन के दौरान सदर विधायक की पिटाई कर दी थी। इसके बाद एसपी ने सदर विधायक की सुरक्षा बढ़ाते हुए दो अन्य गनर बढ़ाए थे। लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने से आहत सदर विधायक का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। उन्होंने सुरक्षा में तैनात किए गए गनर मुकेश और विक्की सागर को वापस कर दिया। इसकी जानकारी जब एएसपी पवन गौतम को हुई तो वह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के साथ विधायक के आवास पर पहुंचे और उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन विधायक ने दोनों सुरक्षाकर्मियों को लेने से मना कर दिया। पुलिस अफसर अभी उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# मुरादाबाद-रामपुर से मुंबई को सीधी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ दोनों जिलों की बरसों पुरानी मुराद हुई पूरी, बरेली के लोगों को भी मिलेगा इस ट्रेन का लाभ

**अमृत विचार :** मुरादाबाद और रामपुर के लोगों की बरसों पुरानी मुराद पूरी होने जा रही है। अब रामपुर और मुरादाबाद के यात्रियों को मुंबई के लिए सीधे ट्रेन मिलेगी। रविवार को मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से बांद्रा-लालकुआं ट्रेन का इनॉगरल रन किया गया। रेलवे प्रशासन ने अभी इस ट्रेन का नियमित शेड्यूल तो नहीं जारी किया है, लेकिन नियमित नंबर जारी कर उसे सप्ताह में एक दिन चलाने का एलान कर दिया है। इस ट्रेन का लाभ बरेली को भी मिलेगा।

रेलवे ने जानकारी दी है कि यात्रियों की सुविधा के लिए नियमित साप्ताहिक ट्रेन 22544/22543 लालकुआं-बांद्रा-लालकुआं जल्द ही शुरू की जाएगी। इससे पहले रविवार को ये ट्रेन स्पेशल नंबर 09015 के साथ इनॉगरल रन के तौर पर बांद्रा स्टेशन से लालकुआं के लिए चलाई गई। रेलवे के मुताबिक यह एक सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस ट्रेन होगी। रविवार को बांद्रा से 16:20 बजे रवाना की गई यह ट्रेन वापी, सूरत, वड़ोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर,भरतपुर के रास्ते सोमवार को मथुरा, पलवल, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर और लालकुआं पहुंचेगी। सोमवार को मुरादाबाद पहुंचने का समय 17:10 बजे और रामपुर पहुंचने का समय 17:45 बजे है।

**पहले लालकुआं से चलेगी नियमित ट्रेन**

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि नियमित ट्रेन पहले लालकुआं से चलेगी। इज्जतनगर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि पश्चिम रेलवे की तरफ से रैक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के लालकुआं स्टेशन भेजी जा रही है। रैक को ट्रेन के इनॉगरल रन के तौर पर चलाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी इस ट्रेन का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। नियमित ट्रेन का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद समय सारिणी और दिन तय होना बाकी है।

## बदायूं के किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

**बरेली :** बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के गांव चापरकौरा में कुछ लोगों ने किसान को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने किसान को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। चौपरकौरा निवासी राजीव यादव ने बताया कि बिहारीपुर गांव के धर्मपाल और उसके साथी उनके खेत में मछली पकड़ने का जाल रखते थे। उनके भाई तेजेंद्र यादव (35) ने शनिवार को जाल रखने से मना किया तो इस दौरान विवाद हो गया। जिसके बाद धर्मपाल पांच- छह लोगों के साथ आया और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गोरखपुर इंटरसिटी से ट्रेन मैनेजरों के लाइन बाक्स का संचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ काफी संघर्ष के बाद फिर से शुरू हुआ लाइन बाक्स

**अमृत विचार :** एनई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री कामरेड आरएन गर्ग ने बताया कि रनिंग स्टाफ के लाइन बाक्स को रेलवे प्रशासन ने यह कह कर बंद कर दिया था कि यह एक खचीर्ली व्यवस्था थी, इसलिए इसकी जगह रनिंग स्टॉफ ट्राली बैग खुद लेकर ड्यूटी पर जाएगा।

उन्होंने ने बताया कि रनिंग स्टॉफ का लाइन बाक्स उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है, जिसमें वो अपनी पूरी गृहस्थी संभाल कर रखता है। इस बक्से से रनिंग स्टॉफ का जज्बाती लगाव रहता है, इसलिए रनिंग स्टॉफ इसे पुनः चालू करने के लिए हद से गुजरने के लिए तैयार था। बाक्स को पुनस्थापित करने के संघर्ष में आल इंडिया गार्डस काउंसिल और एनई रेलवे मजदूर यूनियन, ऑल इंडिया मेंस फेडरेशन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। इस आंदोलन को धारदार बनाने में अनिल कुमार और कामरेड केएल गुप्ता की भूमिका बहुत ही सराहनीय रही है। उन्होंने इन दोनों आंदोलनकारियों के उत्पीड़न से इनकार नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि लाइन बाक्स को हटाने के सवाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बहुत गम्भीरता से लेते हुए, रेलवे प्रशासन के आदेश पर रोक लगा दी है, लेकिन बावजूद इसके लाइन बाक्स को चालू नहीं किया गया। इस संबंध में एनई रेलवे मजदूर यूनियन ने डिवीजन, मुख्यालय से लेकर रेलवे कोर्ट तक से इसे अमलीजामा पहनाने की अपील की, लेकिन रेलवे प्रशासन इसे लेकर उदासीन रहा, जिसके चलते न्यायालय ने नाराज होकर इस मामले रेलवे के आधा दर्जन अधिकारियों को अवमानना की नोटिस जारी कर दिया। अदालत की नोटिस और एनई रेलवे मजदूर यूनियन के दबाव पर आज लखनऊ जंक्शन पर ट्रेन मैनेजर हादी सिद्दीकी की ड्यूटी पर ट्रेन नंबर 12532 गोरखपुर इंटरसिटी से लाइन बाक्स चालू हो गया।

## शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने वाले याचियों के मामले में मांगी रिपोर्ट

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम विवाह के मामलों में दस्तावेजों की जांच कराने के सन्दर्भ में सख्त रुख अपनाते हुए एसएचओ, कोतवाली, प्रयागराज को अपने को शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने आए याची जोड़े की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याची जोड़े का पता किया जाए कि उनकी शादी किसने कराई तथा विवाह प्रमाणपत्र किस संस्था से किसने दिलाया।याचिका की सुनवाई आगामी 16 अक्टूबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शिवानी केसरवानी व एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

## उत्तराखंड

# नहीं चलेगा धर्मांतरण, लव और लैंड जिहाद : धामी

## जिस उद्देश्य से भूमि ली पर उसका दुरुपयोग किया तो होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना हो या नकल विरोधी कानून यह सब देश-दुनिया में नजीर पेश हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लव जिहाद, धर्मांतरण, लैंड जिहाद, थूक जिहाद नहीं चलेगा।

ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भूमि कानून बना रहे हैं। इससे निवेशकों को दिक्कत नहीं होगी। लेकिन लैंड जिस उद्देश्य से जमीन ली है यदि उसमें उपयोग नहीं हुआ तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। रविवार को मुख्यमंत्री धामी किच्छा के इंद्रा गांधी खेल मैदान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून मजबूरी में लाना पड़ा। कारण गरीब बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा था। भर्ती प्रक्रिया में उन लोगों को सफलता मिल रही थी जो नकल माफिया से मिले हुए थे। हमने संकल्प लेकर एक्ट बनाया इसमें उम्र कैद तक का प्रावधान है। नकल माफिया की संपत्ति भी जब्त होगी।

इस मामले में 100 से अधिक को जेल भेज चुके हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिकता संहिता से उत्तराखंड को गौरव प्राप्त हुआ है। इसे लागू करने वाला उत्तराखंड आजादी के बाद पहला राज्य बन जाएगा। एक्ट के लागू होने से किसी को भी कोई परेशानी नहीं होगी।

## कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आवास से लाखों के जेवरात चोरी

**पंतनगर :** कलेक्ट्रेट परिसर के आवास संख्या पी-18 निवासी अरविंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार से उनके घर में दो लोग रंगाई-पुताई का कार्य कर रहे हैं। रविवार शाम जब उन्होंने और उनकी पत्नी ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात चेक किए तो घर में जेवरात का डिब्बा नहीं मिला। उन्हें शक है कि घर में रंगाई-पुताई का काम कर रहे मजदूरों ने घर में रखे जेवरात चोरी कर लिए हैं। जिसकी कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। एसएचओ पंतनगर सुंदरम शर्मा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जाफरपुर में तड़तड़ाई गोलियां, छह घायल

संवाददाता, रुद्रपुर/दिनेशपुर

▸▸ रंजिश को लेकर चली थी गोलियां, मौके से बरामद हुए खोखे, मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** थाना दिनेशपुर इलाके के जाफरपुर इलाके में सुलाहनामा की आड़ में दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी की वारदात होने का मामला सामने आया है। गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए हैं, जबकि चार की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया और दो घायलों को रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना मिलने पर दिनेशपुर पुलिस ने मौके से कई खाली खोखे बरामद किए। पुलिस ने एक पक्षीय तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वारदात की तफ्तीश शुरू कर दी है। बताते चलें कि शनिवार की देर रात नेता नगर दिनेशपुर निवासी मनमोहन सिंह अपने दोस्त पुष्पराज, सतेंद्र, गुरप्रीत, गुरदीप, बलराम उर्फ गोलू की थार व वेन्यू कार से जाफरपुर मोड़ पहुंचे और मंदिरा की दुकान के सामने खाली प्लाट पर खाने-पीने लगे। तभी रखवीर निवासी ईसरपुर नानकपुरी टांडा बहेड़ी, साहब सिंह उर्फ साबी निवासी गज्जीपुर मिलक खानम स्वार रामपुर, कांवल सिंह, जशन दीप सिंह निवासी अलसिया भोज बहेड़ी, जितेंद्र सिंह निवासी छिनकी किच्छा, करण सिंह निवासी चुबकिया बहेड़ी चार-पांच गाड़ियों में साथियों के साथ आए।

इस दौरान उन्होंने अभद्रता करते हुए जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें बलराम उर्फ गोलू, गुरदीप सिंह उर्फ लाडी, पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस, सतेंद्र सिंह गोली लगने के बाद जमीन पर गिर गए। वहीं दूसरे पक्ष रखबीर सिंह व साहब सिंह भी घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं गोलीकांड की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दिनेशपुर नंदन सिंह रावत भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौके से कई खोखे भी बरामद किए। पुलिस ने एक पक्षीय मनमोहन सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

# परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य बदलाव लाना

## पीएम गतिशक्ति : प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित होने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने को 13 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। पीएम गतिशक्ति सात इंजनों - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।



- इसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग हवाईअड्डे, परिवहन आदि
- 13 अक्टूबर 2021 को नेशनल मास्टर प्लान हुआ था शुरू

मोदी ने एक्स पर कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की।

### योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल



गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हड़ताली लोगों को हिरासत में लेना लोकतंत्र पर धब्बा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। सोनम वांगचुक ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों को हिरासत में लिए जाने की घटना को लोकतंत्र पर धब्बा बताया है।



- छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 लोगों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा कि हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।

# एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से अधिक मूल्यवान क्यों : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- अग्निपथ योजना पर फिर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से पूछे सवाल दो अग्निवीरों की मौत पर सरकार को घेरा

महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है। उन्होंने पूछा कि अग्निवीर के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे? उन्होंने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

गांधी ने कहा कि नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? उन्होंने पूछा कि अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय और जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? आइए इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

## एक नजर

### आबकारी घोटालाः व्यवसायी की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत पर सुनवाई करेगा। वाद सूची के अनुसार न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई किये जाने की संभावना है।

### हेलीकॉप्टर क्रैशः 40 दिन बाद अरब सागर में मिला शव

**धर्मशाला।** गुजरात के पोरबंदर में देश सेवा के दौरान शहीद हुए हिमाचल के कांगड़ा के पायलट राकेश राणा का शव 40 दिन बाद बरामद हो गया है। राकेश (38) अरब सागर में लापता हो गए थे। राणा, कांगड़ा के चढियार क्षेत्र के बरवाल खड्ड गांव के निवासी थे। उनका हेलीकॉप्टर दो सितंबर को गुजरात में भारी बारिश के बीच राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### गुजरात के उप-जेल में कैदी ने आत्महत्या की

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर उप-जेल में 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार सुबह को हुई है। हिम्मतनगर जिला कारागार के अधीक्षक जेजी चावड़ा ने बताया कि विपुल मथासूलिया ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली है।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की कर दी हत्या

अगरतला, एजेंसी

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

पश्चिम त्रिपुरा में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी एक साल से पत्नी से अलग रह रहा था। इसने बताया कि सिपाहीजाला जिले के मधुपुर निवासी 51 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो बेटों के साथ मधुपुर में रह रहा था जबकि उसकी पत्नी डेढ़ साल से पश्चिमी त्रिपुरा जिले के नेताजीनगर में मां के साथ थी। आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया हुआ था। एसपी किरण कुमार ने बताया कि रविवार को उसकी पत्नी ने दुर्गा पूजा के दौरान अपने दो पुरुष मित्रों के साथ खींची तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं, जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

## 4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले से रविवार को 4.5 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले करीमगंज के एसपी पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि सूचना के बाद मिजोरम से आ रहे एक वाहन को चेवली बील क्षेत्र में रोका गया। गहन तलाशी के बाद वाहन से 548.82 ग्राम (48 साबुन के डिब्बे) हेरोइन बरामद हुई। हमने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था।

## राव इंद्रजीत सिंह ने बगावत की खबरों को किया खारिज

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके बगावत करने की खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

- केंद्रीय मंत्री बोले- वह भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं

सिंह ने एक्स पर कहा कि कुछ चैनल पर निराधार खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमें मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, निराधार है। मैं और मेरे सभी साथी विधायक भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो कांग्रेस द्वारा जीती गईं सीट से 11 अधिक है। वहीं, जजपा और आप जैसे दलों का सफाया हो गया और इनेलो को सिर्फ दो सीट मिलीं।

# जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में उमर ले सकते हैं सलाह : केजरीवाल

डोडा (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



- बोले- दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में समस्या आती है तो उमर उनसे सलाह ले सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं। अब भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम, जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है। केजरीवाल आप के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर में सदस्य चुने जाने पर डोडा में थे।

## महाराष्ट्र की जनता परिवर्तन को लेकर उत्सुक : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव को उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा कि हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा।

- पवार ने कहा- हम वर्तमान सरकार से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं

## असम में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

**गुवाहाटी।** असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 105 किमी उत्तर और असम-अरुणाचल सीमा के पास तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों में भूकंप के झटके लगे।

# 77 चिकित्सकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**आरजी कर मामला**

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में कल्याणी जेएनएम हॉस्पिटल के 75 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी और मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। वहीं मांगों को लेकर चिकित्सकों का अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है।

अस्पताल के 77 चिकित्सकों ने 14 अक्टूबर से काम बंद करने के फैसले के बारे में बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पंजीयक को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान मनः स्थिति में काम करने में असमर्थता की वजह बतायी है। चिकित्सकों ने कहा कि वे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताते हैं, जिनकी सेहत बिगड़ रही है।

### मुख्य सचिव ने प्रदर्शन वापस लेने का किया आग्रह

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने रविवार को चिकित्सकों के संयुक्त मंच (जेपीडी) को 15 अक्टूबर का प्रस्तावित प्रदर्शन वापस लेने के लिए पत्र लिखा, जिसमें कहा गया है कि इसी दिन राज्य सरकार का पूजो कार्निवल आयोजित होना है। अपने ईमेल में पंत ने जेपीडी से जूनियर डॉक्टरों को उनके स्वास्थ्य और भलाई के हित में अनशन खत्म करने की सलाह देने का भी आग्रह किया।

### बुद्धिजीवियों का ममता से डॉक्टरों की मांगों को मानने का आग्रह

कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से डॉक्टरों की मांगों को मानने और गतिरोध समाप्त करने को कदम उठाने का आग्रह किया। डॉक्टरों से प्रतिनिधियों की पहल पर भरोसा और अनशन वापस लेने का भी अनुरोध किया है। फिल्मकार अपर्णा सेन, अभिनेता ऋद्धि सेन, रंगकर्मी व अभिनेता कौशिक सेन, फिल्मकार श्रीजीत मुखर्जी, कमलेश्वर मुखर्जी, सामाजिक कार्यकर्ता बोलन गंगोपाध्याय और अन्य सहित तीस हस्तियों ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा है।

## डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उसके द्वारा वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी किए हैं। आप ने रविवार को कहा कि सरकार ने 2024-25 के लिए कॉलेजों के वास्ते लगभग 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। 100 करोड़ रुपये का कोष तीसरी तिमाही के लिए है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा हमेशा आप सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद से हर साल बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा को समर्पित किया गया है।



## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,950 |
| सोना रवा | 77,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,100 |
| चांदी (999) | 93,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर होगी बाजार की नजर

## निवेशक सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों पर भी करेंगे विचार

- वैश्विक स्तर पर तनावों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों पर होगा मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण बीते सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद के सत्रों में नुकसान को सीमित करने में मदद मिली।

### विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियां और ब्याज दर को लेकर स्थिति जैसे वैश्विक कारक भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### देश की 10 में से सात प्रमुख कंपनियों की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर इसका असर दिखा। आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ कम होकर 15,01,723.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 21,351.71 करोड़ घटकर 18,55,366.53 करोड़, आईटीसी 18,761.4 करोड़ घटकर 6,10,933.66 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. 16,047.71 करोड़ घटकर 6,53,315.60 करोड़, एलआईसी 13,946.62 करोड़ घटकर 6,00,179.03 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 11,363.35 करोड़ घटकर 8,61,696.24 करोड़, एचडीएफसी बैंक 4,998.16 करोड़ घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ बढ़कर 9,60,435.16 करोड़, इन्फोसिस 6,913.33 करोड़ बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

- टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

# एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके

एनएफओ, यानी न्यू फंड ऑफर, एक नई म्यूचुअल फंड स्कीम है, जिसे म्यूचुअल फंड कंपनियां सीमित अवधि के लिए प्रस्तुत करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों से धन जुटाना होता है, जिसका उपयोग विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे कि स्टॉक्स और बांड्स में किया जाता है। एनएफओ में निवेश करने से निवेशक उच्च संभावित रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही मार्केट रिस्क और फंड मैनेजर की निर्णय क्षमता पर निर्भरता जैसे जोखिम भी जुड़े हुए होते हैं। इस लेख में हम एनएफओ के लाभ और जोखिमों पर विस्तृत से चर्चा करेंगे....



### एनएफओ का म्यूचुअल फंड से संबंध

- **नई स्कीम :** एनएफओ नई म्यूचुअल फंड स्कीम है। यह तब शुरू होती है जब म्यूचुअल फंड कंपनी पोर्टफोलियो में नए एसेट्स जोड़ना चाहती है।
- **इक्विटी और डेट फंड्स :** इसमें निवेश का तरीका इस पर निर्भर करता है कि यह इक्विटी, डेट या हाइब्रिड फंड है।
- **प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ के दौरान, निवेशक एक निश्चित अवधि (आमतौर पर कुछ सप्ताह) के लिए फंड में निवेश कर सकते हैं।

### लाभ का सुनहरा अवसर

- **उच्च संभावित रिटर्न :** यदि फंड अच्छी कंपनियों में निवेश करता है, तो यह दीर्घकालिक में उच्च रिटर्न दे सकता है। खासकर इक्विटी फंड्स में।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** एनएफओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों या एसेट्स में निवेश कर सकते हैं, जिससे पोर्टफोलियो का रिस्क कम होता है।
- **कम प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ में न्यूनतम निवेश की आवश्यकता कम होती है, जिससे नए निवेशकों के लिए प्रवेश करना आसान होता है।
- **प्रोफेशनल मैनेजमेंट :** म्यूचुअल फंड में पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा फंड का प्रबंधन किया जाता है, जो निवेश के निर्णय लेते हैं।

### जोखिम को लेकर रहे सचेत

- **मार्केट रिस्क :** निवेश के समय, यदि बाजार में गिरावट है तो आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। मार्केट की अस्थिरता महत्वपूर्ण जोखिम है।
- **फंड मैनेजर पर निर्भरता :** फंड का प्रदर्शन काफी हद तक फंड मैनेजर के निर्णय पर निर्भर होता है। गलत निर्णय से नुकसान हो सकता है।
- **परिवर्तनशीलता :** एनएफओ में विभिन्न प्रकार के एसेट्स हो सकते हैं, जिससे उनका मूल्य उतार-चढ़ाव कर सकता है।

# कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान 0.6 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6% की गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

सितंबर में सरकार को भुगतान किये शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1% घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।



- सालाना आधार पर की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा

## कॉल सेंटर के बिना काम कर रही फ्लाई91, डिजिटल पर जोर

**नई दिल्ली।** सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की।

फ्लाई91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा कि हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है।

# सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स का खिताब

शंघाई, एजेंसी



• शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराया

ट्रॉफी के साथ यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाये जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं। वहां महिलाओं के वुहान ओपन फाइनल में दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेका का सामना सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब हासिल करने का प्रयास कर रही हैं जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रही कोको गॉफ को 1-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर जबकि पेरिस ओलंपिक की चैंपियन किनवेन ने 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# इमर्जिंग टीम एशिया कप में तिलक वर्मा करेंगे इंडिया ए की अगुवाई

मुंबई, एजेंसी

• 18 से शुरु होगा पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओमान में होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी हैं। 18 अक्टूबर से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे।

अब तक भारत के लिए चार एकदिवसीय और 16 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक के अलावा टीम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी टीम में जगह दी गई हैं। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वालो खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और यूएई भी शामिल हैं। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। पांच संस्करण एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में भारत को फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

# शाहबाज-मुकेश ने यूपी को सस्ते में समेटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्रॉफी -तीसरा दिन**



अर्धशतक लगाकर बल्ला उठाए पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज सुदीप।

अमृत विचार : मुकेश कुमार व शाहबाज अहमद की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पश्चिम बंगाल ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया और पूरी पारी 293 रन पर समाप्त कर दी। पश्चिम बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोकर 141 रन बना लिये। इसके साथ ही अब उसकी कुल बढ़त को 160 रन पहुंच गई है। मुकेश व शाहबाज ने 4-4 विकेट लिए।

इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ने आज तीन विकेट पर 198 रन से आगे का खेल शुरू किया। कप्तान आर्यन जुयाल महज दो रन और जोड़कर मुकेश कुमार की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। पांचवा विकेट 207 रन के योग पर गिरा। लखनऊ के अनुभवी बल्लेबाज अक्शदीप नाथ बिना खाता खोले ही लौट गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने एक छोर तो संभाल लिया लेकिन दूसरे छोर से विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। 292 रनों के योग पर यूपी टीम सिमट गई।

सिद्धार्थ यादव ने 127 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। बंगाल की ओर से मुकेश ने 43 और शाहबाज ने 96 रन देकर 4-4 विकेट लिए। दूसरी पारी में पश्चिम बंगाल के लिए सुदीप चटर्जी और अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार शुरुआत की। खेल खत्म होने तक 36 ओवर के खेल में बिना विकेट खोए दोनों ने 141 रन बना लिए थे। अभिमन्यु 107 गेंदों पर 78 रन बना चुके हैं। वहीं सुदीप चटर्जी 109 गेंदों 59 रन बनाकर विकेट पर बने हुए हैं।

## खेल डायरी

### अदिति शंघाई टूर्नामेंट में संयुक्त 55वें स्थान पर

**शंघाई।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ रविवार को यहां एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नमेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। एलपीजीए पर यह यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी लेकिन चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। ये दोनों 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ यिन से छह शॉट पीछे रहीं।

### शुभंकर फ्रांस में कट में जगह बनाने से चूके

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण फ्रांस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर ने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने 75 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट में जगह बनाने से नाकाम रहे। यह टूर्नामेंट ले गोल्फ नेशनल में खेला जा रहा है जहां दो महीने पहले इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलंपिक में भाग लिया था। पहले दौर में चार बर्डी और पांच बोगी करने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की और इस तरह बड़े अंतर से कट में जगह नहीं बना पाए। कट एक अंडर पर गया। इस बीच स्वीडन के जेस्पर स्वेन्सन ने अंतिम दौर से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बढ़ा दिया।

### युवराज 13वें स्थान के साथ मकाऊ ओपन में शीर्ष भारतीय

**मकाऊ।** युवराज संधू रविवार को यहां 10 लाख डॉलर इनामी एसजेएल मकाऊ ओपन में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चंडीगढ़ के युवराज ने पहले दो दौर में 71 और 67 का स्कोर बनाने के बाद अंतिम दो दौर में 64 और 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 270 रहा। अंतिम दौर में संधू ने तीन बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर दो अंडर रहा। अन्य भारतीयों में अजितेष संधू (71-67-70-66) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 29वें जबकि सपतक तलवार (70-68-72-68) और खलिन जोशी (68-72-70-68) दोनों दो अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया (69-68-69-74) ने के स्कोर से संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के रतानोन वानारिचन ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल 20 अंडर के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन यह पहला अवसर है जबकि भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गईं थी लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था। पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 रन से हराया

## महिला टी-20 विश्वकप : हार नहीं टाल सका हरमनप्रीत का अर्धशतक

शारजाह, एजेंसी



जीत के बाद जश्न मनातीं ऑस्ट्रेलिया की टीम। ● एजेंसी

ग्रेस हैरिस (40), कप्तान तालिया मैक्ग्रा (32) और एलिस पेरी (32) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के आखिरी ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के 18वें मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा। सोफी मोलिन्यू को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 151 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में शेफाली वर्मा (20) का विकेट गवां दिया। शेफाली को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद छठें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने स्मृति मंधाना (छह) को पगबाधा आउट किया। दीप्ति शर्मा ने 25 गेंदों में 29 रनों की जूझारू पारी खेली। ऋचा घोष (एक) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर की ने 47 गेंदों में (नाबाद 54) की अर्द्धशतकीय पारी खेली। आखिरी ओवर में यह अलाम था कि हरमनप्रीत कौर एक छोड़ पर खड़ी रह गयी और विकेट गिरते गये। भारत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सका और नौ रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने दो- दो विकेट लिये। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में 17 के स्कोर पर रेणुका सिंह ने एक के बाद एक दो विकेट झटके। बेथ मूनी (2) और जॉर्जिया वेयरहम (शून्य) पर आउट हुई। इसके बाद कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ग्रेस हैरिस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 62 रन जोड़े। दीप्ति ने ऐलिस पेरी (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (6) वस्त्रकर का शिकार बनी। ग्रेस हैरिस 40 को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) और सोफी मोलिन्यू (शून्य) पर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये। भारत की ओर से रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्रकर और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया महिला : 151/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ग्रेस हैरिस का मंधाना बो दीप्ति | 40 | 41 | 5/0 |
| बेथ मूनी का राधा बो रेणुका | 2 | 7 | 0/0 |
| जॉर्जिया वारेहैम पगबाधा बो रेणुका | 0 | 1 | 0/0 |
| तहलिया मैकग्रा स्ट ऋचा बो राधा | 32 | 26 | 4/0 |
| एलिसे पैरी का सब बो दीप्ति | 32 | 23 | 2/1 |
| एशले गार्डनर का राधा बो पूजा | 6 | 6 | 1/0 |
| फोबे लिचफील्ड नाबाद | 15 | 9 | 1/1 |
| अनाबेल सदरलैंड बो श्रेयंका | 10 | 6 | 2/0 |
| सोफी मोलिनू रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| मेगान शट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-24-2, श्रेयंका पाटिल 4-0-32-1, पूजा वस्त्राकर 3-0-22-1, अरूंधति रेड्डी 3-0-24-0, दीप्ति शर्मा 4-0-28-2, राधा यादव 2-0-14-1

**भारत महिला : 142/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली कैच सदरलैंड बोल्ड गार्डनर | 20 | 13 | 2/1 |
| स्मृति मंधाना पगबाधा मोलिन्यू | 6 | 12 | 0/0 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स कैच गार्डनर बोल्ड शूट | 16 | 12 | 3/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 54 | 47 | 6/0 |
| दीप्ति शर्मा कैच वेयरहम बोल्ड मोलिन्यू | 29 | 25 | 3/0 |
| ऋचा घोष रन आउट (लिचफील्ड) | 1 | 3 | 0/0 |
| पूजा वस्त्रकर बोल्ड सदरलैंड | 9 | 6 | 1/0 |
| अरुंधति रेड्डी रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| श्रेयंका पाटिल रन आउट (मूनी) | 0 | 0 | 0/0 |
| राधा यादव पगबाधा सदरलैंड | 0 | 1 | 0/0 |
| रेणुका सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : मेगन शूट 4-0-25-1, एश्ली गार्डनर 4-0-32-1, सदरलैंड 4-0-22-2, सोफी मोलिन्यू 4-0-32-2, वेयरहम 3-0-22-0, डार्सी ब्राउन 1-0-8-0

# टेक्सास में युवाओं को गुर क्रिकेट के सिखाएंगे सचिन

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी



भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है।

तेंदुलकर ने रविवार सुबह होने वाले कार्यक्रम से पहले कहा क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है। एनसीएल से कई दिग्गज क्रिकेटर जुड़े रहे हैं जिनमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचर्ड्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का समर्थन हासिल है।

# सूरमा हॉकी क्लब ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी



• हॉकी इंडिया लीग के हुई नीलामी टूर्नामेंट में उतरेंगी आठ फ्रेंचाइजी

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने इस स्टार ड्रैग फ्लिकर को 78 लाख रुपये में खरीदा। सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों की सेवाएं हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च की।

अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपये खर्च किए। अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपये की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। विदेशी गोलकीपर में आयरलैंड के डेविड हार्टे सबसे अधिक राशि में बिके। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा। जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग (हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये), नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये) और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश (सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपये में) पर भी टीमों ने मोटी रकम खर्च की। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपये और 15 लाख रुपये में खरीदा।

# महिला अंतर-विभागीय हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से

**नई दिल्ली।** चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जो 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 20 को, जबकि फाइनल और तीसरे-चौथे स्थान के मैच 21 को खेले जाएंगे। पूल ए में गत चैंपियन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स जबकि पूल बी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी - हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल सी में भारतीय खेल प्राधिकरण, यूको बैंक महिला हॉकी अकादमी और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जबकि पूल डी में सशस्त्र सीमा बल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड शामिल हैं।

# जयवर्धने फिर बने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच

**मुंबई।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था।

जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे। मुंबई इंडियंस ने 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया लेकिन इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा हमेशा विकास करने की रही है। 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक ग्रुप बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## बॉलीवुड हलचल

# परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा हेगड़े



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े श्रीलंका में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाएंगी। पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, पूजा अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका जा रही हैं। मुंबई में अपने परिवार के साथ दशहरा मनाने के बाद पूजा हेगड़े अपना जन्मदिन मनाने के लिए श्रीलंका जा रही हैं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है। वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आएंगी।

## वरूण-जैकी की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर बेबी जॉन में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जैकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। जैकी श्रॉफ के किरदार का नाम बब्बर शेर है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है। टीजर में जैकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है। वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है। वरूण धवन ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म बेबी जॉनका निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। बेबी जॉन को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है। बेबी जॉन 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने पहले वीकेंड पर कमाए 81 करोड़ रुपये

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

# रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

बार्सिलोना, एजेंसी




यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप 4 फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए संघर्ष करते स्पेन के लैमिन यामल, दाएं और डेनमार्क के विक्टर क्रिस्टियनसेन। ● एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतर्राष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। डेनमार्क दूसरे स्थान पर है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# साईबाबा का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करेंगे परिजन

हैदराबाद, एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा के परिजनों ने रविवार को बताया कि साईबाबा की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जाएगा। पार्थिव शरीर 14 अक्टूबर को गांधी मेडिकल कॉलेज को सौंपा जाएगा।

माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में सात महीने पहले बरी किए गए साईबाबा का ऑपरेशन के बाद की समस्याओं के कारण शनिवार को सरकारी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 58 वर्ष



के थे। परिवार ने बताया कि निम्स के शवगृह में रखे गए साईबाबा के पार्थिव शरीर को 14 अक्टूबर को गन पार्क ले जाया जाएगा और वहां से उनके भाई के आवास पर ले जाया जाएगा तथा सार्वजनिक रूप से श्रद्धांजलि देने के लिए रखा जाएगा।

### जेल में अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के चलते हुई मौत

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड (एनपीआरडी) ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ गईं जो उनकी मृत्यु का कारण बनीं। एनजीओ ने साईबाबा के कारावास के दौरान सामने आई चुनौतियों और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया।

# गुजरात में पांच हजार करोड़ मूल्य की 518 किलो कोकीन बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एक पखवाड़े में 13,000 करोड़ मूल्य की कोकीन और 40 किलो मारिजुआना हुई है जब्त**

गुजरात के अंकलेश्वर में दिल्ली और गुजरात पुलिस ने रविवार को संयुक्त अभियान में पांच हजार करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की। साथ ही दिल्ली और गुजरात में एक पखवाड़े के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13,000 करोड़ रुपये मूल्य की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना जब्त की गई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और गुजरात पुलिस ने रविवार को अंकलेश्वर में एक दवा कंपनी में तलाशी के दौरान 518 किलोग्राम कोकीन बरामद करने का दावा किया। जब्त कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। विशेष प्रकोष्ठ ने एक अक्टूबर को दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम पर छापा मारकर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की दुकान से 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई थी। पुलिस को पता चला कि यह मादक पदार्थ एक कंपनी का था, जिसने इसे अंकलेश्वर की दवा कंपनी से प्राप्त किया था।

## तकनीक से कदमताल



रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र के दौरे के दौरान तकनीक को करीब से जानने और समझने की कोशिश में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## एक नजर

### मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगी गिरफ्तार

**शिमला।** अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में आशीष (33), सिकंदर ठाकुर (24), कुलवंत (42) और नारेह कुमार (36) है। सभी आरोपी शिमला जिले के रोहड़ू के निवासी हैं। शिमला एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि ये आरोपी महात्मा के मादक पदार्थ गिरोह में सक्रिय रूप से लिप्त थे। पुलिस के मुताबिक महात्मा को इस साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था और उसके 40 से अधिक सहयोगी हैं। पुलिस के मुताबिक वह साथियों के साथ मिलकर पांच-छह सालों से सेब के कारोबार की आड़ में मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहा था और इसके तार दिल्ली में नाइजीरियाई मादक पदार्थ गिरोह और हरियाणा के दूसरे गिरोहों के साथ जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका में विवि के पास गोलीबारी से एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एबीसी न्यूज ने पुलिस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। पहले बताया गया था कि गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन पीड़ितों या शूटरों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार, यह संभवतः एक गोलीबारी थी, जिसमें कई पीड़ित शामिल थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### जम्मू में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू में रविवार को मादक पदार्थों के तीन कथित तस्करों को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस ने उन्हें मीरां साहिब के निकट वाहन जांच के दौरान रोका। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### चटगांव बंदरगाह के पास जहाज में लगी आग

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर विस्फोट के बाद रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहे हल्के जहाज में आग लग गई। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार कुतुबदिया उपजिला के कार्यवाहक निर्बाही अधिकारी (उप-विभागीय कार्यकारी अधिकारी) मुहम्मद शहादत हुसैन ने कुतुबदिया प्वाइंट के पास हुई दुर्घटना की पुष्टि की है। हुसैन ने कहा कि बंगलादेश नौसेना और तटरक्षक बल को इस घटना के बारे में सूचना दे दी गयी है। नौसेना जहाज में फंसे चालक दल के सदस्यों के निकासी का काम कर रही थी। आग बुझाने के लिए तटरक्षक बल और चटगांव बंदरगाह की नौकाओं ने भी नौसेना की मदद कर रही हैं।

### 25 अफगानिस्तानी कैदियों को इराक ने किया रिहा

**काबुल।** इराक में कैद कुल 25 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन कैदियों को कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण छह महीने तक इराक में कैद रखा गया था। रिहा होने के बाद वे निमरोज सीमा से होते हुए ईरान के रास्ते अफगानिस्तान लौट आए। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की जेलों से कम से कम 15 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया और वे अफगानिस्तान लौट आए।

# लेबनान पर इजराइली हमला तेज एक सदी पुराना बाजार किया ध्वस्त

## हमले में एक ही परिवार के आठ की लोगों की हुई मौत, छह बच्चे भी शामिल

- **इजराइली सेना बोली- कोशिश करते हैं हमलों में आम नागरिकों को न पहुंचे नुकसान**

दीर अल-बला, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में इजराइल के हमले में एक परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में एक सदी पुराना बाजार नष्ट हो गया। दीर अल-बला स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि गाजा में शनिवार देर रात को नुसरत शरणार्थी शिविर में मकान पर हमला हुआ जिसमें माता-पिता और आठ से 23 साल की उम्र के उनके छह बच्चों की मौत हो गई।

एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाता ने शवों की गिनती की है। हमास के साथ युद्ध को एक साल से अधिक समय होने पर भी इजराइल के हमले जारी हैं और वह गाजा में हर दिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमलों में आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करती है तथा उनकी मौतों के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों से काम करने वाले हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों को दोषी ठहराती है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है और इस महीने की शुरुआत में हुए मिसाइल हमले के प्रतिशोध में उसके ईरान पर हमला करने की आशंका है लेकिन उसने यह नहीं बताया है कि वह कैसे या कब हमला करेगा। ईरान इन दोनों चरमपंथी समूहों का समर्थन करता है और उसने कहा है कि वह इजराइली हमले का जवाब देगा। उत्तरी गाजा में इजराइल के हवाई और जमीनी बल जबालिया पर हमले कर रहे हैं, जहां उसके अनुसार आतंकवादी पुनः संगठित हो गए हैं। इजराइल ने गाजा सिटी समेत उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश दिया है।

### अब तक मारे गए हैं 42 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजराइल की बमबारी और उसके जमीनी आक्रमण में 42,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अधिकतर क्षेत्र बर्बाद हो गया है। इस बीच, इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में तुर्क काल का एक बाजार तबाह हो गया है। इजराइली हवाई हमलों ने रात भर दक्षिण नेबातियेह शहर में तुर्क काल का एक बाजार ध्वस्त कर दिया जिसमें एक से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सिविल डिफेंस ने कहा कि 1910 के बाजार में 12 रिहायशी इमारतों और 40 दुकानों पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है। एक अन्य घटना में लेबनानी रेड क्रॉस ने बताया कि अर्द्ध चिकित्सक दक्षिणी लेबनान में रविवार को इजराइली हवाई हमले में ध्वस्त एक मकान के मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### इजराइल में ड्रोन हमले में 40 घायल

**दीर अल-बला।** इजराइली बचाव सेवा ने कहा कि बिनयामीना शहर में हुए ड्रोन हमले में 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। हमले के लिए चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इजराइली मीडिया ने बताया कि रविवार को लेबनान से दो ड्रोन दागे गए। इजराइली सेना का कहना है कि एक ड्रोन को मार गिराया गया। दो दिन में यह दूसरी बार है जब इजराइल में ड्रोन से हमला किया गया। शनिवार को तेल अवीव के एक उपनगर में एक ड्रोन हमला किया गया, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### थाड तोपखाना, सैनिक भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल को एंटी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) और सैनिक भेजेगा, जबकि ईरान ने वाशिंगटन को अमेरिकी सैन्य बलों को इजराइल से बाहर रखने की चेतावनी दी है। पेंटागन के प्रवक्ता मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर थाड तोपखाने की तैनाती को मंजूरी दी है। राइडर ने कहा कि यह वायु रक्षा प्रणाली अप्रैल और अक्टूबर में इजराइल पर किये गए ईरान के मिसाइल हमलों के बाद, इजराइल की हवाई रक्षा को मजबूत करने में मदद करेगी।

# ब्रिक्स की सैन्य संगठन बनने की कोई योजना नहीं: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिक्स कभी भी सैन्य संगठन नहीं रहा है और न ही बनने की योजना बना रहा है, भले ही इसके विपरीत कोई आरोप क्यों न लगाया गया हो। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है।

- **अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं ब्रिक्स**

ब्रिक्स एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है। द टाइम्स में सितंबर में प्रकाशित लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों (राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध) पर टिकी हुई है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं।

# धान खरीद में देरी पर सड़कें जाम, रेल पटरियों पर धरना

लुधियाना/अमृतसर (पंजाब), एजेंसी

- **पंजाब में 17 स्थानों पर किसानों ने किया रेल रोको प्रदर्शन**



पंजाब के किसानों ने धान की धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी नाकेबंदी का आह्वान किया, वहीं भाकियू (एकता उग्राहां) ने भी तीन घंटे के रेल रोको का आह्वान किया। हालांकि पुलिस ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ दिया।

भाकियू (एकता उग्राहां) के महासचिव सुखदेव सिंह कोकरीकलां ने कहा कि 17 स्थानों पर रेल रोको प्रदर्शन किया। लुधियाना में किसानों ने समराला, कोहरा, खन्ना, रायकोट, दोराहा, पायल और जगराओं सहित कई स्थानों पर सड़क यातायात बाधित किया। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धान की सुचारू खरीद के आश्वासन के बावजूद अनाज मंडियों में समस्याएं हो रही है। होशियारपुर में किसानों ने बिजली घर चौक, एसडीएम चौक और अड्डा भंगाला के पास सड़क यातायात अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारी होशियारपुर-जालंधर रेल खंड पर मंडियाला गांव में रेलवे पटरियों पर बैठ गए। किसानों ने राज्य में धान की खरीद और उठान में देरी का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और उन पर मंडियों में धान की खरीद और उठान शुरू करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

### खरीद शुरू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने खरीद शुरू न होने पर चेतावनी दी कि उनका आंदोलन और तेज हो जाएगा। भाकियू (डी) के महासचिव सतनाम सिंह साहनी ने आरोप लगाया कि मंडियों से धान का उठान धीमा है या नहीं हो रहा है, जिससे खेतों में धान की कटाई में देरी हो रही है और साथ ही गेहूं के फसल की बुवाई की तैयारी में भी देरी हो रही है। अमृतसर में धान धीमी खरीद के विरोध में प्रदर्शनकारी किसान वल्हा रेलवे क्रॉसिंग पर बैठ गए। भारतीय किसान यूनियन के नेता परमिंदर सिंह उग्राहां ने कहा कि किसानों ने अमृतसर-पठानकोट रेल पटरी को अवरुद्ध कर दिया है।

# पाकिस्तान के कुर्रम में हुई झड़पें, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि शनिवार सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई शुरू हुयी।

गोलीबारी से दो कंज अलीजई आदिवासी घायल हो गये। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार घटना के तुरंत बाद यात्रियों और अन्य कारों पर हमले हुए और लड़ाई तेजी से जिले के कई इलाकों तक फैल गई। घायलों को पाराचिनार के जिला अस्पताल लाया गया।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की रिपोर्ट जल्द जारी होने की उम्मीद

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था खजाना, कीमती सामानों की सूची का लिया जायजा**

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की तकनीकी सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द जारी होने की संभावना है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सितंबर में यह कवायद की थी, जिसमें रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ के खजाने का कक्ष) का ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रेडार (जीपीआर) सर्वेक्षण शामिल था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अगले तीन से चार दिनों में जीपीआर सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी अगर कीमती सामान का कोई छिपा हुआ भंडार पाया जाता है, तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अन्यथा, एएसआई रत्न भंडार की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा। रत्न भंडार को 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था, ताकि कीमती सामानों की सूची का जायजा लिया जा सके और रत्न भंडार की मरम्मत की जा सके।

खजाने के आंतरिक और बाहरी कक्षों से आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को मरम्मत कार्य के लिए मंदिर के अंदर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में संग्रहीत किया गया है। हरिचंदन ने कहा कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने और सूची तैयार होने के बाद कीमती सामान को रत्न भंडार में वापस रखा जाएगा।

# मुर्मू का अल्जीरिया में गर्मजोशी से स्वागत

**अल्जीयर्स।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को अल्जीरिया पहुंचीं, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारतीय राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट से साझा की गई पोस्ट में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में अल्जीयर्स, अल्जीरिया पहुंचीं। यह भारत के किसी राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति की अगवानी स्वयं अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन ने की। अल्जीरिया की कैबिनेट के अन्य सदस्य भी इस दौरान मौजूद थे। राष्ट्रपति का गर्मजोशी से औपचारिक स्वागत किया गया।

# विदेशी प्रतिनिधिमंडल पहुंचे पाकिस्तान, बढ़ाई गई सुरक्षा

इस्लामाबाद, एजेंसी

## एससीओ शिखर सम्मेलन

- **भारत का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचा इस्लामाबाद, शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक 15 और 16 अक्टूबर को**

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडलों ने रविवार को पाकिस्तान पहुंचना शुरू कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस्लामाबाद में सेना की तैनाती के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जियो न्यूज ने हवाई अड्डा सूत्रों के हवाले से बताया कि रूस का 76 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और एससीओ के सात प्रतिनिधि पाकिस्तान पहुंचे हैं।

भारत का चार सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान पहुंच गया है। चीन से 15, किर्गिस्तान से चार और ईरान से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी इस्लामाबाद पहुंचा है। एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होगी जिसके लिए अधिकारियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) नासिर अली रिजवी ने कहा कि संघीय राजधानी में होने वाले महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन से पहले एक व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मियों को होटलों और उन स्थानों पर तैनात किया जाएगा जहां विदेशी प्रतिनिधिमंडल ठहरे हुए हैं।



# दक्षिणी मिस्र में ट्रेनों की टक्कर में 20 लोग घायल

**काहिरा।** दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में रविवार तड़के लोकोमोटिव और ट्रेन में हुई टक्कर में 20 लोग घायल हो गये, हालांकि अब तक किसी की मौत नहीं हुई है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मिस्र के रेलवे प्राधिकरण ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब लोकोमोटिव दक्षिणी प्रांत असवान से राजधानी काहिरा की ओर जा रही ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गया, जिससे ट्रेन के दो डिब्बे अलग हो गए। परिवहन मंत्री कामेल अल-वज़ीर ने टक्कर के तकनीकी कारणों का पता लगाने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया है।

## मिलेगी सुविधा

## बुजुर्गों पर केंद्रित अधिक स्वास्थ्य पैकेज एबी-पीएमजेएवाई में जोड़े जाने की संभावना

# छह करोड़ वृद्धों को मिलेगा स्वास्थ्य पैकेज का लाभ

- **एबी-पीएमजेएवाई की कार्यान्वयन एजेंसी एनएचए आवश्यकता का कर रही है आकलन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की ओर से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू करने की तैयारी के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) बुजुर्गों के लिए और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आकलन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विस्तारित योजना इस माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर निर्णय लेने वाली समिति और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। यह योजना वर्तमान में व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कैंसर और हृदयरोग जैसी 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। लाभार्थियों को अस्पताल की सेवाएं, जिनमें दवाएं (अस्पताल से छुट्टी के बाद 15 दिनों की दवाइयां शामिल हैं), डायग्नोस्टिक सुविधाएं (भर्ती से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। सूत्र ने बताया कि अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पतालों में भर्ती भी वर्तमान योजना के अंतर्गत आती हैं। सूत्र ने कहा कि जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए दोबारा आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी दोबारा पूरा करना होगा।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा पहले से ही एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों से संबंधित लोगों को अपने लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा, जिसे उन्हें 70 वर्ष से कम आयु के अन्य परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा। अधिकारियों ने पूर्व में बताया था कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे भी इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

हालांकि, जो लोग पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं, जैसे कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी-पीएमजेएवाई का विकल्प चुन सकते हैं।

### हर वर्ग के वृद्ध होंगे मुफ्त इलाज के लिए पात्र

चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, उच्च-मध्यम वर्ग हो या अमीर हो, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने और विस्तारित योजना के शुरू होने पर एबी-पीएमजेएवाई-सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पात्र होगा। एक सितंबर तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया था, जिसे वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होगा। सूत्रों ने बताया कि यह एक आवेदन आधारित योजना है और लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान ऐप पर पंजीकरण कराना होगा।